20 अप्रैल 2025 | रांची, रविवार | वर्ष-26, अंक- 78, पृष्ठ-12 | वैशाख कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का **तापमान**

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 33.0° | अधिक. 33.8° |
| न्यून. 19.0° | न्यून. 19.5° |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

₹3.00

1. तालियां बजाकर भारतीय वायुसेना के जाबांज पायलटों का **मनोबल बढ़ाया**
2. विमानों ने गति और अनुशासन के साथ आसमान में बनाईं अलग-अलग **आकृतियां**



» **सूर्यकिरण एयरोबैटिक टीम** ने शानदार प्रदर्शन से बांध दिया समां

» रांची में पहली बार हुआ **एयर शो** विमानों ने शानदार करतब दिखाए

## नामकुम के आर्मी ग्राउंड में हुआ भव्य और रोमांचक एयर शो का आयोजन

# वायुसेना का कौशल पराक्रम देख छाती गर्व से हो गई चौड़ी



### पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया स्वागत



रांची जिला प्रशासन ने भारतीय वायुसेना के एयर शो कार्यक्रम में पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गणयमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। इसमें राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकरियों ने भी हिस्सा लिया।

### तिरंगा झंडा लेकर मैदान में पहुंचें : मंत्री

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को एयर शो के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एयर शो का आयोजन रविवार को भी होगा। इसे देखने के लिए सभी लोग आएं, सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा कि एयर फोर्स के जांबाज पायलटों का मनोबल बढ़ाने के लिए सभी लोग रविवार को तिरंगा झंडा लेकर मैदान में पहुंचें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायुसेना के भव्य एयर शो के पहले दिन शनिवार को प्रतिष्ठित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के हॉक जेट विमानों ने शानदार कौशल और करतब का प्रदर्शन किया। लगभग एक लाख की संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे रांचीवासियों ने इस एयर शो को देखा। लोगों ने एयर शो को अपनी आंखो से प्रत्यक्ष देख कर सुखद रोमांच का अनुभव किया।

भारतीय वायुसेना के कौशल, शौर्य और पराक्रम का अद्भुत नजारा देखकर रांचीवासियों की छाती गर्व से चौड़ी हो गई। रांची के लिए यह गर्व का क्षण था कि यहां भव्य एयर शो का आयोजन किया गया। रांची के आसमान में पराक्रम की गूंज से सभी के चेहरे खिल उठे। उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर भारतीय वायुसेना के जाबांज पायलटों का मनोबल बढ़ाया। लोग 'भारत माता की जय' का उद्घोष भी कर रहे थे। वहीं, सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने आसमान में बेहतरीन करतब दिखाए। सूर्य किरण की टीम ने कुशलता और अनुशासन के जरिए बेहतरीन हवाई करतब से दर्शकों का मन मोह लिया। एयर शो कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, एसडीओ उत्कर्ष कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। एयर शो के दौरान सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने आसमान में मनोहर एवं हैरतअंगेज कारनामे से सब को हैरत में डाल दिया। रांची के आसमान में विमान द्वारा तिरंगे को लहराया गया। भारतीय वायुसेना के ये विमान 5 मीटर की दूरी मेंटेन करते हुए एक साथ उड़ान भरते नजर आए। विमानों ने अलग-अलग दिशाओं से अपनी गति और अनुशासन का प्रमाण देते हुए **शेष पेज 11 पर**

## आसमान में पराक्रम की गूंज से सभी के चेहरे खिल उठे



### 1.5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया

एयर शो में बड़ी संख्या में लोग आए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद बड़ी संख्या में वाहनों के एक साथ निकलने से सड़कों पर करीब एक से 1.5 किलोमीटर लंबा जाम भी लग गया। लोगों को पार्किंग से मुख्य सड़क तक मात्र 100 मीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से ज्यादा समय लगा। ट्रैफिक पुलिस और जिला पुलिस के जवान और अधिकारी काफी मशक्कत के बाद जाम हटवाने में सफल रहे।

**आज भी एयर शो :** रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायुसेना के दो दिवसीय एयर शो का आयोजन रविवार (20 अप्रैल) को भी होगा। एयर शो का आयोजन सुबह 09:45 से 10:45 बजे तक होगा। इस एयर शो में प्रवेश नि:शुल्क है। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम रविवार को भी अपनी कुशलता और करतब को प्रस्तुत करेगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी
भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## अपराधियों ने एसबी ट्रेडर्स के मालिक को मारी गोली, गंभीर

- **सरायकेला-खरसावां में कांड्रा-डुमरा मुख्य मार्ग पर दिया गया वारदात को अंजाम**

**नवीन मेल डेस्क**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांड्रा-डुमरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े एसबी ट्रेडर्स के मालिक संजय बर्मन को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल संजय को उठाकर कांड्रा थाना पहुंचाया। पुलिस उन्हें लेकर इलाज के लिए टीएमएच ले गई, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि संजय को दो गोलियां लगी हैं। एक पैर में और एक जांघ में गोली लगी है।

थाना प्रभारी विनोद मुर्मू के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही कुछ बताना संभव है। कांड्रा में दिनदहाड़े इस तरह की घटना से लोगों में भय का माहौल है। इस घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है।

## लातेहार में सिलेंडर बम बरामद

### बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय किया

**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने गारू थाना क्षेत्र के साल्वे जंगल में शनिवार को सर्च अभियान चला कर सिलेंडर बम बरामद किया। यह सफलता एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के बाद मिली है।

बाद में सिलेंडर बम को बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। लातेहार के एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि



नक्सलियों द्वारा साल्वे जंगल में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना के बाद जिला पुलिस और सीआरपीएफ की टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि छापेमारी के दौरान जंगल में एक स्थान पर सिलेंडर बम बरामद हुआ। इसे बम निरोधक दस्ते द्वारा विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया गया।

## सीएम सोरेन प्रतिनिधिमंडल के साथ यूरोप हुए रवाना

- **औद्योगिक व ऊर्जा निवेश संबंधों को मजबूत करने जा रहे स्पेन और स्वीडन**
- **प्रतिनिधिमंडल में विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल**


**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यूरोप (स्पेन और स्वीडन) के दौरे पर नई दिल्ली से रवाना हो गए। यह दौरा 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चलेगा। यह 'हेमंत सोरेन 2.0' सरकार के किसी प्रतिनिधिमंडल का पहला विदेशी दौरा है।

यह प्रतिनिधिमंडल स्पेन की राजधानी मैड्रिड एवं बार्सिलोना तथा स्वीडन के गोथनबर्ग जैसे प्रमुख शहरों का दौरा करेगा। स्पेन एवं स्वीडन में अपने यात्रा के दौरान प्रमुख स्पेनिश औद्योगिक और ऊर्जा समूहों, निवेशकों और सार्वजनिक संस्थानों के साथ बातचीत करेगा।

प्रतिनिधिमंडल में विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव अरवा राजकमल, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव के साथ अन्य विशिष्ट लोग शामिल हैं। यह दौरा इस्पात और धातु, ऊर्जा (पारंपरिक और नवीकरणीय), उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित अपने सबसे गतिशील क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने की झारखंड की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल को यह टीम मैड्रिड में प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। 22 अप्रैल को मैड्रिड में ही माइनिंग और स्टील सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। 23 अप्रैल को बार्सिलोना में स्पेन के कृषि मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता होगी। 25 अप्रैल को स्वीडन के गोथनबर्ग में स्वच्छ ऊर्जा पर काम करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात की जाएगी। स्वीडन में 26 अप्रैल को उद्यमियों के साथ झारखंड सरकार के अधिकारियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग होगी। झारखंड में सौर ऊर्जा निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।




**इंडिया**

## संबंधों की मर्यादाओं को भूलता भारत और तार-तार करता इंडिया



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

सामाजिक मर्यदाओं और संस्कारों से जिस भारत की पहचान बनती है जहां परपुरुष से बचने के लिए पद्मिनियां जौहर करतीं थीं,एक महिला के अपमान से रामायण और महाभारत के ऐतिहासिक युद्ध में लाखों मारे गए और आज भी किसी महिला के अपमान को भारतीय समाज बर्दास्त नहीं कर पाता, उस 'इंडिया' में ऐसी खबरें सोशल मीडिया में उड़ रहीं हैं जो भारत की मर्यादा को ही नहीं पूरे सामाजिक ताने-बाने को उड़ाकर रख देंगी । आगरा में उड़ी रिश्ते की धज्जियां सगे बाप ने बेटी से किया कई बार दुष्कर्म, 7 सालों तक सहती रही बाप की बेरहमी । यूपी में होने वाली सास दामाद के साथ फरार हो गई तो समधन समधी के साथ फरार हो गई । कानून की बात करें तो नए बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) में, सहमति से यौन संबंध बनाना अपराध नहीं है, बशर्ते कि सहमति देने वाले दोनों वयस्क हों और उनकी सहमति स्पष्ट और स्वैच्छिक हो। कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में, जैसे कि नाबालिग के साथ संबंध या जब सहमति धोखे से या जबरदस्ती प्राप्त की जाती है, तो यह बलात्कार माना जाता है। कोर्ट पहले ही इसे मान्यता दे चुकी है जिस कारण ओयो होटल बुकिंग एप में स्पष्ट लिखा है कि उनके होटल में अविवाहित जोड़ों का स्वागत है । देश के अनेक हिस्सों से अमर्यादित यौन संबंधों की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। इसके साथ ही पारिवारिक, नजदीकी और मर्यादित रिश्तों में अमर्यादित यौन संबंधों का चलन भारतीय समाज के लिए चिंताजनक बनता जा रहा है इसे अंग्रेजी में इन्सैस्ट भी कहा जाता है। अंग्रेजी शब्द इन्सैस्ट का अर्थ है-समाज द्वारा निषिद्ध यौन संबंध यानी निकट संबंधियों के बीच आपसी यौन संबंध। इस तरह के यौन संबंधों को दुनिया का कोई भी समाज मान्यता नहीं देता है। अंग्रेजी में यह शब्द प्राचीन लातिनी भाषा से आया है। लातिनी में इन्सैस्ट का मतलब होता है-पाप या अपराध। यह नैतिक दृष्टि से एक जघन्य अपराध माना जाता है।इन्सैस्ट यानी पारिवारिक व्यभिचार का मतलब है कि अपने ही रक्त संबंध में अनैतिक यौन संबंध स्थापित करना। यह एक संवेदनशील और अमर्यादित विषय होने के कारण हमारी नि:संकोच बातचीत का हिस्सा नहीं होता। इससे जुड़ी खबरों में लगातार वृद्धि से सामाजिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा रहे इस मुद्दे




पर मुखरता से बहस देखने में आ रही है। इस विषय पर बात करना और यहां तक लिखना भी असामान्य अनुभव है। भारत में भी इन्सैस्ट आमतौर पर होता है और पर्दे के पीछे ही रहता है।आज भी देश के कई घरों की चारदीवारी में मर्यादित रिश्तों में अमर्यादित यौन संबंधों का बोलबाला है जिसके बारे में जानकारी जल्दी नहीं हो पाती। कई बार तो इसमें पारिवारिक सदस्यों की मौन सहमति भी मौजूद रहती है। इन्सैस्ट की भावना कैसे पनपती है इसके बारे में मनोवैज्ञानिक एक साधारण उदाहरण देते हैं। जैसे किसी घर की स्त्री घर के बच्चे को छोटा समझ कर उसके सामने कपड़े बदल लेती है या पति-पत्नी को संबंध बनाते हुए बालक या बालिका देखे तब उसके अंदर यह भावना घर कर जाती है।उसको यह पता है कि यह गलत है पर खुद की यौनेच्छा पर काबू नहीं कर पाता और यह बात इसके अंदर मानसिक रूप से फंस जाती है। इसके पीछे इंटरनेट पर खुले तौर पर उपलब्ध इन्सैस्ट पोर्न भी बराबर जिम्मेदार है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि बहुत से लोग इसमें इसलिए ज्यादा सम्मिलित रहते हैं क्योंकि इसमें वह अपने साथी से आसानी से मिल सकते हैं और सुविधानुसार यौन संबंध बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच यौन संबंध इसलिए भी गलत होता है क्योंकि वह अक्सर धमकी या पावर का इस्तेमाल करके बनाया जाता है।चाहे इस पावर का इस्तेमाल दिखाई दे या न दे परिवार के सदस्य के बीच यौन संबंध यह उस व्यक्ति के दिमाग पर खराब असर डाल सकता है जिसे इस तरह के यौन एक्शन के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस तरह के यौन संबंध परिवार के ढांचे को खतरे में डाल सकते हैं। अमर्यादित रिश्तों के जन्म लेते ही घर की चारदीवारी में हमारी मां, बहन, बेटियां और नाबालिग असुरक्षित हो जाती हैं।यदि यौन संबंध रखने वाले भागीदारों में से एक नाबालिग या दूसरा वयस्क है, तो इस कारण से बहुत से नाबालिग वर्षों तक परिवार के भीतर यौन शोषण का शिकार होते रहते हैं क्योंकि उनको डर होता है कि बता देने से उनके परिवार के व्यक्ति को जेल हो सकती है और परिवार का नाम खराब होगा। इसके अलावा, परिवार के अन्य लोग उनकी बात पर विश्वास करने से इंकार कर सकते हैं।ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्राजील, डेनमार्क, कनाडा और अमरीका जैसे कई देशों में इसे गैर-कानूनी माना जाता है, लेकिन भारत में इसके लिए स्पष्ट कानून तय नहीं किया गया है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आईपीसी की धारा 497 खत्म करने के कारण अब ऐसे रिश्ते बढ़ रहे हैं जोकि एक बहुत ही खतरनाक सामाजिक प्रवृति है।

# वायुसेना के हैरतअंगेज करतब ने सबका दिल मोहा

## एयर शो का आंखो देखा

- खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में एयर शो का पहला दिन
- कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों ने की शिरकत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में एयर शो के पहले दिन लगभग एक लाख की भीड़ एयर शो देखने के लिए उमड़ी। झारखंड की धरती पर पहली बार एयर शो का आयोजन किया गया था। बहुत लोगों को तो ये भी पता नहीं था कि एयर शो का मतलब क्या होता है। हां इतना जरूर पता था कि आसमान में एक से ज्यादा फाइटर जेट देखने को मिलेगा। फिर क्या था रांचीवासी और आसपास के गांवों के लोग इस कार्यक्रम में भाग लेने को उत्सुकता से पहुंचे। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से शुरू होना था, लेकिन नौ बजे से लोगों का हुजूम लगना शुरू हो गया था। बूढ़े, महिलाएं, युवा, स्कूली बच्चे सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बीच प्रशासन के लोग व्यवस्था को लेकर संजीदगी से काम कर रहे थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री पूरे आयोजन के दौरान एक खुशनुमा और उल्लासित माहौल बनाते नजर आए। सुबह 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो गया था।



## मेडिकल टीम ने स्कूली बच्ची का किया इलाज

कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आगमन साढ़े नौ बजे हुआ। उनका अभिवादन हुआ और मंच से एयर शो शुभारंभ होने की बात कही गई। 9.45 में विमान उड़ने की गूंज सुनाई देने लगी लोग इधर उधर देख ही रहे थे। इसी बीच एक स्कूली छात्रा तेज धूप में चक्कर खाकर गिर पड़ी। मौके पर उपायुक्त के एपीआरओ रियाज के द्वारा मेडिकल टीम को सूचना दी गई। तुरंत सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार जो मेडिकल टीम का नेतृत्व कर रहे थे मौके पर पहुंचे ओर उस स्कूली बच्ची के इलाज में जुट गए और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

## एयर शो देखने आई भीड़ थी उल्लासित

विमान की गूंज से पूरे मैदान परिसर में जुटे लगभग एक लाख की भीड़ आश्चर्य चकित थी। सभी के मन में उत्साह था कि आज वायुसेना का करतब देखने को मिलेगा। तभी वह क्षण आया जब मंच से कहा गया कि एयर शो शुरू हो गई है। सभी आसमान की ओर देखने लगे कि वायुसेना के जांबाज अपने हैरतअंगेज कारनामे में क्या दिखलाते हैं। फिर क्या था मंच से कभी बांये देखने तो कभी दांये देखने, कभी सामने देखने तो कभी पीछे देखने को कहा गया। दर्शक मंच से संबोधन का अनुकरण करते दिखे और उसी ओर से वायुसेना का विमान आता हुआ दिखाई दिया। हैरतअंगेज कारनामे से सभी दर्शक आश्चर्यचकित और भाव विहल हो रहे थे। तालियां बजाकर और हाथ हिलाकर विमान के कॉक पिट में बैठे पायलट का उत्साह बढ़ा रहे थे। सभी सामने के विमान को देख रहे थे कि अचानक पीछे से एक विमान दर्शकों के एकदम उपर से गुजरा।



## एयर शो में बच्चों ने बांधा समां

एअर शो में आए स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। तिरंगा लहराते स्कूली बच्चे भारत माता की जय के नारे से मैदान की खूबसूरती को बढ़ाते नजर आए। वहीं विमान ने भी आसमान में तिरंगा लहराकर देश की आन, बान, शान और वायुसेना के शौर्य और अदम्य साहस का परिचय दिया। विमान के कॉक पिट से पायलट की आवाज भी एयर फोर्स के द्वारा सुनाई गई। सबों ने पहली बार सुना कि हजारों फीट आसमान में उड़ रहे विमान से पायलट की आवाजें कैसी आती है। विमान कभी ए शेप तो कभी वाई शेप कभी वन शेप बनाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। तभी मंच से बताया गया कि झारखंड के लिए एयर फोर्स एक नया शेप बनाने जा रही है जो झारखंड के लिए स्पेशल है। तभी दो विमान हवा में बलखाते-लहराते हुए दिल की आकृति आसमान में बनाया, जिसे देख दर्शकों ने खड़े होकर ताली बजाकर एयर फोर्स का अभिवादन किया। रविवार को भी दूसरे दिन एयर शो उसी समय पर आयोजित है।




## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं ने देखा भारतीय वायु सेना का पराक्रम



**बच्चों ने कहा- एक दिन हम भी बढ़ाएंगे देश का मान**
**एयर शो में सूर्यकिरण टीम ने दिखाए हैरतअंगेज कारनामे**
**आसमान में फाइटर जेट ने लहराया तिरंगा**

**रांची।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं शनिवार को नामकुम को खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में भारतीय वायु सेवा के एयर शो की गवाह बनीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों के लिए एयर शो देखने की व्यवस्था की गई थी। आसमान में सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के हैरतअंगेज कारनामे को देखकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं का जोश हाई दिखा। बच्चों ने कहा कि वो भी एक दिन अपने राज्य और देश का नाम ऊंचा करेंगी। सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम के सदस्यों से मिलते वक्त बच्चे काफी उत्साहित दिखे। टीम के सदस्यों ने भी बच्चों की भरपूर हौसला अफजाई की। बच्चों के सवालों के जवाब भी टीम के सदस्यों के द्वारा दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन और इसमें स्कूली बच्चों की भागीदारी का उद्देश्य उनमें देश सेवा का भाव उत्पन्न करना है, ताकि आगे चलकर वो वायु सेवा में शामिल हो और देश सेवा में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि इस शो से बच्चों को भारतीय वायु सेवा की पराक्रम, कार्य कुशलता और अनुशासन की सीख बच्चों को मिलती है ताकि वो अपने जीवन इसे आत्मसात कर सकें।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने एयर शो के सफल आयोजन के लिए प्रशासन को बधाई दी, कहा

## रांची की जनता को वायु सेना के कौशल और शौर्य को करीब से देखने का मौका मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेज के प्राचार्य सहित प्रशासनिक पदाधिकारी व उपयुक्त को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने रांची की जनता से अपील करते हुए कहा कि रांची में पहली बार आयोजित एयर शो जो एयर फोर्स के द्वारा आयोजित की जा रही है। देश की सेवा के प्रति बच्चे जागरूक हो, अपने जीवन का गोल सेट कर सकें, अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सकें। इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है।

यह शो पूरी तरह निशुल्क है। इस एयर शो में एयर फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ एपी सिंह रविवार को रांची आ रहे हैं।




विदित हो कि 19 व 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे रांची में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की यह टीम विमानों के द्वारा कई रोमांचकारी करतब दिखाएगी।

इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि सेना के जवानों का शौर्य और कौशल को करीब से देखने का यह ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं स्वर्णिम अवसर होगा। इसे ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए वायुसेना अथक परिश्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में सभी रांचीवासी सादर आमंत्रित हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि देश की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के साथ ही आरंभ से उनका यह प्रयास रहा कि रांची और झारखंड की जनता सेना के शौर्य और कौशल को करीब से देख सके, उसे महसूस कर सके और सेना में सेवा देने के लिए युवाओं की उत्सुकता और बढ़ सके। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने पिछले वर्ष सेना को जानो कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन कराया था। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। रांचीवासी वायु सेवा के शौर्य को करीब से देखेंगे। इससे हमारे क्षेत्र के युवाओं का सेना में जाने का उत्साह और दोगुना होगा। रक्षा राज्य मंत्री ने रांचीवासियों से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया है।



## पीवीटीजी परिवार ने देखा भारतीय वायु सेना का एयर शो

**उपायुक्त के निर्देश पर की गई थी पीवीटीजी परिवार के आवागमन की व्यवस्था**

**आसमान पर फाइटर जेट की अद्भुत कारनामे को देखकर रोमांचित दिखा पूरा परिवार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित भारतीय वायु सेना के एयर शो को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। विशिष्ट अतिथियों, पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों, विभिन्न स्कूलों के छात्रों के साथ बुंडू प्रखंड के अमनबुरु गांव से पीवीटीजी परिवार भी आकाश में भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज कारनामे को देखने पहुंचे थे।

उपायुक्तक के निर्देश पर पीवीटीजी परिवार के आवागमन की व्यवस्था की गई थी। सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम द्वारा आसमान पर फाइटर जेट की अद्भुत कारनामे को देखकर पूरा परिवार रोमांचित दिखा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह उनके लिए बेहतरीन अनुभव था, सभी सदस्यों ने एयर शो देखने के लिए की गई व्यवस्था के प्रति जिला प्रशासन का आभार जताया।

## मंत्री का संविधान से ऊपर शरिया मानने में कांग्रेस झामुमो की सहमति : बाबूलाल

### कहीं मुर्शिदाबाद जैसी स्थिति झारखंड में भी न हो जाए



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह भाजपा द्वारा मंत्री हफीजूल हसन की बर्खास्तगी को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री के दिल की बात जुबान पर आ गई। उन्होंने कहा कि मंत्री जी यहीं पर नहीं रुके ।उन्होंने तो खून खराबे की बात भी कर डाली है। मंत्री का ही बयान है जो मीडिया में जोर शोर से वायरल हो रहा जिसमें उन्होंने कहा है कि मुसलमान कब्र में नहीं है,सब्र में है। सड़क पर उतर गया तो खून खराबा होगा। श्री मरांडी ने कहा कि ये उनकी भाषा है जिनकी पार्टी और गठबंधन के नेता पॉकेट में संविधान लेकर घूमते है, संविधान बचाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री के संविधान विरोधी बयान के बाद कांग्रेस और झामुमो की चुप्पी यह बता रही कि इसमें उनकी सहमति है। तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति में यह इंडी गठबंधन अंधा हो चुका है।

## रिम्स निदेशक की बर्खास्तगी भ्रष्टाचार को बढ़ावा : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रिम्स निदेशक के हवाले से आई खबरों से पता चला कि जीबी की बैठक में उनपर हेल्थमैप और मेडाल को अनुचित भुगतान करने का मौखिक दवाब बनाया जा रहा था जबकि एजी की ऑडिट में इसपर आबजेक्शन किया जा चुका है। कहा कि दलित समुदाय से आने वाले इस प्रतिभावान रिम्स निदेशक को अपमानित एवं प्रताड़ित कर बिना कारण पूछे एवं अपना पक्ष रखने का मौका दिए बगैर अकस्मात हटाने की यह बड़ी वजह बनी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी में अगर हिम्मत है तो इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश देकर सच्चाई को सामने आने दें। उन्होंने कहा कि चाहे पथ निर्माण विभाग हो या भवन निर्माण विभाग। ग्रामीण विकास विभाग हो या पेयजल विभाग।



इन जैसे सारे कामकाजी विभागों में कहने के लिए तो ठेके-पट्टे देने एवं भुगतान करने के लिए विभागीय कमेटियां बनी हुई हैं, लेकिन विभागों में ठेकेदारों का चयन, कार्य आवंटन, भुगतान से लेकर कार्य आवंटन के बाद अतिरिक्त काम के नाम पर एकरारनामा की राशि बढ़ाकर बढ़ी हुई राशि का बंदर बॉट कराने का काम सत्ताधारियों की मिलीभगत से विभागीय सचिवों के मौखिक निर्देश एवं दवाब पर ही संचालित एवं नियंत्रित किया जाता रहा है। इससे जो काली कमाई होती है उसका हिस्सा उपर तक जाता है। कहा कि इस गोरखधंधे में पकड़े जाने पर नीचे के पदाधिकारी दंडित हो जाते हैं। जो अधिकारी सचिवों के कहने पर गलत काम करने से आनाकानी करते हैं उन्हें रिम्स निदेशक राजकुमार की तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है।

भ्रष्टाचार मुक्त होगा झारखंड का स्वास्थ्य विभाग

## सरकारी कर्मियों की कोई जाति नहीं होती सिर्फ कर्तव्य होता है : डॉ इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का स्वास्थ्य विभाग अब किसी का चारागाह नहीं रहेगा,और न ही खाद्य आपूर्ति विभाग या आपदा प्रबंधन। अब जो काम करेगा, वो रहेगा जो कामचोर और भ्रष्ट है, वह बाहर जाएगा। ये विभाग अब काम के नाम पर आरामगाह नहीं बनेगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं यूं ही नहीं बदलतीं। कुछ कड़े फैसले लेने पड़ते हैं, और मैं वो फैसले लेने के लिए तैयार हूं। भाजपा ने 18 सालों तक स्वास्थ्य विभाग को ऐसा लूटा जैसे ये कोई खान हो लेकिन उनको बता दूं कि अब खनन बंद हो गया है। अब वक्त है सिस्टम और माफियाओं के इलाज करने की। स्वास्थ्य विभाग में हर यूनिट, हर विंग एक कमिटमेंट होता है जनता के प्रति। यहां कोई भी सुस्ती, ढील या दलाली अब नहीं चलेगी।



जो अफसर काम में टांग अड़ाते हैं, या बाहर से उंगली ाकड़कर किसी को खींचने की कोशिश करते हैं उनसे बस यही कहूंगा कि अबकी बार, सुधर जाइए, नहीं तो पर्दा उठेगा और किरदार सामने आएगा। नेताओं के बीच कुछ ऐसे भी हैं जो हर जगह करप्शन ही सूंघते हैं, जैसे गाड़ी में पेट्रोल की जगह बासी घी डाल दिया हो। अरे भाई, थोड़ा जनता के काम पर भी ध्यान दे लिया कीजिए। उन्होंने कहा कि बात साफ है जब हाथी बाजार से निकलता है तो कुत्तों का भौंकना आम है। लेकिन हाथी रुकता नहीं है, हेमंत सरकार हाथी है और हम झारखंड के लोगों की उम्मीद हैं। और याद रखिए हेमंत है तो हिम्मत है। उन्होंने कहा कि कुछ बुजुर्ग नेता हैं बाबूलाल और सरयू राय जिनका हम सम्मान करते हैं, उनसे भी मैं कहना चाहता हूं, अब एआई का जमाना है, आप लोग अब भी रेडियो की तरह पुराने ख्याल में फंसे हैं।

## अधिकारी हटाए जाते हैं, जातियां नहीं : सोनाल शांति




**रांची।** रिम्स निदेशक को हटाये जाने पर बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया के जवाब में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि इस मामले को जातिगत मसला बनाने की कोशिश ना करें। पद से अधिकारी हटाए जाते हैं जातियां नहीं। उन्होंने कहा क बाबूलाल मरांडी को वर्तमान सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार की गंगोत्री का उद्गम उनके कार्यकाल में ही हुआ था जो डेढ़ दशक से ज्यादा भाजपा के नेतृत्व में चलने वाली सरकार के कार्यकाल में गहरा हो गया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर वार भाजपा के गले नहीं उतर रहा है। सरकार के निर्णय के इतर रिम्स निदेशक के कार्यकलाप थे, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही थी इसे नियंत्रण में रखने हेतु रिम्स निदेशक का हटाना जरूरी था। भाजपा के कार्यकाल में मजबूत की गई भ्रष्टाचार की जड़ों पर महागठबंधन सरकार द्वारा प्रहार किए जाने के कारण भाजपा में बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में ही प्रथम जेपीएससी परीक्षा में घोटाला हुआ जिसका दंश झारखंड का युवा आज भी झेल रहा है । इस आयोग के सभी सदस्य जेल में रहे हैं। बाबूलाल जी जिस नेता को भ्रष्टाचारी कहते हैं उसी भ्रष्टाचारी को भाजपा में शामिल करते हैं। दवा घोटाले के आरोपी भानु प्रताप शाही इसके उदाहरण मात्र है। एक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने अपने कार्यकाल में ही कई सरकारी सुविधाओं से अपने मेडिकल कॉलेज को लाभान्वित किया।

## एशियन गेम्स की सिल्वर गर्ल की शादी में शामिल हुए सुदेश

**रांची।** झारखंड की अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और एशियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट मधुमिता कुमारी ने अपने पारिवारिक जीवन की नई शुरूआत की। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी के विवाह समारोह में शामिल होकर अपनी शुभकामनाएं दीं। मधुमिता कुमारी ने तीरंदाजी में प्रदेश और देश का नाम रौशन किया है। सुदेश महतो ने मधुमिता कुमारी को उनके नए जीवन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राम, शिशिर महतो,आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह एफसीएस रोहित प्रकाश प्रीत, शशि भूषण, मीडिया प्रभारी सोनू अग्रहरी ने भी मधुमिता कुमारी के सुखी जीवन की कामना की। मधुमिता कुमारी बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली की प्रशिक्षु हैं और उनकी उपलब्धियों पर सभी को गर्व है।

## बदहाल है राजधानी की कृषि उत्पादन बाजार समिति

# बाजार समिति के बाहर फुटपाथ पर ग्रामीण महिलाएं बेचती हैं सब्जियां

### समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा : ज्योति



कृषि उत्पादन बाजार समिति में व्यपारियों के द्वारा बताए गए परेशानियों पर एफजेसीसीआई की उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने कहा व्यपारियों को हो रही परेशानियों का निराकरण करने के लिए एफजेसीसीआई कदम उठाएगी। फिर से पत्राचार किया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

### समिति की ओर से नहीं मिलती सुविधाएं: बबलू



10 वर्षों से दुकान संचालन कर रहे बबलू वर्मा ने कहा कि समिति की औेर से कुछ खास सुविधाएं नहीं मिलती है। ना गार्ड है, ना पुलिस की सुरक्षा है, ना ही ढंग के शौचालय हैं और ना ही पीने के पानी की सुविधा है। समिति द्वारा इन मामलों को उठाया जाना चाहिए और विभाग से मांग करना चाहिए।

**काजल मेहता**

**रांची।** राजधानी रांची में सड़क किनारे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को लगातार हटाया जाता है। लेकिन पंडरा स्थि त कृषि उत्पादन बाजार समिति के ठीक बाहर बड़ी संख्या में महिलाएं सब्जी बेचती है। जिस से कभी- कभी जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। इन महिलाओं का कहना है कि जब तक हटाया नहीं जाएगा तब तक नहीं हटेंगे। क्योंकि उन्हें पता है कि यहां सब्जियों की बिक्री अच्छी होती है। हालांकि कृषि उत्पादन बाजार समिति के भीतर सब्जी बेचने के लिए चबूतरे बनाए गए हैं। जहां सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को बाजार लगती है। वहीं, बाजार में बनाए गए चबूतरों के ऊपर शेड भी नहीं लगए गए हैं। खुले आसमान के नीचे बैठ कर महिलाएं सब्जियां बेचती है। इस संबंध में कृषि उत्पादन बाजार समिति के सचिव कृष्ण कन्हैया से पूछा गया कि समिति की स्थापना किन उद्दश्यों के लिए हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों को उचित मूल्य दिलाना बाजार समिति का मुख्य उद्देश्य है।

झारखंड बने 25 वर्ष हो गए। वहीं राजधानी रांची में अभी भी छोटे किसानों के लिए सब्जी बेचने का कोई प्लेटफार्म विकसित नहीं हो पाया। जैसे तैसे धुप, बरसात, ठंड में ग्रामीण और आदिवासी महिलाएं सब्जियां बेचने पर मजबूर हैं। वहीं, बाजार के अंदर भी व्यापारियों को समिति की और से मूल सुविधाएं नहीं मिलती है। इस संबंध में लोगों से बातचीत की गई। जिस पर सभी ने अपने - अपने विचार रखे।



पीने का पानी शौचालय और रोड तक की नहीं है व्यवस्था

## बाजार समिति में फंड की है कमी : मार्केट सचिव



मार्केट सचिव कृष्ण कन्हैया ने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादों को उचित मूल्य दिलाना है। साथ ही समिति दुकान और गोदाम उपलब्ध कराकर नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ऑनलाइन बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराती है। वहीं, कृषि उपज की गुणवत्ता जांच की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के किसान सिर्फ लोकल बाजारों तक ही सीमित हैं। ज्यादा उपज ना होने के कारण यहां के किसान हाटों तक ही सीमित रह जाते हैं।अप्रैल 2015 में व्यवसाईयों से उनकी कमाई का एक प्रतिशत वसूला जाता था जिसपर फिलहाल के दिनों में रोक लग गई। जिससे विकास और अन्य चीजे बाधित हुई है। इस वजह से आर्थिक स्थिति भी खराब हुई है। कहीं से कोई फंड नहीं आता है। दुकानदारों से किराया वसूला जाता है उससे ही काम चलता है। वहीं दुकानदार या व्यापारी समय पर किराया नहीं देते हैं, इससें भी परेशानी होती।बाजार के भीतर लगभग 850 दुकाने हैं, इनमें 30 से 35 दुकाने खाली है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार के भीतर व्यापारी को कोई परेशानी होती है तो वे लिखित रूप में व्यापारी समिति को सौंपते हैं। इसके बाद समिति मार्केट बोर्ड तक पहुंचाता है। सचिव ने कहा कि फिलहाल पिछले कुछ महीनों से समिति में अध्यक्ष का पद खाली है जिस कारण कई तरह की बाधाएं उत्पन्न हो रही है। बाजार का विकास कार्य या बड़ा कोई काम नहीं हो पा रहा है। इंजीनियरिंग सेल भी नहीं है जिससे दुकान या गोदाम से संबंधित कई काम में बाधित हो रहे हैं। इन सभी विषयों पर कई बार कृषि विभाग में लिखा जा चुका है। एग्रीकल्चर विभाग के एमडी से मुलाकात हुई परेशानियों को रखा गया। आश्वाशन दिया गया है।

### कृषि बाजार समिति में है सुविधाओं का आभाव : अजय कुमार जैन



कृषि बाजार समिति में 7 वर्षों से दुकान का संचालना कर रहे अजय कुमार जैन ने कहा कि फिलहाल कृषि उत्पादन समिति का नियम लागू नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल समिति की तरफ से गार्ड, पानी की सुविधा नहीं है। अन्य सुविधाओं का भी घोर आभाव है। शौचालय भी ढंग का नहीं है, सड़क भी जर्जर हालत में है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले समिति थी तो कुछ कुछ सुविधाएं मिलती थी। अजय जैन ने कहा कि यदि समिति के नियम लागू हो तो पूरे देश में हो या फिर ना हो।

### बाजार शुल्क खत्म हुआ, सुविधा नहीं मिल रही : संजय



दुकान संचालक संजय माहुरी ने कहा कि बाजार समिति में किसी तरह की सुविधा नहीं है। पानी की व्यवस्था नहीं है, ना सफाई है, ना शौचालय है। उन्होंने कहा कि सुलभ शौचालय है जहां बाजार के लोगों से शुल्क नहीं वसूले जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाजार के अंदर आते ही सड़क की दशा दिख जाती है। संजय माहुरी ने कहा कि बाजार शुल्क जबसे खत्म किया गया है तबसे कोई सुविधा नहीं है। समिति को सफाई व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए कई बार लिखा गया है लेकिन समिति का कहना है उनके पास फंड नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे बाजार में 13 चापानल हैं लेकिन सभी खराब हैं। यह सभी चापानल 1980 के हैं। जिसे मेन्टेन नहीं किया गया नतीजन आज यह किसी काम के नहीं हैं। वहीं, यहां लाइट की स्थिति भी खराब है। नाली में पानी जमा रहता है गंदगी के कारण ग्राहक भड़क रहे है। फलस्वरूप हमारे ग्राहक दूसरे जगहों पर जा रहे हैं। कोई रामगढ़ जा रहा तो कोई अन्य जगहों पर जा रहे। बाजार समिति अपनी भूमिका जैसी निभानी चाहिए वैसी निभा नहीं रही है।

---

### रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर : जलापूर्ति और सीवरेज पाइप बिछाने का मामला

# एनएचआई की बनी सड़क को तोड़ने की नहीं मिलेगी मंजूरी : संजय सेठ

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची का रातू रोड जो दशकों से विकास की बाट जोह रहा था, इस रोड से गुजरने वाले हर एक नागरिक का सपना था कि रोड जाम से मुक्त हो। इस रोड में कदम रखने का मतलब था कि भयंकर जाम से गुजरना। पिस्का चौक से देवी मंदिर चौक तक पहुंचने में कम से कम एक घंटा लगता था। कुंभकर्णी नींद से जागे जुडको और नगर निगम की कारिस्तानियों को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने उजागर किया। समन्वय की कमी से करोड़ों की सड़क हो जाएगी कबाड़ शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इसके बाद से एक अलग भूचाल आया। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर में अहम भूमिका निभाने वाले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि रातू रोड की नई बनी सड़क को जुडको और नगर निगम के तोड़ने के प्रयास के कारण 25 दिनों तक निर्माण कार्य ठप रहा जिस कारण उद्घाटन में देर हुई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जलापूर्ति और सीवरेज पाइप बिछाने के नाम पर या किसी भी नाम पर रातू रोड के एनएचआई की बनी सड़क को तोड़ने की मंजूरी नहीं मिलेगी।

### वर्षों के संघर्ष और त्याग के बाद जाम से मिलेगी राहत



जाम की विभीषिका की संवेदना को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने समझा और इसके निराकरण के लिए वर्षों अथक प्रयास किया। तब जाकर रातू रोड में फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरु हुआ। तीन साल से बन रहे फ्लाईओवर निर्माण के दौरान रातू रोड के दुकानदारों का व्यापार मंदा रहा। दिन भर प्रेशर हार्न और धूल से जीवन नारकीय रहा। लेकिन कहते हैं कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। जाम से छुटकारा मिले और अच्छी सड़क सबको मिले इस परोपकार के कार्य में सबने सहभागिता दी और खुशी -खुशी सारे गमों को सह गए।



रातू रोड की नई बनी सड़क को खोदकर बिछाई जाएगी पाइपलाइन

समन्वय की कमी से करोड़ों की सड़क हो जाएगी कबाड़

मनोज मिश्रा



### उद्घाटन से कुछ समय पहले रांची नगर निगम और जुडको की खुली कुंभकर्णी निंद

अब जब रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर उद्घाटन होने के करीब है तो अचानक से नगर निगम और जुडको की कुंभकर्णी निद्रा टूटी और नगर निगम को सीवरेज और जुडको को जलापूर्ति पाइप बिछाने की याद आई। आनन फानन में नगर निगम ने तीन महीने पहले सीवरेज बिछाने का प्रपोजल एनएचआई में दिया। नगर निगम का प्रपोजल पास हुआ और उसे सीवरेज के लिए पाइप बिछाने की अनुमति दी गई। मगर जुडको ने क्या घुट्टी पिलाई कि नगर निगम ने सवीरेज का पाइप नहीं बिछाया। एनएचआई के पूछे जाने पर कहा कि जुडको और नगर निगम एक साथ जलापूर्ति और सीवरेज का पाइप बिछाएंगे। इसके लिए दोनों ने एनएचआई को प्रपोजल दिया मगर प्रपोजल दोषपूर्ण था, प्रपोजल स्वीकृत नहीं हुआ तो दोनों ने ठीकरा एनएचआई पर फोड़ा कि उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है जबकि एनएचआई ने कहा कि दोबारा सही प्रपोजल बना कर लाएं। इतना सब होते हुए उद्घाटन का दिन नजदीक आ गया है और पाइप बिछाने के लिए रातू रोड की अच्छी बनी सड़क को तोड़ने की तैयारी नगर निगम और जुडको करने लगी।

---

### डीएवी हेहल में महात्मा हंसराज की जयंती मनी

# महात्मा जी का जीवन आदर्शों का प्रतीक है : एसके मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हेहल डीएवी में डीएवी आंदोलन के संस्थापक पिता महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रातःकालीन सभा एवं हवन का आयोजन किया गया। इस महान विभूति की जयंती पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे एसके मिश्रा ने कहा कि 19 अप्रैल 1864 को पंजाब के होशियारपुर जिले के बजवाड़ा गाँव में अवतरित महात्मा हंसराज का जीवन त्याग, सेवा और आदर्शों का प्रतीक है। आगे चलकर स्वामी दयानंद सरस्वती के व्याख्यानों से प्रभावित होकर आर्य समाज में प्रवेश किया और शिक्षा के माध्यम से समाज सुधार के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर डीएवी शिक्षण संस्थानों की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचार्य ने बताया कि 22 वर्ष की आयु में उन्होंने डीएवी हाई स्कूल लाहौर में प्रधानाचार्य के रूप में अवैतनिक सेवा शुरू की और जब डीएवी कॉलेज लाहौर की स्थापना हुईतो वे इसके मानद प्रिंसिपल बने।

## कानूनी सेवाओं पर डालसा का जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रातू प्रखंड में नालसा की योजना-2024 के तहत मानसिक बीमारी और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर पीएलवी सुनिता देवी, सुजिता देवी व अन्य उपस्थित थे। सुनिता देवी ने कहा कि रिनपास में डालसा के पीएलवी नियुक्त हैं। मानसिक रूप से विक्षिप्त पीड़ित या पीड़िता कार्यरत पीएलवी या जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क कर सकते है। पीएलवी सुनिता देवी ने रेप-गैंगरैप में पीड़ितों को मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। डायन बिसाही पर कहा कि किसी को भी डायन कहना गलत है। डायन कहकर लोगों को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है, इसमें सजा का भी प्रावधान है।

बाल श्रम एक अपराध है। बच्चों को मजदूरी कराने के बजाय उन्हें शिक्षा दें।

---

### आज / कल




## जेईई मेन में डीपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- द्रीप्त दिव्यांश पांडे टॉपर बनकर उभरे
- 18 छात्रों ने 99 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया
- 58 से अधिक छात्रों ने 95 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए
- 74 से अधिक छात्रों ने 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किया है।



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अद्भुत प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस के छात्रों ने एक बार फिर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2025 (फाइनल) में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर द्रीप्त दिव्यांश पांडे टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इस परीक्षा में डीपीएस के 18 छात्रों ने 99 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया। 58 से अधिक छात्रों ने 95 एवं उससे अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए हैं एवं 74 से अधिक छात्र 90 और उससे अधिक परसेंटाइल हासिल किया है। साथ ही, डीपीएस के 200 से ज्यादा छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ आरके झा अत्यंत अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियों के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने जेईई एडवांस में सफलता के लिए छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं।

# श्री श्याम मंदिर में 152 वां श्री श्याम भंडारा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 152 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, अरुण रूपा बथवाल, अनीश श्वेता, आयुष श्रुति बथवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटू नरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। बथवाल परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी , महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया , पवन केडिया, भगवती भुवालका, कमलेश सावा, राहुल अग्रवाल, त्रिवेणी साव, संकेत चौधरी, वेद भूषण जैन, रणधीर जायसवाल, अंकित सिंह, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। मंगलवार को 150 वा सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन होगा।




## एक नजर

### अवैध बालू लदा हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र बोडिया रोड में अवैध बालू लेकर जा रहे हाइवा के चालक को बरियातू पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाइवा के चालक और मालिक दोनों पर केस दर्ज हुआ है। चालक को कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। वहीं, मालिक की तलाश पुलिस कर रही है।

### कांके के दुबलिया में 29 व 30 को मंडा पूजा

**कांके।** प्रखंड क्षेत्र के दुबलिया गांव के शिव मंदिर प्रांगण में 29 और 30 अप्रैल को भव्य मंडा पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके आयोजन को लेकर शनिवार को विमल पाहन एवं लाला पाहन की संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा पूजा पूरे विधि-विधान के साथ भव्य ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। 28 अप्रैल को उतरी, 29 को फूलखूंदी एवं छऊ नृत्य तथा 30 अप्रैल को झूलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में समाजसेवी संदीप उरांव, बीनू करमाली, संतोष करमाली, ग्राम प्रधान सतीश तिग्गा, विक्रम उरांव, सचिन कुजूर, प्रदीप लकड़ा, करमा मुंडा, सुनील उरांव, महादेव उरांव,आदि उपस्थित थे।

### हिंदी साहित्य भारती के संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**रांची।** हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित संस्था हिंदी साहित्य भारती की रांची इकाई की बैठक की अध्यक्ष बलराम पाठक की अध्यक्षता में हुई। जबकि प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विचार-विमर्श तथा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अध्यक्ष बलराम पाठक, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, संजय सर्राफ, सुनीता मिश्रा, संगठन महामंत्री अजय राय, अभय कुमार पांडेय,कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर नाथ मिश्र और प्रेस प्रभारी संजीव दत्ता बने।

### विश्व यकृत दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाइयों द्वारा विश्व यकृत दिवस पर जागरूकता परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य यकृत को स्वस्थ एवं रोगमुक्त रखने के उपायों पर छात्रों को जागरूक करना था। प्रशिक्षु शिक्षकों ने बताया कि अल्कोहल, अधिक नमक, चीनी, मैदा और मांसाहारी मसालेदार भोजन से बचना चाहिए। वहीं हरी सब्जियां, विटामिन-सी, हल्दी का सेवन और समय पर भोजन करना यकृत को स्वस्थ रखने में सहायक है।

# लूट की घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के पॉश इलाके में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 15 अप्रैल को गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित फ्रेश पेटल नाम के दुकान में दिनदहाड़े अपराधियों के द्वारा पिस्तौल दिखाकर दुकान संचालक से 1.50 लाख रुपए लूट लिया गया था। जिसका खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया की लूट की सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में टीम का गठन कर किया गया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों का पता लगाने के लिए गुप्तचर और तकनीकी मदद ली गयी। जांच के दौरान पता चला कि अपराधियों के द्वारा घटना को करने के लिए सिल्वर रंग की आई 10 कार का इस्तेमाल किया गया था जिसे अपराधियों ने घटनास्थल से करीब 300-350 मीटर की दूरी पर खड़ा किया था साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद उसी कार से फरार हो गए। वहीं, कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल मेहुल कुमार को पकड़ कर पूछताछ की गई। जिस दौरान मेहुल ने अपने साथी अमनजय सिंह के साथ घटना को अंजाम देने बात स्वीकार की। मेहुल कुमार के निशानदेही पर लूट की घटना इस्तेमाल किया गया पिस्टल को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से मेहुल कुमार के घर से बरामद किया गया। वहीं, लुटी हुई रकम के बारे में बताया कि उनलोगों ने दुकान से मात्र 11,500 रू की लूट की थी जिसे दोनो ने आधा आधा आपस में बांटकर खाने पीने में खत्म कर दिया। घटना के संबंध में जांच के दौरान दुकान के मालिक के द्वारा 1,50,000 रू की लूट की बात बताई गई थी। घटना में शामिल दोनों अपराधियों को अवैध तरीके से हथियार रखने की जानकारी होने और लूट में इस्तमाल करने के आरोप में मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

#### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लाभुकों के बीच योजनाओं का किया वितरण

## झारखंड की सरकार जाति-धर्म और भाषा के आधार पर योजनाएं नहीं बांटती : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो और इटकी प्रखंड कार्यालय परिसर में लाभुकों के बीच राज्य सरकार की योजनाओं का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में गठबंधन वाली सरकार योजनाओं को जाति- धर्म और भाषा के आधार पर नहीं बांटती , बल्कि जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने और लोगों के आंसू पोछने का काम करती है। सरकार का लक्ष्य गांव घर के लोगों को मजबूत बनाना है। आज उसी उद्देश्य के साथ चाहे प्राकृतिक आपदा की मार झेल चुके लोग हो या सड़क दुर्घटना में अपनों को खोने वालों का परिवार। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दे कर उन्हें मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य की जनता को गठबंधन वाली सरकार की योजनाओं को जानने की जरूरत है । जानकारी के अभाव में लोग सरकार की योजना का लाभ नहीं ले पाते है। कई बार तो गांव के भोले भाले लोग बिचौलियों के चक्कर में फंस कर आर्थिक नुकसान की मार भी झेलते है। आज राज्य की गठबंधन वाली सरकार बच्चों के लिए छात्रवृति योजना से लेकर बुजुर्गों के लिए पेंशन से और महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दे रही है। बस जरूरत है कि योजना की अहर्ता पाने वाले लोगों को आवेदन देने की। राज्य सरकार गांव को सबल और आत्म निर्भर बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। बेड़ों में प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले 170 लोगों को सरकारी मुआवजा दिया गया।

## अपराधियों में कानून और व्यवस्था का भय नहीं : चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में व्यापारियों पर लगातार हो रहे हमले पर झारखंड चैंबर ने प्रशासन पर सवाल खड़ा किए हैं। झारखंड चैंबर के आह्वान पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश के छह प्रमंडलों में प्रेसवार्ता कर राज्य की विधि व्यवस्था पर रोष जताया गया। रांची में हुई बैठक में चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा बोले, जिला पुलिस प्रशासन की तत्परता के बावजूद राज्य में अपराधी सक्रिय हैं। उनमें कानून और प्रशासन का कोई भय नहीं है। सरकार और जिला प्रशासन अपराध नियंत्रण और वारदातों के अनुसंधान की नये सिरे से समीक्षा करे ताकि इन अपराधों पर अंकुश लगे। यदि राज्य सरकार और जिला पुलिस प्रशासन जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेंगे तो राज्य के व्यापारी सड़क पर उतरने को विवश होंगे।

**नए निवेश के लिए पूरी सुरक्षा जरूरी : अखौरी**

कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने पुलिस के सूचना तंत्र और कार्यप्रणाली पर सवाल खडे करते हुए जिला प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपील की। कहा कि वर्तमान परिवेश में व्यापार करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कहा की सरकार पर्याप्त सुरक्षा ही नहीं देगी तो राज्य में नये निवेश तो दूर, पहले से स्थापित उद्योगों को चला पाना भी संभव नहीं होगा।

## न्यूज | बॉक्स

### रांची टीम ने पश्चिम सिंहभूम टीम को 8 विकेट से हराया




**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला (सीनियर)क्रिकेट प्रतियोगिता में चाईबासा में खेले गए फाइनल मैच रांची टीम ने पश्चिम सिंहभूम टीम को 8 विकेट से हराया। आज के फाइनल मैच में रांची टीम को जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य पश्चिम सिंहभूम ने दिया जिसे रांची टीम ने 2 विकेटों के नुकसान पर 192/2 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें प्रिया कुमारी 102 रन नाबाद एवं कुमारी मेघा ने 51रनों का योगदान दिया और 8 विकेट से फाइनल मैच जीत लिया। प्रिया कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। साथ ही आज अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता रांची टीम ने लातेहार में खेले गए क्वाटर फाइनल मैच में लातेहार को हरा कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई सेमीफाइनल मैच 21 अप्रैल को गिरिडीह में पाकुड़ से होगा।

### तेज हवा से क्षतिग्रस्त हुआ जलमीनार का सोलर प्लेट



**पिठौरिया।** थाना क्षेत्र के कोकदोरो तेलंगा बगीचा स्थित जलमीनार का सोलर प्लेट तेज हवा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना चार दिन पूर्व हुई थी, जिसकी सूचना तत्काल ही संबंधित एजेंसी को दे दी गई थी। बावजूद इसके अब तक मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।जलमीनार के जरिए क्षेत्र के कई घरों में पेयजल आपूर्ति होती थी, लेकिन सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त होने के कारण जल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि एजेंसी को बार-बार फोन करने के बावजूद कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जलमीनार की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए, ताकि आम जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

### विक्षिप्त को भाईयों ने छोड़ा अपने हाल पर डालसा बना मददगार



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश और न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में सचिव रवि कुमार भास्कर ने कोतवाली थाना से समन्वय स्थापित कर मानसिक और शारीरिक रूप से विक्षिप्त पीड़िता पिंकी कुमारी को उचित इलाज के लिए रिनपास में भेजा। ज्ञात हो कि इससे पूर्व डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर स्वयं पीड़िता के पैतृक आवास स्थान महावीर चौक, दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के समीप पहुंचे। पीड़िता पिंकी कुमारी के परिवारवालों से मिले। पीड़िता पिंकी कुमारी के मानसिक और शारीरिक रूप से विक्षिप्त प्राप्त होने पर पीड़िता को अविलंब डालसा लाया गया। डालसा सचिव के निर्देश पर पीड़िता और उनके परिवार का बयान भी दर्ज किया गया।

### रांची की सड़कों पर जल्द ही दौड़ेगी 244 सिटी बसे

**रांची।** शहरी परिवहन व्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रांची नगर निगम अपने क्षेत्र की सड़कों पर 244 नई सिटी बसें उतारने की योजना पर तेजी से काम कर रहा है। इस उद्देश्य को लेकर ट्रैफिक कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में बसों के संचालन के लिए रूट चार्ट और बस स्टॉप की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही रांची की सड़कों पर पर्याप्त संख्या में सिटी बसें दौड़ती नजर आएंगी।

#### 6वीं एशियन अंडर 18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

## साकेत मिंज को मिडले रिले में रजत पदक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एशियन एथलेटिक संघ एवं सऊदी अरबिया एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रिंस नायेफ स्पोर्ट्स सीटी स्टेडियम इन दमाम, सऊदी अरबिया में 15 से 18 अप्रैल तक 6वी एशियन अंडर 18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आयोजित की गई। इसमें भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व झारखंड से साईं के ट्रेनी साकेत मिंज मिडले रिले में नए राष्ट्रीय यूथ रिकॉर्ड 1:52.15 सेकेंड के साथ भारत के लिए रजत पदक जीता। वहीं हजारीबाग के अफरोज अहमद (ऊंची कूद) में सराहनीय प्रदर्शन रहा। साकेत मिंज को खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयर मैन डॉ मधुकांत पाठक, जेए अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडेय, रांची जिला एथलेटिक्स सचिव, प्रभाकर वर्मा, साईं रांची के सहायक निदेशक करण साधवानी, साईं एथलेटिक्स प्रशिक्षक बिनोद कुमार सिंह, तीरंदाजी सोमेंद्र, हॉकी कोच जगन टोपनो, बी महापात्रा, हजारीबाग जिला एथलेटिक्स सचिव अजीत साहू समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

#### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण

## 501 महिलाओं ने कलश यात्रा में अपनी भागीदारी निभाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर आम्रकुंज यज्ञा बाबा आश्रम में सात दिवसीय श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण,देव प्रतिष्ठा एंव श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आज शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरूआत हुई। इस अवसर पर 501 महिलाओं ने प्रातः दुर्गा मंदिर प्रांगण से बोड़ेया नदी में मंत्रोच्चारण और संकल्प के साथ जल भरकर पदयात्रा करते वापस दुर्गा मंदिर पहुंची।इसके बाद महायज्ञ की शुभारंभ हुई। जिसमें पंडित श्याम सुंदर शर्मा भारद्वाज ने विधिवत पंचांग पूजन, मंडप में प्रवेश किया एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया।उसके बाद मंदिर समिति के द्वारा भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शाम को गया पीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेश प्रसन्नाचार्य जी महाराज ने अपने मधुर वाणी से भक्तों को संगीतमय भागवत कथा सुनाई।

## चोरी की बाइक खरीद बिक्री के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चोरी की बाइक खरीद बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. इसका खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार कि शाम पुलिस को सूचना मिली कि राहे थाना क्षेत्र के टोड़ांग में रहने वाले रोहित सिंह, अमरेश कुमार महतो दोनों संयुक्त रूप से चोरी की मोटरसाईकिल की खरीद बिक्री करते हैं। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार अमरेश महतो के घर से एक अपाची मोटरसाईकिल पाया गया, जिसे चोरी का बताते हुए अपने ही गांव के रहने वाले रोहित सिंह मुण्डा से खरीदने की बात बताई। अमरेश महतो के ही निशानदेही पर रोहित सिंह मुंडा के घर पर छापेमारी के क्रम में रोहित सिंह मुंडा के निमार्णाधीन घर से एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल, एक हीरो स्पलेंडर मोटरसाईकिल बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा पूछताछ में रोहित सिंह मुंडा ने उसके घर से बरामद दोनों मोटरसाईकिल में से पैशन प्रो मोटरसाईकिल चोरी का बताया। वहीं, हीरो स्पलेंडर मोटरसाईकिल किसी रिश्तेदार का बताया, लेकिन इनके द्वारा न ही रिश्तेदार से संपर्क कराया गया और न ही कोई कागजात दिखाया गया।

#### फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने की बैठक

## व्यापारियों पर लगातार हो रहे हमले पर चिंता व्यक्त की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची प्रेस क्लब में फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के पदाधिकारी की बैठक अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हुई, जिसमें संगठन विस्तार पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। वहीं शहर के विधि व्यवस्था के साथ झारखंड में आए दिन व्यापारियों के साथ हो रहे अपराध पर चिंता व्यक्त की। वहीं संगठन की आगामी बैठक 26 अप्रैल को चार बजे से पंडरा स्थित होटल स्टार लोटस में होगा। बैठक में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, उमाशंकर सिंह, महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, संयुक्त सचिव हरीश नागपाल और शाहिद आलम उपस्थित थे।

## कर्क राशि के छठे और नौवें भाव का स्वामी बृहस्पति है



**तुला राशि :** तुला राशि के तीसरे और छठे भाव का स्वामी बृहस्पति इस राशि के नौवें भाव में अतिचारी है। इस समय आप अपनी काबिलियत से ज्यादा कुछ हासिल कर सकते हैं और आपको यात्रा करने के अधिक अवसर मिलेंगे। अब आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल मिलना शुरू हो सकता है।
करियर की बात करें, तो आपको विदेश से नए अवसर मिलने की संभावना है जो आपके लिए अनुकूल साबित होंगे। यदि आप व्यापार करते हैं, तो आप इस समय नई व्यावसायिक योजनाएं बना सकते हैं जिनमें अधिक धन कमाने की क्षमता होगी। वित्तीय जीवन की बात करें, तो इस समय आप आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगे। आपको यात्रा के जरिए अधिक धन कमाने के अवसर मिलेंगे। निजी जीवन में आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी की सराहना कर सकता है।
**वृश्चिक राशि :** अतिचारी बृहस्पति वृश्चिक राशि के आठवें भाव में हैं जिससे आपके लिए कुछ कठिनाईयां उत्पन्न हो सकती हैं। इस राशि के दूसरे और पांचवे भाव के स्वामी बृहस्पति हैं। अगर आप नौकरी के नए अवसरों को अनदेखा करते हैं, तो आपको अपने करियर में परेशानियां हो सकती हैं। इस समयावधि में आपको अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते समय सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि इस दौरान कार्यक्षेत्र में समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यदि आप व्यवसाय करते हैं, तो आपके अवसरों और आमदनी में गिरावट आने की आशंका है। इन अड़चनों से उबरने के लिए व्यवस्थित और रणनीतिक योजना बनाना आवश्यक है। धन की बात करें, तो आप सामान्य रूप से धन कमाएंगे। अगर आप पैसा कमा भी लेते हैं, तो भी इसके डूबने का खतरा रहेगा। आपके लिए बचत करना मुश्किल हो सकता है।
**धनु राशि :** धनु राशि के सातवें भाव में बृहस्पति है जो कि इस राशि के पहले और चौथे भाव का स्वामी भी है। इस समय आपकी अध्यात्म रुचि अधिक बढ़ सकती है। आप अपने आध्यात्मिक विकास की खोज में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में अधिक यात्रा करनी पड़ सकती है और इनमें से कुछ यात्राएं मुश्किल साबित होंगी। व्यापारियों के लिए इस समयावधि में अधिक लाभ अर्जित करना प्राथमिकता रहने वाली है। अगर आप रणनीतिक योजना के साथ आगे बढ़ते हैं, तो आपके प्रयास अच्छे वित्तीय परिणाम देंगे और आप धन संचय भी कर सकते हैं। **क्रमशः जारी**

## हज यात्रा के मेडिकल टीम में इटकी के डॉ. साकिब जमाल का चयन

#### झारखंड सरकार के निर्देश के अनुसार उन्हें 21 अप्रैल को भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के हज डीविजन में रिपोर्ट करना है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा हज यात्रा 2025 के लिए हजयात्रियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए पूरे भारत से चिकित्सकों का चयन किया गया है। इसी क्रम में रांची जिला के इटकी प्रखंड के डॉ. साकिब जमाल का भी चयन किया गया है जो झारखंड के हज यात्रियों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान करेंगे। डॉ. साकिब जमाल इस समय गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड में प्रभारी हैं। झारखंड सरकार के निर्देश के अनुसार उन्हें 21 अप्रैल को भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के हज डीविजन में रिपोर्ट करना है। डॉ. साकिब जमाल ने मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लिए बहुत गर्व की बात है कि उनका चयन झारखंड के हज यात्रियों की सेवा करने के लिए किया गया है। हज के दौरान हाजियों को अलग वातारण मिलता है जहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनकी पूरी टीम का पूरा प्रयास रहेगा कि झारखंड के हाजियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा दे सकें। डॉ. साकिब जमाल के साथ रामगढ़ सदर अस्पताल के डॉ. नसीम अहमद, गिरिडीह गावां प्रखंड के डॉ. मोहम्मद नौशाद और गिरिडीह सदर के डॉ. फजल अहमद भी योगदान देंगे।

### भगवान को अर्पित किया गया खिचड़ी का प्रसाद

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को 875 वें खिचड़ी महाप्रसाद भंडारे का आयोजन हुआ। खिचड़ी का भोग भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर को अति प्रिय है। श्रीभगवान को खिचड़ी का नैवेद्य चढ़ाने वाले और प्रसाद ग्रहण करने वालों की ग्रहों की शांति होती है और ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है। खिचड़ी में कई प्रकार की दालें, चावल, सब्जियों और मसाले विभिन्न प्रकार के ग्रहों का प्रतिनिधित्व करते हैं और जब इन सभी मिश्रण से खिचड़ी का रूप देकर भगवान को भोग लगाया जाता है, तब यह नवग्रहों की शांति प्रदान करने वाला हो जाता है। खिचड़ी का भोग लगाना भी पुण्य फलदायी माना जाता है। श्रीभगवान को निवेदित किए गए महाप्रसाद न केवल पौष्टिक भोज्य है, बल्कि यह ग्रहों की शान्ति और रोग निवारक भी है। इसिलिए प्रत्येक शनिवार को कोई न कोई यजमान भगवान को श्रद्धाभाव से खिचड़ी का भोग लगवाते ही हैं। शनिवार को लगभग 1500 लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

#### जोबा माझी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह कहा

## कोल्हान क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
सरायकेला प्रखंड के सुदूर हुदू पंचायत अंतर्गत तुमसा गांव में रॉयल टाइगर तुमसा की ओर से शनिवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विस प्रत्याशी गणेश महाली, झामुमो केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के तथा हुदू पंचायत की मुखिया सुगी मुर्मू उपस्थित रही। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सरना तारुब और निर्मल स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें गोल नहीं कर पायी जिसके बाद पेनाल्टी का सहारा लिया गया। पेनाल्टी शूट में सरना तारुब की टीम 3-2 से विजयी रही। इससे पूर्व आजादी के बाद हुदू पंचायत में पहली बार जोबा माझी के रूप में किसी सांसद के आगमन पर पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा कोल्हान क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। बेहतर मंच उपलब्ध कराया जाए तो यहां के खिलाड़ी भी आगे जा सकते हैं। पहली बार सुदूर तुमसा पहुंचने पर सांसद ने कहा ये सच है यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी है, इसे दूर करने के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष भोमरा माझी, राजनगर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामजीत हांसदा, राजेंद्र सिंह सरदार, लखीराम मुर्मू, जगबंधु महतो समेत काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**हजारीबाग।** स्थानीय झील रोड में सुबह दो युवकों का शव मिला है। पास ही एक क्षतिग्रस्त बाइक भी मिली। आशंका जाहिर की जा रही है कि देर रात सड़क दुर्घटना के दौरान दोनों की युवकों की मौत हुई होगी। दोनों मृतकों का नाम विशाल है। इनमें से विशाल केसरी हजारीबाग लेपो रोड, लक्ष्मी सिनेमा हॉल के पास का रहने वाला था। वहीं, दूसरा विशाल कुमार गिद्दी का रहने वाला था। वहीं गिद्दी के रहने वाले विशाल का कल जन्मदिन था और दोनों युवक हजारीबाग में पार्टी सेलिब्रेट कररहे थे। वहां से वापस लौटने के दौरान के के क्रम में यह हादसा हुआ। वहीं, हजारीबाग के रहने वाला विशाल इवेंट मैनेजमेंट का काम करता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह दुर्घटना देर रात हुई होगी।

### रेलीगढ़ा रोड सेल को लेकर तीव्र आंदोलन करने का लिया निर्णय

**गिद्दी।** भाकपा माले और बीसीकेयू रेलीगढ़ा रोड सेल को लेकर तीव्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय शनिवार को रेलीगढ़ा रोड सेल के मजदूरों की बैठक में लिया गया है। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा फरवरी माह तक रेलीगढ़ा रोड सेल शांति पूर्वक चल रही थी। इसके बाद भी प्रबंधन वायदा खिलाफी करते हुए रोड सेल कायला उठाव के डीओ का ऑफर नहीं भेजा है। जिससे रेलीगढ़ा रोड सेल में काम करने वाले 248 दंगल के मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में भाकपा माले और बीसीकेयू के नेतृत्व में 21 अप्रैल को अरगड्डा जीएम कार्यालय के समक्ष धरना देने का और रेलीगढ़ा परियोजना में 26 अप्रैल से चक्का जाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

### भागवत कथा के श्रवण से पाप कट जाता है : अंजनी

**रामगढ़।** अगर कोई पापी भी भागवत कथा का श्रवण करता है तो उसका पाप कट जाता है। इंसान 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य जन्म पाता है। इसलिए मनुष्य को कभी इस नश्वर शरीर पर घमंड नहीं करनी चाहिए। उक्त बातें ढोठाटांड़ गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञयज्ञ के दौरान प्रवचन करते हुए प्रयागराज से आई कथावाचिका अंजनी गोस्वामी जी ने कही। उन्होंने कहा कि अगर पुनः मनुष्य जन्म लेना है तो अच्छे कर्म के साथ साथ इस सृष्टि को रचने वाले प्रभु का नाम जरुर जपें। इस जीवन को व्यर्थ नहीं गवाएं। कथा क्यों सुननी चाहिए क्योंकि कथा श्रवण करने से भगवान की कृपा और उनका आशिर्वाद प्राप्त होता है।

### ज्ञान यज्ञ सह गुरु दिक्षा समारोह का हुआ आयोजन

# ज्ञान यज्ञ आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के बडा अखाड़ा परिसर में श्री राधा रानी भक्त मण्डली एंव धर्म सभा के अध्यक्ष महंत विजयानन्द दास के संयुक्त तत्वावधान में वैष्णव परंपरा का निर्वहन कर श्रीमद भागवत महापूराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह गुरू दिक्षा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। श्री राधा रानी भक्त मण्डली एंव धर्म सभा के अध्यक्ष महंत विजयानन्द दास ने सहृदय स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह की शुरूआत कलश स्थापना, वेदी पूजन, वैदिक पूजन एवं मुल पाठ कथा प्रवचन के साथ हुई। बड़ी संख्या में इसमें महिला एवं पुरूष कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने यज्ञ कार्यक्रम के संध्या आरती में सम्मिलित होकर सभी की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। जिससे आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है और विश्व की कल्याण होती है।

### महिलाओं में बढ़ती पश्चिमी सभ्यता पर करने होगा विचार



**बरही।** भारत अपनी संस्कृति और सभ्यता के लिए पूरे देश में जाना जाता है. प्राचीन भारत की सभ्यता आज भी पूरे विश्व को मार्गदर्शन देने में अव्वल है. परंतु पिछले कुछ वर्षों से डीजे की धुन और महिलाओं में पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते श्रृंगार की शौक ने भारतीय सभ्यता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है. आज महिलाओं के पहनावे व शौक ने भारतीय संस्कृति को तार तार किया है. शादी व्याह या अन्य मौके पर महिलाओं के बार डांस या बीच सड़कों पर किए जाने वाले फूहड़ डांस ने सभ्यता तो परिष्कृत किया है. जो धीरे धीरे एक परंपरा सी बनती जा रही है. शहरों से प्रारंभ होकर गांवों तक पहुंच चुका है. इस रिवाज को आज युवा पीढ़ी के अधिकांशतः लोग संभवतः स्वीकार कर चुके हैं, तभी तो परदे में रहने वाली महिलाएं भी फुहड़ गीत पर खुल्लेआम नृत्य कर रही हैं. ऐसे में उन्हें अपने रिश्ते या ओहदे का भी ख्याल नहीं रहता है, जो भारतीय संस्कृति के लिए गंभीर विषय है. इस प्रकार की संस्कृति का ही परिणाम है की हत्या, दुष्कर्म और अपहरण जैसे मामले बढ़े है. इस दिशा में हम सबों को मनन करते हुए नियंत्रित करने की आवश्यकता है.

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ खतरे में, सरकार पत्रकारों को दे सुरक्षा



**बरही।** बीते कुछ वर्षों से पत्रकारिता खतरे में है, लोकतंत्र का चौथा मजबूत और स्थाई स्तंभ को कमजोर किया गया है. हाल ही में समाचार संकलन के दौरान झारखंड के धनबाद में पत्रकारों पर हुए हमले ने पत्रकारिता जगत को झकझोर दिया है. इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है. उक्त बातें प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव ने कही. उन्होंने बताया कि पत्रकारों पर हमला अर्थात लोकतंत्र पर सीधा हमला है. पत्रकार समाज के आईना होते हैं. जो पूरी निष्ठता व निष्पक्षता से जोखिम भरे खबरों को संकलित कर शासन, प्रशासन व आम जनों तक पहुंचाते हैं. परंतु अवांछित तत्वों द्वारा उन पर हमला करना या करवाना अथवा उनके कार्यों में बाधा पहुंचाना सिर्फ उनके सुरक्षा को खतरे में डालना ही नहीं अपितु अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी गहरी चोट है। उन्होंने राज्य सरकार व प्रशासन से इस जघन्य हमले में संलिप्त दोषियों को अविलम्ब चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

### सीमावर्ती क्षेत्रों में हर वर्ष जंगली हाथियों का होता है तांडव, स्थाई समाधान की है जरूरत



**बरही।** गर्मी आते ही बरही के सीमावर्ती क्षेत्रों में जंगली हाथियों के द्वारा तबाही का मंजर लगभग प्रत्येक साल देखने को मिलते हैं. जिससे जान माल की क्षति होती है. ऐसे ही सूचना एक बार फिर गुड़ियो विजैया के लोगों ने एक बार फिर दी है. ग्रामीणों ने बताया कि लगभग तीन दर्जन छोटे बड़े जंगली हाथी के झुंड को आस पास के जंगलों में देखा गया है. जिससे लोग दहशतजदा हैं. हालांकि सूचना पर वन विभाग ने हाथी को भागने का प्रयास किया और लोगो से सचेत रहने की अपील किया है. परंतु वन विभाग को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. प्रत्येक वर्ष कोल्हुआ कला, बैरिसाल, रानीचुआन आदि के जंगलों में हाथियों को देखा जाता है. कई बार तो हाथी शहर से सटे करसो, धनवार, बेदगी आदि क्षेत्रों में भी तबाही मचाई है. इसके लिए वन विभाग को गर्मी आने के पूर्व विशेष टास्क फोर्स गठित कर इस दिशा में काम करनी चाहिए थी. प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को इससे बचने के स्थाई तरीके और सुरक्षा के साधन भी उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है. जिससे लोग हाथियों का सामना डट कर करें, ताकि हाथो इस क्षेत्र में प्रवेश ही नहीं करे और जान माल की क्षति को बचाया जा सके. जो प्रायः ऐसा नहीं होता है, हाथियों के आगमन के बाद ही विभाग सक्रिय होता है, तब तक घटनाए घट जाती है.

### मरार पहुंचे राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू

**रामगढ़।** मरार में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पांचवे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इसके तहत यज्ञाचार्य अनिरुद्ध शुक्ला ने मुख्य यजमान योधन प्रसाद, सह यजमान श्रवण प्रसाद, शिवा प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, प्रेम सागर प्रसाद, विनोद प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद सपत्नीक को विधवित पूजा-अर्चना कराया। इस दौरान शनिवार को पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि के साथ महाप्रसाद का वितरण हुआ।

### पवित्र कलश देकर विधायक ने जलयात्रा का किया शुभारंभ

# वेदोच्चारण व हवन से शुद्ध होता है वातावरण : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
श्री श्री 108 महारुद्र शिव मंदिर व भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डपोक पंचायत के ओरपरता में विगत शुक्रवार से महायज्ञ की शुरूआत हुई. इसे लेकर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए. जिनका महायज्ञ समिति ने अंगवस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया. जलयात्रा की शुरूआत विधायक ने कलशयात्रियों को कलश देकर दिया. इस अवसर पर उन्होने कहा कि महायज्ञ के वेदोच्चारण और हवन के पवित्र धुआं से पूरा वातावरण शुद्ध होता है. हम सबों को संत जनों की संगति मिलती है. इस शुभ अवसर का हमलेगों को पूर्ण सात्विक रूप से उपयोग करना चाहिए. महायज्ञ हमारे जीवन को मुक्ति के मार्ग में ले जाने में सहायक होता है. गाजे बाजे के साथ निकली जलयात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए नदी तट पहुंचा जहां यज्ञाचार्यों के मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र कलश में गंगाजल लिया गया. तत्पश्चात सभी कलशयात्री नारे लगाते हुए यज्ञमंडप के लिए प्रस्थान कर यज्ञशाला में कलश स्थापित किए. कलश यात्रा में इस भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, बिहारी यादव, अनिल यादव, बसंत यादव,अजय यादव, संजय यादव आदि सैकड़ों लोग जलयात्रा में शामिल हुए. जिसे सफल बनाने में महायज्ञ समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तत्पर दिखे.

### 60 वर्षों से प्रदूषण फैला रही बीआरएल



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो शनिवार को सेवटा वार्ड नंबर 08 ,बीआरएल ग्राउंड रांची रोड में आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस क्रम में उन्होने विस्थापित, प्रभावित एवं मूल रैयतों की समस्याओं को जाना। जयराम महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी लगभग 60 सालों (1966) से संचालित है। लेकिन सुविधा के नाम पर आज तक कंपनी ने ग्रामीणों के लिए कुछ भी नहीं दिया। कहा की आसपास का क्षेत्र प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित है। इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिससे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड की जनता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी को आशा भरी निगाह से देखती हैं। रामगढ़ के जनमानस अपने हक अधिकार के बारे में जानकारी रखना होगा तभी विकास संभव है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विराट हर्ष ने जांच में दिया योगदान

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष ने जांच एवं परामर्श में अपना सरहानीय योगदान दिया। इसमें ब्रेन स्ट्रोक/लकवा/ब्रेन हेमरेज, सर एवं रीढ़ में चोट, सिरदर्द या माइग्रेन, मिर्गी के दौरे/फरका, चेहरे के नसों में दर्द, चेहरे का लकवा, हैड्रोकिपहलस, पार्किंसन, अल्जामडर, स्पाइनल ट्यूमर, गर्दन, पीठ या कमर दर्द, साइटिका या स्लिप डिस्क, सिर और पैर का सुन्न होना, रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, कार्पल टनल सिंड्रोम, न्यूरोपैथी, हाथ पैर कापना, हाथ पैर में सूनापन या झनझनाहट, ब्रेन या स्पाइन की जन्मजात विकृति एवं याददाश्त में कमी पर जरूरतमंदों को निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। जिसमें 150 जरूरतमंदों ने शिविर में पंजीकरण करवाकर लाभ उठाया।

### स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

# शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा हंसराज ने निभाई महती भूमिका : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती पर डीएवी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसकी शुरूआत महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित से हुई. जिसके बाद विद्यार्थियों ने भजन कीर्तन प्रस्तुत कर महात्मा जी को नमन किया. प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने शिक्षा के क्षेत्र में और डीएवी की स्थापना में उनके योगदानों की चर्चा किया. उन्होंने बताया कि महात्मा जी अविभाजित भारत के पंजाब क्षेत्र के आर्यसमाज के एक प्रमुख नेता एवं शिक्षाविद थे. पंजाब में दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालयों की स्थापना करने के कारण उनकी कीर्ति अमर है. उन्होंने विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के कई महत्वपूर्ण आदर्श की चर्चा करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की बात कही. इस अवसर पर विद्यालय की ओर से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. शिक्षक निर्मल कुमार की निगरानी में भाषण व प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई. जिसमे दयानंद, विवेकानंद और एनडी ग्रोवर हाउस सामूहिक विजेता और हंसराज हाउस उपविजेता बना. शिक्षक दीपक कुमार के निर्देशन में आयोजित संगीत प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा 3ए की श्रेया अभिरामी हंसराज हाउस, तृतीय 5ए की आदया सिंह हंसराज हाउस और चतुर्थ विजेता रूबी कुमारी रही.

## न्यूज | बॉक्स

### खिलाड़ी कार्तिक शौर्य को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**रामगढ़।** 15 से 17 अप्रैल 2025 तक नवाब अली पार्क कोलकाता में आयोजित प्रो नेशनल ओपन किकबॉक्सिंग लीग में रामगढ़ शहर के जारा टोला निवासी खिलाड़ी कार्तिक शौर्य द्वारा गोल्ड मेडल एवं प्रो चैंपियनशिप बेल्ट प्राप्त करने पर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में खिलाड़ी कार्तिक शौर्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने कार्तिक शौर्य से उनके खेल के बारे में कई जानकारियां ली एवं आगे भी इसी तरह अपना व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्री दिगंबर जैन मंदिर को तोड़े जाने की दिगंबर समाज की निंदा



**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मुंबई स्थित विले पार्ले में श्री दिगंबर जैन मंदिर को बीएमसी द्वारा तोड़े जाने की हम कड़ी शब्दों मे निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जैन समाज शांति प्रिय समाज हैं। जैन समाज हमेशा से राष्ट्र को सर्वोच्च बनाने में अहम योगदान देता आया और आगे भी देता रहेगा। लेकिन बीएमसी के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर को तोड़ा जाना देश के लिए दुर्भाग्य पूर्ण है। इसके लिए हम दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं। श्री जैन ने कहा कि आज मुंबई में सकल समाज (दिगंबर और श्वेतम्बर) पंथ द्वारा शांति रैली का आयोजन कर विरोध दर्ज करवाया गया है। इस तरह से मंदिर तोड़े जाने की बात बहुत ही चिंतनीय है।
मानिक चंद जैन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन करते हैं कि जैन समाज के साथ न्याय कराएं एवं मंदिर को पुनर्निर्माण करवाने में सहयोग करें।

### हज यात्रा की मेडिकल टीम के लिए डॉ0 नसीम अहमद का चयन




**रामगढ़।** भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित हज यात्रा 2025 के दौरान भारतीय हज यात्रियों को बेहत्तर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिकित्सको की अस्थायी प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में झारखण्ड से सदर अस्पताल रामगढ़ में चिकित्सक के रूप में कार्य कर रहे डॉ० नसीम अहमद का चयन चिकित्सा दल के लिए किया गया है। इस संबंध में रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद ने पत्र जारी कर आवश्यक औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए डॉ० नसीम अहमद को मंत्रालय में योगदान करने के लिए विरमित करने का निर्देश दिया है। डॉ० नसीम अहमद का चयन न केवल जिले बल्कि पूरे झारखण्ड के लिए गर्व की बात है। उनके चयन से हज पर जाने वाले भारतीय हज यत्रियों को चिकित्सीय सेवाओं में लाभ मिलेगा साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर रामगढ़ झारखण्ड का भी नाम रौशन होगा। सिविल सर्जन कार्यालय एवं सदर अस्पताल में कार्यरत सभी चिकित्सको एवं कर्मियों ने तथा स्थानीय लोगो ने इसपर खुशी जाहीर करते हुए डॉ० नसीम अहमद को बधाई दी और उनके उज्जवल भवीष्य के लिए कामना की है।

# शिक्षाविद डॉ संजय प्रसाद की पुस्तक का विमोचन 21 को



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा 21 अप्रैल को आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रश्मि, कुल सचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल एवं पुस्तक के लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के ऑडोटोरियम में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा होना सुनिश्चित है। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ रश्मि ने कहा संस्कृति - 'संस्कार के सुपथ' नामक पुस्तक के लेखक डॉ संजय प्रसाद सिंह की नव प्रकाशित पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। आज आधुनिकता में भी प्राचीनता का महत्व कम नहीं है। इस पुस्तक में भारतीय संस्कृति व संस्कार की झलक देखने को मिलती है। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कहा की डॉक्टर संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित पुस्तक समाज को एक नई दिशा - दशा प्रदान करेगा। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी विश्वविद्यालय परिवार द्वारा की जा रही है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे।

# हिन्दुओं पर हमले के विरुद्ध विश्व हिंदू का प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर रही लगातार हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला द्वारा शनिवार को शहर के सुभाष चौक के निकट एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रांत के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के आयाम संगठन बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सहित गणमान्य लोग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे, धरना प्रदर्शन में बैठे लोगों ने हाथों में पश्चिम बंगाल सरकार के विरोध में लिखे स्लोगन वाले तख्ता लेकर और नारे लगाकर विरोध किया गया। विहिप के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है, हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है, उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है। मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। कहा की मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल, 2015 को वक्फ कानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन।

### विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम रामगढ़ उपयुक्त को सौंपा ज्ञापन



विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला के एक प्रतिनिधि मंडल ने धरना प्रदर्शन के पश्चात पश्चिम बंगाल के हिंदुओं की सुरक्षा, हिंदुओं के उपर हमला करने वाले जिहादियों पर कार्रवाई सहित पश्चिम बंगाल त्वरित राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा, जगत नारायण शाह,राजू चतुर्वेदी,राजेश ठाकुर, जोगेंद्र सिंह जग्गी सहित अन्य शामिल थे। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,जिला मंत्री छोटू वर्मा,सह मंत्री जगत नारायण शाह, बजरंग दल पूर्व संयोजक राजेश ठाकुर, छावनी परिषद उपाध्यक्ष अनमोल सिंह,बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार आदि शामिल हुए ।

### यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैल रही है

हिंसा के संबंध में कहा कि अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए देश की जनता मांग करती है कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए द्वारा कार्रवाई जाए और दोषियों को अविलंब दंडित किया जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ किया जाए जिसे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था। हमें विश्वास है की राष्ट्र की सर्वभौमित्ता और सांप्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए आप अविलम्ब और त्वरित कार्रवाई करेंगी।

# शिशु विद्या मंदिर में स्वस्थ जीवन विषय पर प्रवचन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में दर्शन नेचर केयोर सेंटर गांव बुढेडा, गुड़गांव के द्वारा गुरु जगदेव भारती के द्वारा प्राकृतिक स्वस्थ जीवन विषय पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक,ओम प्रकाश सिंहा ने गुरु जगदेव भारती का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में गुरु जगदेव भारती ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा- आप सभी प्राकृतिक आहार का सेवन करें। पेड़- पौधे व पृथ्वी से प्राप्त बिना रासायनिक पदार्थ की प्राकृतिक सब्जियां फल में जड़ी- बूटियां व पत्तों का सेवन करके अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं। फास्ट फूड एवं जंक फूड के सेवन से बचें' आजकल बच्चे फास्ट फूड एवं जंक फूड खाकर अपने शरीर को बीमार कर रहे हैं। इसलिए इससे बचकर रहना आवश्यक है। प्राकृतिक भोजन का प्रयोग करें। खाने में फल एवं सब्जियां अधिक से अधिक प्रयोग करें। नशीली वस्तुओं से बचना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्यवर्धक भोजन करने से शरीर निरोग रहता है। बुद्धि का विकास होता है, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन है। चीनी एवं मैदा का प्रयोग कम से कम करें। प्रतिदिन योग- व्यायाम करें। सत्संग में भाग जरूर लें। प्रकृति से छेड़छाड़ ना करें। विचार सदा आध्यात्मिक रखें। इस प्रकार उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहनों का स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन किया।

**जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन**

# मडुआ से बने व्यंजन बने आकर्षण का केंद्र



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** समाज कल्याण विभाग, सिमडेगा की ओर से पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण के प्रति जन जागरूकता फैलाना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, दोराई बुरु उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुन्नी कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से आईं आंगनवाड़ी सहायिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अलग-अलग समूह बनाकर पोषण से संबंधित स्टॉल लगाए और पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी की। खासकर मडुआ (रागी) से बने विविध व्यंजन—जैसे मडुआ की रोटी, लड्डू, हलवा, इडली और खीर इत्यादि ने सभी का ध्यान खींचा। ये व्यंजन न सिर्फ स्वादिष्ट थे, बल्कि पोषण तत्वों से भरपूर भी थे।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और व्यंजनों की गुणवत्ता, प्रस्तुति और पौष्टिकता के आधार पर उन्हें परखा। मूल्यांकन के बाद प्रतियोगिता में ठेठईटांगर की टीम को प्रथम, सिमडेगा प्रखंड को द्वितीय और बोलबा प्रखंड को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेता टीमों की महिलाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों में कुपोषण एक गंभीर समस्या है, जो कई बीमारियों का कारण बनती है। ऐसे में पोषण पखवाड़ा जैसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसके माध्यम से लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यहां से चयनित टीम अब राज्य स्तर पर रांची में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी और उम्मीद जताई कि वे वहां भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी और महिलाओं की सक्रिय भूमिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि पोषण अभियान जन-जन तक पहुंच रहा है और समाज इसके प्रति जागरूक हो रहा है।

## खेल निदेशक पहुंचे हॉकी सेंटर के बच्चों के बीच किया किट का वितरण




**सिमडेगा।** खेल निदेशक संदीप कुमार का सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृत खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा संचालित सेंटर फॉर एक्सीलेंस हॉकी सेन्टर, सिमडेगा पहुंचे। वहीं हॉकी सेंटर में बालक एवं बालिका हॉकी खिलाड़ीयों के बीच विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा, उपायुक्त सिमडेग अजय कुमार सिंह एवं खेल निदेशक संदीप कुमार के द्वारा खेल किट का वितरण किया गया। जिसमें हॉकी स्टिक, बोल कीक करने वाली करने मशीन सहित अन्य किट उपलब्ध कराया गया। इस दौरान विधायक भूषण बाड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए हॉकी खेल के क्षेत्र में जिला ही नहीं बल्कि भारत देश के लिए खेल कर नाम रौशन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि आप का खेल को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। खेल के विकास के लिए हमेशा सरकार से बात रखता हूं। जिले में खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण एवं फोटो हो खेल के तहत मैदान का निर्माण लगातार कराया जा रहा है। उपायुक्त ने भी खिलाड़ियों को प्रेरित किया।खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों से कहा कि मेरा सिमडेगा जिला से पहले से ही लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि 2009 एवं 2010 मैं यहां प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा लगाओ खास कर यहां की खिलाड़ियों और खेल प्रतिभा से विशेष लगाओ रहा है। जहां भी खेल से संबंधित बातें होती है वहां मेरा पहला प्रपोज मेरा सिमडेगा के लिए रहता है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा नस में /डीएनए में का स्पोर्ट और विशेष कर हॉकी निहित है। इसलिए यहां जितना ज्यादा विकास कर सकते हैं। उतना ही काम ही रहेगा। सिमडेगा में और भी पांच -दस एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम और हॉस्टल बना दिया जाए फिर भी खिलाड़ियों की संख्या में कमी नहीं आयेगी। इसलिए भी इस प्रतियोगिता को सम्मान मिला है। अंत में उन्होंने बच्चों से खेल के क्षेत्र में जिला राज्य ही नहीं बल्कि देश के लिए खेल कर भारत देश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और सरकार जिस तरह से आपके खेल को निखारने के लिए सभी तरह से प्रयास कर रही है इस प्रकार आप भी अपनी प्रतिभा को निखारे और अपने खेल के माध्यम से भारत देश का नाम हॉकी खेल में ऊंचा करें। अंत में उन्होंने कहा कि सिमडेगा एक्सीलेंस हॉकी सेंटर के लिए 15 दिनों के अंदर खिलाड़ियों के लिए न्यूट्रिशन एवं फिजियोथेरेपी बहाल कर दी जाएगी। ताकि यहां के खिलाड़ियों को किस तरह खाना एवं प्रोटीन लेकर शरीर में विकास कर शक्ति के साथ अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। वहीं फिजियोथेरेपी के माध्यम से किसी खिलाड़ियों को चोट आ जाती है, नसों में खिंचाव आ जाता है तथा किसी प्रकार की इंजरी हो जाती है तो उसे ठीक करेंगे। इसके पश्चात् खेल निदेशक ने नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम एवं स्पोर्ट कंपलेक्स -सह- इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा का भ्रमण किया। उन्होंन स्टेडियम में लोगों के लिए जो भी कमियां है उससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर भेजने की बात कहीं। इण्डोर स्टेडियम में मैदान की घास की कटाई के लिए ग्रास कटिंग मशीन उपलब्ध करने की बात कहीं। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी के अध्यक्ष मनोज प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड के बरसलोया स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का समापन भव्य भक्ति जागरण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस मौके पर रामनवमी मेला समिति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ आरती, दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया। मंच संचालन मनोज दास गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, केतुंगा धाम मंदिर के मुख्य पुजारी प्रदीप गोस्वामी, शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी, समाजसेवी विनोद कुमार डब्ल्यू, ओमप्रकाश साहू, अयोध्या साहू व अन्य अतिथि मौजूद रहे।कलाकार उर्मिला महंतो, सुमन गुप्ता, महावीर साहू सहित अन्य कलाकारों ने भजन, नागपुरी गीतों और नाट्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।मुख्य अतिथि प्रदीप गोस्वामी ने कहा कि बरसलोया की यह पावन भूमि भगवान जगन्नाथ की कृपा से हर वर्ष भक्ति से सराबोर रहती है। प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने मेला समिति व ग्रामीणों को शुभकामनाएं दीं और भक्ति कार्यक्रम आयोजन हेतु अपने मद से चबूतरा निर्माण की घोषणा की।रामनवमी मेला समिति के अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, सचिव युधिष्ठिर सिंह, कोषाध्यक्ष नीतीश दास, महामंत्री रोहित साहू सहित दर्जनों सदस्य, ग्रामवासी एवं श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए और इसे सफल बनाया।

## करंट लगने से 3 मवेशियों की हुई मौत

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ बजार टांड़ व जलडेगा रोड दीपनगर के समीप में करंट लगने से तीन मवेशी की मौत हो गयी,स्थानीय लोगों के मदद से हुआ गाय का अंतिम संस्कार।मिली जानकारी लचरागढ बजार टांड स्थित शिव मंदिर के समीप एक मवेशी व जलडेगा रोड मे दीपनगर के समीप करंट से दो मवेशी की मौत हो गयी।जिसकी सूचना गौतम जैन ने सभी को दी।बाद में बिजली विभाग व ग्रामीणो के सहयोग से मवेशी के शव को घटनास्थल से हटाया गया।बताया जा रहा है कि मवेशी चरते हुए करंट के चपेट मे आ गया,जिससे मौत हो गयी।मौके पर बिजली मिस्त्री अजय साहू,राजेश अग्रवाल, रिकी अग्रवाल,गौतम जैन कन्हैया अग्रवाल,अंकित अग्रवाल,प्रभात सेठिया,सुमित साहू इत्यादि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास को लेकर विशेष समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड कार्यालय सभगार में प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास को लेकर विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ और आवास को ओरडीनेटर के द्वारा समीक्षा की गई।बैठक मे प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया।मनरेगा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास में डीमांड करने का निर्देश दिया गया।बागवानी योजना लक्ष्य के अनुरूप चयन एवं ओनगोइंग करने,मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति,बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग, साफ सफाई, H टेका, नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया तथा लंबित आम बागवानी को जल्द पुरा करने का निर्देश दिया गया। संचालित अबुआ आवास में डीमांड करने का निर्देश दिया गया साथ ही लंबित पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक मे पंचायत सचिव व रोजगार सेवको मनरेगा योजना संचालित योजना मे तेजी लाने मानव दिवस सृजन मे बढोतरी करने का निर्देश दिया।लंबित योजना को पुर्ण करके अभिभलेख बंद करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ चारू मांझी, आवास को ओरडीनेटर नितेश साहू, जेई अमरेश कुमार, राजा कुजूर, अलि अख्तर, मुखिया गण, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास मित्र,पंचायत सहायक और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## डाक बंगला बानो में लोहार समाज की हुई बैठक समिति का पुनर्गठन पर निर्णय

**बानो।** आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड इकाई बानो का बानो डाक बंगला में प्रखंड कमेटी के साथ में जिला कमेटी का एक आवश्यक बैठक हुआ। जिसमें आगे समिति का पुनर्गठन और पंचायत समिति का चयन करने और साथ में सामाजिक एकता और बल दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष वासुदेव तिर्की जिला कोषाध्यक्ष साधु लोहरा , जिला संगठन सचिव मुनेश्वर तिर्की,कोलेबिरा प्रखंड उपाध्यक्ष सखी लोहरा ,बानो प्रखंड अध्यक्ष विकास मगहिया, सचिव कांति देवी, सुनील बरवा,सुशांति बघवार,बहुत लोहरा,अजगर बरवा,सीता देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## थाना प्रभारियों का हुआ तबादला, कई जगहों पर सब इंस्पेक्टर भी बदले

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सिमडेगा एसपी सौरव ने शनिवार को कई थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया। इस फेरबदल में बानो, कुरडेग, ठेठईटांगर, गिरदा समेत कई थानों के प्रभारी बदले गए हैं।एसपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, बानो थाना प्रभारी विकास कुमार को साइबर सेल सिमडेगा में भेजा गया है, वहीं उनकी जगह सोनू कुमार को बानो थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। साइबर सेल के प्रभारी रमेश कुमार झा को ठेठईटांगर थाना का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि ठेठईटांगर के प्रभारी मुरताज अंसारी को सिमडेगा थाना में पदस्थापित किया गया है।बानो थाना से जितेंद्र प्रसाद वर्मा को स्थानांतरित कर ओपी गिरदा का प्रभारी बनाया गया है, जबकि गिरदा के प्रभारी हर्ष कुमार को सिमडेगा थाना में नई जिम्मेदारी दी गई है। सिमडेगा थाना में तैनात सब-इंस्पेक्टर संजीत कुमार को कुरडेग थाना का प्रभारी बनाया गया है और कुरडेग थाना प्रभारी नवीन कुमार को कोलेबिरा थाना भेजा गया है।इसके अलावा बानो थाना में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर निरंजन महतो को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं ठेठईटांगर में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर मनोज महली को रेंगारिह थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। साइबर सेल थाना की कमान अब पंकज प्रमाणिक को सौंपी गई है।एसपी सौरव ने सभी तबादला किए गए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बिना किसी देरी के अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान करें, ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखा जा सके।

## धरनाटुकु गांव में पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**सिमडेगा।** सिमडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरानी पंचायत के ग्राम धरनाटुकु में शनिवार को पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उन्हें साइबर क्राइम, डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह आदि सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग के तहत "मोर पुलिस मोय पुलिस" की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारी अनिल हसंदा, एएसआई चंद्र मोहन होरो सहित एवं पुलिस जवानों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की, पर साथ ही उन्होंने अपनी पीड़ा भी साझा की। उन्होंने बताया कि गांव में आज भी सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के बावजूद धरनाटुकु के लोग वर्षों से बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं से संबंधित रिपोर्ट संबंधित विभागों तक पहुंचाई जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में 'येलो डे सेलिब्रेशन' धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे छात्र-छात्राओं ने "येलो डे सेलिब्रेशन" में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे पीले रंग के परिधान में बेहद खुश नजर आए और फल, फूल, सब्जियों की वेशभूषा में मंच पर कविताएं और राइम्स के माध्यम से अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग भी किया गया।पिछले सप्ताह आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को उनके क्रम के अनुसार प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा द्वारा प्रार्थना सभा में पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों में अपार प्रतिभा होती है और शिक्षकों का दायित्व है कि वे उन्हें उचित मार्गदर्शन देकर उनकी क्षमता को निखारें।कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए "USE OF MOBILE FOR TEENAGERS" विषय पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शानदार अंग्रेजी में बच्चों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। जूनियर ग्रुप में अभिमन्यु सुजय मिश्रा प्रथम, हर्षित कुमार द्वितीय व आलिया कुमारी तृतीय रहीं। सीनियर ग्रुप में मुस्कान अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सूरज कुमार और खनक जैन द्वितीय और सुजाता रवानी तृतीय स्थान पर रहीं।

**बंगाल हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा ने दिया धरना**

## ममता सरकार फेल, बंगाल में राष्ट्रपति शासन हो लागू : कौशल राज सिंह देव

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों में वक्फ संशोधन कानून के आड़ में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को सिमडेगा में नगर परिषद कार्यालय के समीप एकदिवसीय धरना दिया गया। इस धरना का नेतृत्व विहिप के सिमडेगा जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने किया। धरना के उपरांत एक प्रतिनिधिमंडल ने सिमडेगा उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। धरना में जिलाध्यक्ष ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शन के आड़ में बंगाल में हिन्दूओ को टारगेट किया जा रहा है।महिलाओं युवतियो के साथ छेड़छाड़ हो रही। हिंदुओं को दबाया जा रहा है। ममता बनर्जी की सरकार इस कानून की आड़ में तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए कट्टरपंथियों को संरक्षण दे रही है, जिसके चलते आम हिंदू नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।इस जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने आगे कहा- बंगाल में जिस तरह से वक्फ कानून में संशोधन के बाद जमीनें कब्जाई जा रही हैं, मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है और हिंदू समाज पर खुलकर हमले हो रहे हैं, वह चिंताजनक ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। यह सब कुछ ममता सरकार की शह पर हो रहा है। बंगाल में हिंदुओं की आस्था, अस्तित्व और अस्मिता को मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। हम यह मांग करते हैं कि बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ताकि वहां की जनता को न्याय मिल सके।लहरू सिंह ने भी ममता सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, वक्फ संशोधन कानून को ढाल बनाकर एकतरफा कब्जा, हिंसा और सामाजिक तनाव पैदा किया जा रहा है। बंगाल में हिंदू अपने ही देश में पराया महसूस कर रहा है। सरकार को यह समझना होगा कि यह देश संविधान से चलता है, किसी मजहबी कानून से नहीं। हम मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकते।शीतल प्रसाद ने कहा कि बंगाल की स्थिति दिन-ब-दिन भयावह होती जा रही है। आज वहां मंदिरों को जला दिया जा रहा है, घरों पर हमले किए जा रहे हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं और प्रशासन मौन है। यह सब वक्फ कानून के आड़ में हो रहा है। ममता सरकार की प्राथमिकता कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति है।धरना में प्रकाश दास ने भी कहा कि बंगाल में हो रही घटनाएं एक समाज विशेष के खिलाफ सोची-समझी साजिश है। हमें इस तरह की नीतियों के खिलाफ संगठित होकर आवाज़ बुलंद करनी होगी।धरना के पश्चात राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से यह मांगे शामिल थीं कि बंगाल में हिंसा की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराई जाए, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जाए, और भारत-बांग्लादेश की 450 किलोमीटर सीमा पर तारबंदी का काम शीघ्र प्रारंभ किया जाए, जिसे ममता सरकार ने रोके रखा है। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हवाले किया जाए ताकि न्यायसंगत शासन सुनिश्चित हो सके।धरना स्थल पर भारी संख्या में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता, समर्थक एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा सैकड़ो की संख्या में सनातनी लोग उपस्थित थे।

## बानो में नये थाना प्रभारी सोनू कुमार का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**बानो ।** बानो थाना के नये थाना प्रभारी सोनू कुमार का शनिवार को जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने भरोसा दिलाया कि सभी से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुख-शांति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। पुलिस 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेगी। किसी भी घटना या समस्या की तुरंत जानकारी देने की अपील की गई। असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखने और नशामुक्त समाज के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, झामुमो के तनवीर हुसैन, बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक, कांग्रेस के रफिक अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गिरदा ओपी प्रभारी जितेंद्र प्रसाद वर्मा ने दिया योगदान

**बानो।** गिरदा ओपी में नए ओपी प्रभारी के रूप में जितेंद्र प्रसाद वर्मा ने योगदान दिया। इससे पहले जितेंद्र प्रसाद वर्मा बानो थाना में पदस्थापित थे। गिरदा ओ.पी. में एस आई रामनाथ सिंह,एएसआई सर्वेश्वर सिंह ने नए गिरदा ओपी प्रभारी जितेंद्र प्रसाद वर्मा का बुके देकर स्वागत किया। मालूम हो कि गिरदा ओपी निवर्तमान प्रभारी हर्ष कुमार शाह है। जिनका तबादला सिमडेगा टाउन थाना में हुआ है। जितेंद्र प्रसाद वर्मा में योगदान देने के बाद कहा की क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय बनाकर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।लोग सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें, असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या हो तो वे उनसे निसंदेह संपर्क कर सकते हैं।

## प्रभु येशु का जी उठना ही ख्रीस्तीय विश्वास का आधार है : बिशप बरवा

नवीन मेल संवाददाता

**● कॉथलिक धर्मप्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने जिलेवासियों को पास्का पर्व की शुभकामना दी**

**सिमडेगा।** कॉथलिक धर्मप्रांत के बिशप विंसेंट बरवा ने पास्का पर्व के पावन अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु येशु मसीह का मृतकों में से जी उठना ही ख्रीस्तीय विश्वास की नींव है। यह घटना न केवल उनके जीवन की विजय का प्रतीक है, बल्कि समस्त मानवता के लिए आशा, नया जीवन और उद्धार का संदेश भी है।बिशप बरवा ने अपने संदेश में कहा कि येशु मसीह ने मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए क्रूस पर बलिदान दिया और तीसरे दिन मृतकों में से जी उठे। यह पुनरुत्थान दर्शाता है कि मृत्यु पर भी जीवन की जीत संभव है, और यही विश्वास हर ख्रीस्तीय को कठिनाइयों में भी दृढ़ बनाए रखता है।उन्होंने आगे कहा कि पास्का पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का समय है। यह पर्व हमें प्रेम, क्षमा और मेल-मिलाप का संदेश देता है। येशु का जी उठना हमें सिखाता है कि अंधकार के बाद प्रकाश अवश्य आता है और हर संघर्ष के बाद आशा की किरण फूटती है।बिशप बरवा ने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे इस पर्व को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं, जरूरतमंदों की सहायता करें और समाज में शांति और एकता बनाए रखें। उन्होंने प्रार्थना की कि प्रभु येशु का पुनरुत्थान सभी के जीवन में नई ऊर्जा और आशीर्वाद लाए।

# बुनियादी सुविधाओं का विकास हमारी प्राथमिकता : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड अंतर्गत कोरचे विद्यालय परिसर में डीएमएफटी मद से चहारदिवारी निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा विद्यालय तक पहुँचने हेतु पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह शुभारंभ स्थानीय विधायक ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, बिक्की कुमार के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



विद्यालय की चारदिवारी बच्चों की सुरक्षा, अनुशासन और शिक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, विद्यालय तक पहुंचने के लिए पक्का पथ का निर्माण ग्रामीणों और विद्यार्थियों के लिए आवागमन को सरल और सुरक्षित बनाएगा। सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, सड़क और सुरक्षा - ये तीनों विकास के मजबूत आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता करें तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संवाद बनाए रखें। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया राजू महता, तौफिक अंसारी, दिपक मुंडा, संतबिलास करमाली, प्रदीप महतो, सपुत कुमार, छोटन कुमार, लिलेश्वर महतो, महेंद्र ओहदार, सुमित कुमार, शुभम कुमार, दीपक महली, बलराम महतो,प्रकाश महतो,बैजनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पति पत्नी और बच्चे हुए घायल, दो रेफर

**बरही।** एनएच 33 करसो के समीप तेज गति से आ रही ट्रक ने करसो निवासी महेंद्र यादव, उनकी पत्नी और दो बच्चे को अपने चपेट में ले लिया. इसी क्रम में यह घटना घटी. जिसमें बाइक चालक, उनकी पत्नी और दोनों बच्चे घायल हो गए. श्री यादव अपने घर करसो से बरही जा रहे थे. स्थानीय लोगो की सूचना पर घायलों को एम्बुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने गंभीर चोट होने के कारण पति पत्नी को प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया. जबकि पुत्र सागर और पुत्री रूपाली का प्राथमिक ईलाज के बाद घर भेज दिया गया. पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले गई. थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन नही मिलने के कारण अब तक प्राथमिकी दर्ज नही हुई है.

## 5 मई से प्रारंभ होंगे प्रथम सेमेस्टर का फाइनल परीक्षा, प्रोग्राम व निर्देश जारी



**बरही।** आगामी 5 मई से स्नातक शैक्षणिक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ होगी. परीक्षा दो पाली में आयोजित किए जायेंगे. प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाहन 10 से 12 और दूसरी पाली अपराह्न 2 से 4 बजे तक आयोजित होंगे. इस बाबत विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी ने निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ पंकज कुमार मांझी ने परीक्षा संबंधित प्रोग्राम व निर्देश जारी किया है. जारी निर्देशानुसार इस बाबत विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी ने निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ पंकज कुमार मांझी ने परीक्षा संबंधित प्रोग्राम जारी किया है. के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी के पास एडमिट कार्ड होना अनिवार्य है. वॉक आउट या की स्थिति में पुनः परीक्षा नही लिए जायेंगे. परीक्षा भवन में मोबाईल या कैलकुलेटर पूर्णतः वर्जित होगा. प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथि सैद्धांतिक परीक्षा के बाद घोषित किए जाएंगे. शीघ्र ही पोर्टल से एडमिट कार्ड डाउनलोड के आदेश जारी कर दिए जायेंगे.

## इरगा नदी के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त, युवक गंभीर रूप से घायल



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। शनिवार को खुरजिओ इरगा नदी के पास एक बेकाबू मोटरसाइकिल सड़क पर फिसल गई, जिसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के मुताबिक, युवक भरकट्टा से लौट रहा था तभी बाइक अचानक असंतुलित हो गई और वह सीधे सड़क पर गिर पड़ा। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की खबर मिलते ही जिप सदस्य सूरज सुमन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल को अस्पताल भिजवाया। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## सरला बिरला के छात्र जेईई एडवांस्ड 2025 के लिए चयनित




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, सक्षम गोयल ने 99.8748055 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, जबकि शिवम मिश्रा ने 98.8190388 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद ने 98.3317328 पर्सेंटाइल, शान्वी स्नेहल ने 95.9218264 पर्सेंटाइल, अन्वेषा अग्रवाल ने 94.9011624 पर्सेंटाइल, वैष्णवी सिंह ने 94.5856324 पर्सेंटाइल, पलक बागला ने 94.4647915 पर्सेंटाइल, जयवर्धन जायसवाल ने 94.3033857 पर्सेंटाइल, यश कुमार सिंह ने 92.9058737 पर्सेंटाइलए मृत्युंजय अरमान ने 91.2150096 तथा अभिषेक कुमार आयुष ने 90.1368776 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्वास्थ्य मंत्री निदेशक के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं : बाउरी

*डॉ. राजकुमार के खिलाफ आज तक किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है और उनके पिछले 14 महीने के कार्यकाल को ईमानदारी व दक्षता का उदाहरण माना जाता रहा है*



**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो** झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के लिए इलाज का सबसे बड़ा केंद्र रिम्स (राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान), आज भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। उक्त बातें पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को बेरमो में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि रिम्स गरीबों का इलाज करने वाला प्रमुख संस्थान है, लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री की दखलअंदाजी और दबाव के कारण यह संस्था भी भ्रष्टाचार की आग में झोंकी जा रही है। बाउरी ने आरोप लगाया कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को बिना पूर्व सूचना, कारण और किसी जांच के पद से हटाया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार ईमानदार अधिकारियों को काम नहीं करने देना चाहती। उन्होंने कहा कि डॉ. राजकुमार के खिलाफ आज तक किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है और उनके पिछले 14 महीने के कार्यकाल को ईमानदारी व दक्षता का उदाहरण माना जाता रहा है। उन्होंने बताया कि हेल्थमैप और मेडाल जैसी आउटसोर्स कंपनियों पर महालेखाकार की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं की बात सामने आई है। फर्जी बिल, डॉक्टरों के फर्जी हस्ताक्षर और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों का स्पष्ट उल्लेख है। इसके बावजूद स्वास्थ्य मंत्री इन कंपनियों के फर्जी बकायों के भुगतान का दबाव निदेशक पर बना रहे थे। इतना ही नहीं, कैबिनेट से स्वीकृत एमआरआई मशीन के टेंडर को निरस्त कर अपने पसंदीदा ठेकेदार को टेंडर देने के लिए भी दबाव डाला जा रहा था।

## मारवाड़ी युवा मंच द्वारा राँची रेलवे स्टेशन पर प्याऊ की स्थापना




**रांची।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन मारवाड़ी युवा मंच द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु आज राँची रेलवे स्टेशन परिसर में 11 आस्थायी प्याऊ की स्थापना की गई।प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने कहा कि मंच के द्वारा किए जा रहे कार्य बहुत प्रशंसनीय है।उन्होंने ने कहा की यह प्याऊ जल्द ही यात्रियों की सेवा मे समर्पित होगा।उन्होंने रेलवे पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है। गर्मी के इस भीषण मौसम में यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। प्याऊ का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची रेलमंडल की वरीय मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (र१.ऊ्टट) शुचि सिंह के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच के कई सदस्य, रेलवे प्रशासन के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।मारवाड़ी युवा मंच रांची के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल सचिव निकुंज पोद्दार ने बताया कि प्याऊ की स्थापना यह पहल यात्रियों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगी।

## पेटरवार में पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र में पुलिस पिकअप वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है. शराब पिकअप वाहन पर लोड नारियल की बोरियों के नीचे छिपाकर तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी. पेटरवार थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर पेटरवार बाजार के समीप वाहन को रोककर शराब बरामद की. इसके साथ ही वाहन चालक बबलू खुटिया को गिरफ्तार कर लिया. वह जमशेदपुर के बिरसानगर थाना क्षेत्र के बारीडीह का रहने वाला है. यह जानकारी बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेसवार्ता में दी. एसडीपीओ ने बताया कि पिकअप वाहन पर 166 कार्टून में शराब की कुल 1992 बोतलें (प्रत्येक 750 एमएल की) बरामद की गईं. इसकी बाजार कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी गई है. वाहन चालक बबलू खुटिया शराब तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है.

### मंत्री के बयान के विरुद्ध भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

# नारेबाजी कर मंत्री हफीजुल हसन को बर्खास्त करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा संविधान पर दिए गए बयान के विरोध में विपक्ष के द्वारा लगातार विरोध जारी है। इसी क्रम में शनिवार को गिरिडीह में भाजपा के द्वारा आक्रोश पूर्ण विरोध मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। गिरिडीह स्टेडियम से पदयात्रा करते हुए पपरवाटांड़ स्थित समाहरणालय परिसर पहुंचे। इस पद यात्रा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र राय सहित काफी संख्या में भाजपाई शामिल हुए और पद यात्रा के दौरान भाजपाई लगातार हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मंत्री हफीजुल हसन को बर्खास्त करने की मांग कर रहे थे। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जो देन है वह किसी से छुपा नहीं है राज्य के एक मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान को नहीं मानते हैं संविधान से ऊपर शरिया को मानते हैं। हिन्दू और मुसलमान को भड़काने के लिए जिस शब्द का प्रयोग उन्होंने किया है उन्होंने कहा कि मुसलमान कोई कब्र में नहीं है, अगर राज्य सरकार का कोई मंत्री ऐसे शब्द का प्रयोग करता है तो सरकार की सहमति के बिना नहीं बोल सकते हैं। कांग्रेस भी इस सरकार में शामिल है और झारखंड मुक्ति मोर्चा जो संविधान की कॉपी लेकर घूमती है और चुनाव में प्रचार करती थी कि बीजेपी की सरकार आएगी तो संविधान को समाप्त कर देगी, संविधान को खत्म करने का प्रयास कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रही है।

### पंचायत समिति की बैठक में हुआ हंगामा

# बैठक में जनप्रतिनिधियों का अफसरों पर फूटा गुस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक शनिवार को बिरनी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रमुख रामू बैठा की अध्यक्षता में गरमा-गरमी के बीच सम्पन्न हुई। शुरूआत तो शांति से हुई, लेकिन जैसे ही शिक्षा विभाग की ग्रांट गड़बड़ी और जनवितरण प्रणाली की अनियमितताओं पर चर्चा शुरू हुई झ माहौल गर्मा गया। बैठक का संचालन कर रहे बीडीओ पर सवालों की बौछार तब शुरू हुई जब उप प्रमुख सह भाकपा माले प्रखंड सचिव शेखर सुमन ने सीधे आरोप लगाया कि बीते 20 फरवरी को चार रोजगार सेवकों का स्थानांतरण आदेश निकाला गया था जिसे बाद में बिना कोई स्पष्ट कारण के रद्द कर दिया गया। उन्होंने बीडीओ पर किसी के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए दो टूक कहा झ अगर इसी तरह से अफसरशाही चलेगी, तो जनता सवाल-जवाब करने लगेगी और उस वक्त फजीहत से कोई नहीं बच पाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के ग्रांट घोटाले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। वहीं जनवितरण प्रणाली की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए निर्णय लिया गया कि अब से निगरानी समिति की उपस्थिति में ही राशन अनलोड किया जाएगा। जल नल योजना की गड़बड़ी पर भी जांच टीम बनाई गई है। सदस्यों ने बैठक में यह भी मांग रखी कि प्रखंड मुख्यालय के अंदर कर्मियों द्वारा मोटरसाइकिल पार्किंग के नाम पर कब्जा जमाया गया है, जिसे अविलंब हटाया जाए। प्रमुख रामू बैठा ने चेतावनी देते हुए कहा कि बैठक में लिए गए प्रस्तावों को तुरंत लागू किया जाए, वरना कार्रवाई तय है। बैठक में अंचलाधिकारी संदीप मद्धेशिया, सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, विधायक प्रतिनिधि प्रेमचंद वर्मा, पंसस अली असगर समेत दर्जनों अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## डीसी ने विद्यालय का किया निरीक्षण, छात्राओं से की बात



धनबाद। डीसी माधवी मिश्रा ने शनिवार को निरसा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (केजीबीवी) का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं की पढ़ाई, संख्या, भोजन व्यवस्था, बिजली, पानी, सुरक्षा समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने छात्राओं की किताबें देखीं उनसे संवाद किया और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की. छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं होता. अभी का संघर्ष भविष्य में अच्छे परिणाम लाएगा. उपायुक्त ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की.

# कलशयात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन



**बेड़ो।** बेडो प्रखंड के खत्री खटंगा गांव में आयोजित श्री श्री 108 शिव परिवार तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। वेद मंत्रोंच्चार के बीच धार्मिक उल्लास और भक्ति भावना के माहौल में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गाजा बाजा, ढोल ढाक नगाड़ा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच शिव मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकालकर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुँची। मुख्य यजमान के रूप में अंगद खन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी रेशमी देवी, निलेश खन्ना धर्मपत्नी गायत्री खन्ना, कुमारेश सहगल धर्मपत्नी रानी देवी, साकेत टंडन एवं धर्मपत्नी माया देवी, देवशरण नाथ टंडन धर्मपत्नी सरिता देवी, रामेश्वर खन्ना धर्मपत्नी दीपिका खन्ना, अजय नाथ टंडन एवं धर्मपत्नी चिंता देवी ने पुरोहितों पंडित नित्यानंद पाठक, निकुंज पाठक, रंजीत पाठक, अभिषेक मिश्रा तथा रविकांत मिश्रा की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण में भाग लिया। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा सिंह और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता भी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक बताया।

# मैट्रिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका को असामाजिक तत्वों ने जलाया



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा ली गयी मैट्रिक परीक्षा की लगभग आठ-नौ सौ कॉपियां दुमका के एक मूल्यांकन केंद्र में जल गयीं हैं. असामाजिक तत्वों ने ज्वलनशील पदार्थ से इस घटना को अंजाम दिया है. इनमें से दो-ढाई सौ कापियां पूर्ण रूप से जली हैं जबकि शेष कापियां आंशिक रूप से जली हैं. राहत की बात यह रही है कि इस घटना में जली हुई कॉपियों का मूल्यांकन कर लिया गया था. यह घटना दुमका शहर के दुधानी इलाके में स्थित श्रीराम कृष्ण आश्रम प्लस 2 उच्च विद्यालय की है. इस बाबत विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सह मूल्यांकन केन्द्र निदेशक प्रियंका कुमारी ने नगर थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है. बता दें कि यह मैट्रिक की उत्तर पुस्तिका दूसरे जिले से मूल्यांकन के लिए आई है. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि दुमका जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए चार मूल्यांकन केंद्र बनाये गये थे. जिनमें से एक मूल्यांकन केंद्र श्रीरामकृष्ण आश्रम प्लस टू उच्च विद्यालय के एक कमरे में बीती रात दो बजकर आठ मिनट पर आग लगने की सूचना उन्हें मिली.

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

# चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में लेंगी भाग




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विभागीय निदेशानुसार पोषण अभियान योजना के तहत सूचना भवन, हजरीबाग में आंगनबाड़ी सहायिकाओं का जिला स्तरीय खाद्य/व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में पंचायत/सेक्टर पर चयनित सहायिकाओं का परियोजना स्तर पर खाद्य/व्यंजन प्रतियोगिता क्रमशः आयोजित की गई थी। परियोजना स्तर से चयनित एक-एक सहायिका स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों की रेसिपी के साथ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिमा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, नीलू रानी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ईचाक -सह- बरकट्ठा, राखी चन्द्रा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बड़कागांव -सह- केरेडारी, सावित्री देवी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांडी, डॉ. अमरेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर, डॉ. मुकेश चन्द्रा, चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉ. फातमा खातुन, चिकित्सा पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं तथा आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं सहायिकाएं उपस्थित थीं। जिला स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग सदर एवं ग्रामीण परियोजना से तीन-तीन बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से खाद्य प्रतियोगिता में ईचाक परियोजना की सहायिका वीणा कुमारी को मडुवा से निर्मित खाण्डवी एवं सहजन सूप के लिए इन्हें प्रथम पुरस्कार, हजारीबाग ग्रामीण परियोजना से सहायिका नंदिनी कुमारी को सूजी से निर्मित रोटी तथा नारियल एवं मूंगफली चटनी के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा बड़कागांव परियोजना से सहायिका प्रभा देवी को मकई का खिचड़ी के लिए तृतीय पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### तरबूज की फसल से लहलहा उठा गांव

# लाखों की हो रही आमदनी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिला हजारीबाग टमाटर की खेती के लिए पूरे भारत में जाना जाता है. अब इस जिले की पहचान तरबूज की खेती के लिये झारखंड, बिहार और बंगाल में हो रही है. मजदूर, मजदूरी छोड़कर लीज पर जमीन लेकर तरबूज की खेती कर रहे हैं. कटकमदाग प्रखंड के सादमपुर और उसके आसपास के इलाकों में 50 एकड़ से अधिक जमीन पर तरबूज की खेती लहलहा रही है. हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के आंघो गांव में तरबूज की फसल किसान की तकदीर बदलने का काम कर रही है. जो पहले मजदूरी किया करते थे. आज वे तरबूज की खेती कर रहे हैं. गांव के तीन दोस्त नरेश प्रसाद, गौतम कुमार साहू और अजय कुमार राणा लगभग 10 एकड़ जमीन में तरबूज की खेती कर रहे हैं. इनमें से दो दोस्त पहले मजदूरी करते थे. मजदूरी करने के दौरान कई बार मालिक से कहा सुनी भी हो जाती थी. तीनों दोस्तों ने यह फैसला किया कि अब आत्मनिर्भर हुआ जाए तो उन्होंने खेती को ही आधार बना लिया.

### एसडीपीओ की वार्ता पर अंचल कार्यालय गेट से हटा जाम

# रजिस्टर टू की मांग को लेकर धरने पर बैठे किजपा ने अवरुद्ध रखा गेट



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** रजिस्टर 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि को लेकर 9 दिनों से तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी के लोगों ने पिछले 4 दिनों से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कर्मियों व पदाधिकारियों का प्रवेश बंद कर रखा था। जिसके कारण प्रखंड सह अंचल कार्यालय का कार्य पूरी तरह से ठप था। रोजाना कई कर्मी 11 बजे ऑफिस के बाहर जाकर कुछ देर इंतजार करते हैं फिर बेरंग वापस घर लौट जा रहे थे। वहीं अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी भी स्वयं कार्यालय नहीं जा रहे थे। इसी क्रम में कोखोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद और तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार धरनास्थल पहुंचे। जहां पहले से ही किजपा के अध्यक्ष अवधेश सिंह मौजूद थे। मौके पर पदाधिकारियों ने लोगों से वार्ता की जिसके बाद 15 दिनों का समय देकर तत्काल कार्यालय का गेट खोलने पर सहमति बनी। लेकिन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके से एसडीपीओ ने एसडीएम को फोन कर उक्त जानकारी दी। बता दे कि किसान जनता पार्टी रजिस्टर टू की सत्यापित प्रतिलिपि की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही है। उनके मुताबिक झारखंड हाईकोर्ट के रिट याचिका संख्या 5925/2022 में पारित आदेश और गिरिडीह के अपर समहर्ता के निर्देश पर प्रतिलिपि के लिए दो-दो बार शुल्क जमा कर दिया गया है बावजूद इसके उन्हें रजिस्टर टू की प्रतिलिपि नहीं दी जा रही। इसको लेकर किजपा के दर्जनों महिला व पुरुषों ने पहले तिसरी में 16 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया, फिर जिला मुख्यालय में भी धरना दिया। जिसके बाद दो दफा सड़क जाम किया गया फिर भी प्रतिलिपि नहीं मिलने पर अंततः वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। खबर बनाए जाने तक की स्थिति यही थी।

# वितृष्णा

शोभा ने घर की कॉलबेल बजने पर जब दरवाजा खोला , तो सामने एक अनजान शख्स को खड़ा देखा । उनके कुछ बोलनें से पहले ही वो बोलने लगा था ,

'मैडम जी ,आपके यहाँ कैमरा लगा है न ।"
'जी हाँ " , शोभा ने त्वरित कहा ।

"मेरी बेटी आज दोपहर घर से गायब है । पत्नी नें कहा कि वो बरामदे से कूदकर कहीं चली गयीं है ।हमलोग आपके पड़ोस में तीन महीना पहले आएं हैं ।थोड़ा कैमरा में देख कर बताइएगा कि वो किधर गई । मात्र बारह साल की बच्ची है । आज ही रिजल्ट आया था उसका । टारगेट नम्बर नहीं ला पाई तो मेरे डर से घर छोड़कर चली गई । उस इंसान की बातें सुनकर वो आवाक थीं ।उस सख्श से पता चला मात्र बारह साल की बच्ची थी उसकी । वो सोचनें लगीं कि ,ये अपने बच्चों के लिए कितना क्रूर होगा । कैसा निष्ठुर पिता है जिसके मार के भय से उसकी बेटी घर से भाग गई ? बेटियाँ तो पिता की सबसे अनमोल रत्न होतीं हैं । कोई पिता अपनी बेटी को कैसे मार सकता है ।उसने हिकारत भरी निगाह से उस शख्स की ओर देखा और सी.सी टी.वी. का कैमरा बैक कर दिखानें लगीं । दोपहर के एक बजे के लगभग एक बच्ची सड़क पर दिखी तो वो आदमी लगभग चिल्लाते हुए बोला , " हाँ हाँ रोक दीजिए , मैडम जी , यही मेरी बेटी है । ये मुहल्ले से निकलकर मेन सड़क की तरफ क्यों जा रही है । हे भगवान इस बड़े शहर में मैं अपनी बच्ची को कहाँ खोजूँ ? "



मीरा सिंह

शोभा ने न चाहते हुए भी उसे बैठने के लिए कुर्सी दी और पानी पिलाया। अपने रिटायर्ड पति को बाहर बुलाया और उस शख्स और उसकी बच्ची के बारें में उन्हें बताया । उनदोनों ने उस शख्स को थाना में कम्प्लेन करने के लिए बोला । पर वो इसके लिए तैयार नहीं था । वह अपने स्तर से ही बेटी को खोजना चाह रहा था । दूसरे के मामलें में क्यों पड़े यह सोचकर उनलोगों ने उसे विदा किया । शाम में उन्हें अपने पड़ोसी से पता चला कि वो सख्श सीआईएसएफ में सिपाही है और एयरपोर्ट पर तैनात है । रोज पत्नी और बच्चों को जानवरों की तरह पिटता है । पड़ोसियों से दोस्ती ना रखने की सख्त हिदायत थी उसकी । बच्चे तो बाहर निकलते थे पर पत्नी को किसी ने भी आजतक नहीं देखा था । ऐसा जालीम इंसान उनलोगों ने भी पहली बार देखा था । पड़ोसन के मुख से उस इंसान की असलियत जानकर उनका हृदय उस व्यक्ति के प्रति वितृष्णा से भर उठा। वो हैरान थीं कि ऐसे लोग भी हमारे समाज में भरें पड़ें हैं ?

## एक अविस्मरणीय यात्रा

# जलियांवाला बाग और वैशाखी

मेरी जलियांवाला बाग की यात्रा रोमांचक और अविस्मरणीय यात्रा थी..अपने विगत को करीब से प्रत्यक्ष देखने और अनुभव करने का पहला अवसर था। हमारी पीढी ने आजादी के बाद का सूरज देखा था। स्वतंत्रता के संघर्ष में उन अनाम शहीदो के जीवन के सूरज को अस्त हो जाने की कहानियां सिर्फ किताबों और इतिहास के पन्नो में पढी थी।.पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शनों के बाद आज हम जलियांवला बाग देखने जा रहे थे.।बडे से विशाल दरवाजे पर लिखे शहीदो की स्मृति"शब्द ने रोमांचित कर दिया.। अंदर प्रवेश करते ही दाहिनी ओर से हरे भरे फूलों से सुसज्जित पार्क से गुजरते हुए अमर शहीद ज्योति तक पहुंच कर मन न जाने क्यों विह्वल हो गया। तस्वीरो मे. वो पल कैद कर हम ठीक सामने स्मृति स्तंभ को देखने गये.जो शहीदो की याद मे बनाया गया था।.कहते है.कि इसके ठीक विपरीत दिशा में वो छोटा सा गेट था.जिसे अंग्रेजों के क्रूर अफसर जनरल ओ डायर के सैनिको ने घेर लिया था और सभा करते हुए निर्दोष नागरिक भाग नहीं पाये और उनकी गोलियों का शिकार हो गए।क्या दोष था उनका ??उन गोलियों के अमिट निशान आज भी बाग की एक दीवार पर मौजूद हैं.।घूमते हुए मेरा मन भर आया था। कहीं किसी मार्गदर्शन या गाइड की जरूरत नहीं पडी।. एक एक दीवार. बचे हुए अवशेष सभी चीख चीख कर गवाही दे रहे थे कि इतिहास का वह क्रूरतापूर्ण कांड यहीं पर घटित हुआ था।.बांयी ओर शहीदी कुआं था.जिसमे जान बचाकर सैकड़ो बच्चे. महिलाएं-और पुरूष कूद गए थे और दम घुटने के कारण मारे गए.उस जालियों.से घिरे कुंए में झांकते हुए मन रोमांचित हो गया ,लगा जैसे अचानक लोगों के चीखने ,चिललाने और वंदेमातरम की आवाजें मेरे अहसास में गूंजने लगीं। मन भावुक हो गया था। अपने विगत इतिहास को अपनी अनुभूति में साकार हो जाने का अनुभव अकल्पनीय था।बस मुंह से यही निकला अशेष नमन. उन अनाम शहीदों के नाम ।एक छोटा सा संग्रहालय भी था जिसमें तत्कालीन समाचार पत्रों की कटिंग.शीर्ष नेताओ और विश्व के महारथियों की प्रतिक्रियाएं लगायी गयी थी.। गुलजार रचित दो पंक्तिया प्रमुखता से दर्शाई गई थीं.।मुझे याद नही.अब।लगभग सात वर्ष हो गए वहां गये परंतु आज भी सबकुछ यादो में प्रतिबिंबित है।.आज.वैशाखी पर अपने भाव सुमन अर्पित करती हूं,शहीद तुम्हरी कुर्बनी .हम याद रखेंगे सदियों तक ।



पद्मा मिश्रा

## काव्य कोना

# बात से ही हर बात

बात से ही हर बात पूरी हो जाती गर
लच्छेदार भाषा से ही असरदार हो जाते
निखट्टू सारी दुनिया में महान हो जाते।

कल से कल तक कल की प्रतीक्षा
कल की रट लगाते-लगाते
कल आज मे बदल कल तक पहुँच गया
हाय कल फिर भी पकड़ में नहीं आया।

बात से ही हर बात पूरी हो जाती गर
मेहनत का रंग
संघर्ष की कहानी
कला की जुबानी
बिना मूल्य के हो जाते
मनुष्य आसमां के नीचे सिर्फ चर्चा करता
सूर्य उतर कर ज़मीं पर सब काम कर देता।


नाग मणि



- डॉ. कुमार संजय

## बदलते दौर में

# नाटक



हाल ही में मेरे द्वारा लिखित पूर्णकालिक नाटक "बिरसा मुंडा" का मंचन हुआ। इस नाटक को लिखने से पूर्व मैंने बिरसा मुंडा पर आधारित कई पुस्तकों, शोध-पत्रों और वीडियो का अध्ययन किया। इसी शोध यात्रा में मुझे हृषिकेश सुलभ द्वारा रचित नाटक "धरती आबा" पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह नाटक साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, परंतु इसे पढ़ने के बाद मेरे मन में कुछ प्रश्न और चिंतन के बिंदु उभरे, जिन्हें साझा करना प्रासंगिक लगता है:

### 1. क्या आज के नाटक में लंबे संवाद प्रासंगिक हैं?

"धरती आबा" में कई संवाद एक-एक पृष्ठ या उससे भी अधिक लंबे हैं। भाषा और भाव के स्तर पर वे प्रभावशाली हो सकते हैं, लेकिन रंगमंचीय दृष्टि से वे प्रस्तुति को एकरस और जटिल बना देते हैं। यह बात भी समझनी आवश्यक है कि संवाद जितना लंबा होगा, मंच पर गतिशीलता उतनी सीमित होगी। खासकर जब कोई पात्र अकेले लंबे संवाद बोलता है, तो अन्य पात्रों की उपस्थिति असहज हो सकती है। वे यदि निष्क्रिय खड़े रहें तो दृश्य कृत्रिम प्रतीत होता है, और यदि वे प्रतिक्रिया देते रहें तो दर्शक का ध्यान भटक सकता है। यहाँ फिल्म और रंगमंच का अंतर समझना जरूरी है। फिल्म में यदि किसी पात्र को लम्बा संवाद देना हो- जैसे कोर्टरूम सीन में वकील की भावुक दलील- तो निर्देशक के पास दृश्य को रोचक बनाए रखने के कई विकल्प होते हैं: कैमरा कट करके अन्य पात्रों की प्रतिक्रियाएँ दिखा सकता है, फ्लैशबैक में जा सकता है, क्लोज़-अप ले सकता है, या पृष्ठभूमि में संगीत जोड़ सकता है। इससे दृश्य में विविधता बनी रहती है और दर्शक की रुचि भी।

किन्तु नाटक में यह दृश्यात्मक सुविधा नहीं होती। मंच पर सब कुछ 'यथार्थ में और यथाकाल' घट रहा होता है। ऐसे में अत्यधिक लंबे संवाद, यदि बारीकी से निर्देशित न किए जाएँ, तो न केवल प्रस्तुति की लय तोड़ते हैं, बल्कि दर्शकों की संलग्नता भी कमजोर कर सकते हैं। इसलिए आज के नाटककारों के लिए यह आवश्यक है कि वे संवादों की संक्षिप्तता, प्रभावशीलता और गतिशीलता को प्राथमिकता दें।

### 2. संवाद की भाषा- पात्र के अनुसार या लेखक के अनुसार?

"धरती आबा" में अनेक ग्रामीण पात्र अत्यंत क्लिष्ट और साहित्यिक हिंदी में संवाद करते नजर आते हैं। यह न केवल उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि के विरुद्ध है, बल्कि संवाद की स्वाभाविकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। मेरा स्पष्ट मत है कि संवाद सदैव पात्र की सामाजिक, भाषिक और बौद्धिक पृष्ठभूमि के अनुरूप होने चाहिए। यदि पात्र ग्रामीण है, तो वह या तो अपनी बोली-बानी में बोलेगा, या फिर सरल, सहज हिंदी में। एक ग्रामीण किसान यदि 'संघर्षशील जीवन पर दार्शनिक विचार देने लगे', तो यह नाटक नहीं, भाषण प्रतीत होगा।

आज का दर्शक यथार्थवादी संवादों की अपेक्षा करता है। यदि कोई पात्र छात्र है, तो वह 'हिंग्लिश' बोलेगा। संवाद वही विश्वसनीय माने जाते हैं जो पात्र की जीवन-स्थितियों के अनुकूल हों, न कि लेखक की भाषाई दक्षता का प्रदर्शन। हर विधा समय के साथ परिवर्तित होती है- फिर चाहे वह कविता हो, उपन्यास, फिल्म या रंगमंच। रंगमंच भी अब वैसा नहीं रहा जैसा सौ साल पहले था। दर्शकों की रुचियाँ, देखने का ढंग, सामाजिक संदर्भ, और तकनीकी अपेक्षाएँ — सब कुछ बदल चुका है।

ऐसे में नाट्यलेखन को भी समय के अनुरूप ढलना होगा। आज के दर्शकों के लिए लिखा गया नाटक न केवल भावनात्मक रूप से गहरे हो, बल्कि प्रस्तुति की दृष्टि से भी व्यावहारिक और दृश्यात्मक रूप से प्रभावी हो। अत्यधिक लंबे संवाद, कृत्रिम भाषा और गंभीरता की अति अब दर्शकों को बाँध नहीं पाती। नाटकों को संवाद, दृश्य और पात्रों की विश्वसनीयता के संतुलन के साथ रचा जाना चाहिए। "कलाकारों की प्रतिभा तभी चमकती है जब लेखक संवादों को छोटा, सटीक और पात्रानुकूल बनाए। याद रखिए, नाटक भी अब 'बदलते समय का साक्षी' है- उसे पुरानी परंपराओं से नहीं, नए दर्शकों से संवाद करना है।

# दरीचे पे भोर

पापा! जन्नत की इन वादियों में फिर कब घूमने आओगे? बेटी के इस मासूम सवाल पर पापा ने उसकी मां की ओर देखा और पलटकर मुस्कराते हुए कहा, "बेटा! इस बार मैं तुम्हें घुमाने लाया हूं, अगली बार मैं और मम्मी तुम्हारे साथ आएंगे"। मिनी ने प्रश्नभरी निगाहों से पापा की आँखों में झांका और पूछा- मतलब?



मनोज कुमार झा 'मनु'

इससे पहले कि बिटिया के इस मतलब का मतलब पापा समझाते, तड़-तड़ की आवाज़ से वादियाँ थर्रा उठीं। चीख-पुकार मच गई। आतंकवादियों ने वाहनों के काफिले पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी थी। रक्त के शापित छींटे मिनी के बदन पर भी पड़े थे। उसे आसमान घूमता-सा नजर आया और जब होश आया तो उसने खुद को माँ की करुण वैधव्यता का साक्षी बनता पाया। होटल के इसी कमरे में.मिनी उस मनहूस यात्रा के दौरान ठहरी थी। पूरे काश्मीर खासकर गुलमर्ग की वह लगभग सीधी चढ़ान वाली गोंडोला-यात्रा उसे काफी रोमांचकारी लगी थी। किंतु, अधिक ऊंचाई पर चढ़ना उसे भयभीत कर देता था। पापा उसे हिम्मत देते —बेटा! "ऊँचाई से डरना नहीं, ऊँचाई पर चढ़ना सीखो"। ''परिस्थितियों से घबराना नहीं, दिलेरी से उनका मुकाबला करना सीखो"। और, वह सहमति में सर हिला देती।

पिता के यही उद्बोधन-स्वर उसकी जिजीविषा का संबल बने और पितृ-सुख छिन जाने के बावजूद उसके इरादे नहीं डगमगाए। कुछ दिन पहले ही यूपीएससी का रिजल्ट निकला था और उसे प्रशासनिक सेवा में उसका पसंदीदा काश्मीर-कैडर मिला। निशा की नीरवता में यादों के जख्म हरे हो गए। आंखें कब लग गईं पता न चला। अलसुबह, वह उसी दरीचे से लगकर खड़ी हो गई थी जहां खड़े होकर अंतिम बार पापा ने ऊंची पर्वत-श्रृंखलाओं की ओर इशारा करते हुए कहा था—बेटा! ऊँचाइयाँ तुम्हें पुकार रही हैं। मिनी की तंद्रिल चेतना भंग हुई। भोर-किरणों ने मुस्कुराकर बड़े स्नेह से उसका अभिसार किया और उसके अहसासों को स्वर मिला- पापा! आप गए नहीं। आप इन्हीं भोर-किरणों में मौजूद हो। आपने ही तो वतनपरस्ती के मेरे इन सपनों को पंख दिए हैं। काश्मीर में एक नये युग का आगाज़ हुआ है। भीतरी-बाहरी घातियों से घाटी को मुक्त कराना है। पीछे आहट हुई।

म..आं!
हां, बेटा!!

माँ ने बेटी को बांहों में किरणों की भांति ही भर लिया था और दो जोड़ी आँखें गंगाजल से अभिषिक्त होने लगी थीं।

# कुत्ता होने का सुख



ललन शर्मा

कुत्ता इस पृथ्वी का सर्वप्रिय जीव है इसे अमीर लोग भी पालते हैं और गरीब भी। अमीरों के कुत्तों का अपना व्यंजन होता है। उसकी अपनी हॉबी होती है, वे अच्छे-अच्छे आकर्षक व हसीन रूप में दर्शन देते है। खूबसूरत मालकिनों तथा शाही मॉडलों के साथ भी दिखते हैं इन कुत्तों के लिए लग्जरी सामान बनाने वाली कंपनियाँ प्रदर्शनी आयोजित कराती है उनकी फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, आज्ञाकारिता प्रतियोगिता इत्यादि होती रहती है। सैर-सपाटे के लिए अत्याधुनिक वातानुकूलित वाहन का आनंद लेता हुआ कुलीन शरीर और दुमकटा होता है।

एक खोज के अनुसार कुत्तों के पूर्वज भेड़िए हैं इन भेड़ियों को कुछ आवारा पर्यटकों द्वारा घरों पे लाकर उसे कुत्ता बना दिया गया अतः कुत्तों में मौलिक रूप से भेड़ियों के सारे स्वभाविक गुण होते हैं पर मालिकों के स्वभाव के आगे उसका गुण कम हो जाता है और वह एक कुत्ता बन कर रह जाता है और इस तरह दोनों कुत्ता होने का सुख प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ जाते हैं। बचपन में मैंने कुत्ते पर लेख लिखा था '' कुत्ता एक प्रकार का जानवर होता है उसे जो दो-टुकड़ा खिला दे, उसी का हो जाता है कुत्ता एक अच्छा पहरेदार होता है, जो काम पुलिस नहीं कर पाती, कुत्ता कर देता है।'' इस लेख पर मेरे मास्टर साहब उखड़ गयें और मुझे इस लेख पर सबसे कम नम्बर देते हुए नसीहत दी- ''बेटा लल्लन तुम्हें कुत्तों का ज्ञान कम है, तेरा दिमाग अभी कच्चा है, जाओ और ज्ञान प्राप्त करों।'' तब से मैंने कुत्तों पर शोध करना शुरू कर दिया। वर्षों के मेहनत के बाद निष्कर्ष निकला कि लगभग सभी आदमी में कुत्तों के गुण विद्यमान होते हैं आदमी इस गुण के बिना जी ही नहीं सकता है आप पहला उदाहरण देखे- सरकारी दफ्तरों में प्रवेश से लेकर निकास द्वार तक कुत्ते ही खड़े, बैठे या इधर-उधर विचरते दिखाई पड़ते हैं। इन दफ्तरों की सभी बासमती महक वाली कमरों के हरेक फाईल पर एक कुत्ता बैठा या लेटा पाया जाता है। हर कुत्ता जीभ लपलपाते हुए जनता को अपनी शिकार की तरह घूरता रहता है। एक और उदाहरण देखे- कुत्ता को भारतीय परंपरा के अनुसार बोटी खाने का सुख प्राप्त है सरकारी योजनाओं में बोटी का स्कोप ज्यादा होता है किस योजना का महाद्वार कब खुलेगा, कैसे खुलेगा, किधर से खुलेगा, ये कुत्ते पहले ही सूंघकर पता लगा लेते हैं और कुत्तों की समिति इसे हर स्तर के कुत्तों में बांट लेती है और इस तरह योजनाओं का तिया-पांचा होता है।

वैश्वीकरण के इस घोर-युग में कुत्ता समूह ज्यादा संगठित हो गए हैं और अपनी-अपनी पार्टी या संगठन बना ली हैं और जगह-जगह जनता का शिकार करने लगे हैं। सारा कुत्ता समूह मौसरे भाई बनकर जन सेवा में भरपूर योगदान देता है। इनके इस प्रशंसनीय योगदान के लिए पशु प्रेमी 'कुत्ता बचाओ अभियान' चलाते हैं, उन्हें एक्सेलेंस अवार्ड देते हैं। और तो और इस कुत्ता संस्कृति को बचाने के लिए एक अखिल भारतीय कुत्ता पार्टी के अध्यक्ष कुत्ता स्वामी ने वकायदा कुत्ता आश्रम खोल रखा है जहाँ लोगों को कुत्ता बनने के लिए आवश्यक प्रवचन दिए जाते हैं एक भाषण में युवा क्रांतिकारी प्रखर-प्रचंड नेता कुत्ता श्री स्वामी ने कहते है- कुत्ता धर्मनिरपेक्ष होता है वह हिन्दु-मुस्लिम, सिख या ईसाई में भेद नहीं करता है, सभी को अपना समझ कर ही काटता है। अतः कुत्ता राजा होता हैं क्योंकि कुत्ता आदमी (जनता) को काट सकता है पर आदमी कुत्ता को नहीं काट सकता। कुत्ता स्वामी आगे अपने आर्शिवचन में कहते है- कुत्ते को स्थान-काल-परिवेश के अनुसार अपने व्यावहार- वेश-भूषा में आवश्यक परिवर्तन करते रहना चाहिए ताकि जनता को लगे कि फलां कुत्ता बड़ा साफ छवि वाला है जब भी काटता है'' बड़ा ही सेक्युलर तरीके से काटता है। कुत्ता स्वामी हमेशा अपने प्रवचन के अंत में सभी भक्तों को कहते हैं।

**पुनः कुक्कुरः भवः**
**पुनः श्वानः भवः**



चलते-चलते एक बात और- मुझे एक साहब ने घर पर बुलाया, मैं घर के गेट पर पहुँचा, वहाँ गेट पर तख्ती लटकी पड़ी थी उसमें लिखा था- '' कुत्ता से सावधान।'' मैं डरते-डरते अंदर पहुँचा- कुत्ते की न तो कोई मधुर भौं-भौं, न उसके अपने चेन से निकल कर मुझ पर झपटने का प्रयास, एकदम शांत वातावरण मुझे समझ में नहीं आया कि मुझे किस कुत्ते से सावधान होने के लिए कहा गया था। इस तरह विभिन्न प्रकारों के सुखों को यदि आप प्राप्त करना चाहते है तो आपके लिए मेरे पास एक लल्लन टॉप मंत्र है- '' कुत्ता बनिए'' आनंद पाइए। पर याद रहे यह सुख केवल आदमजात ही प्राप्त कर सकता है जो मानव ईमानदारी, मेहनत, संस्कार, मानवता, प्रजातंत्र इत्यादि को मानते हैं वे इस मंत्र का जाप न करें, परहेज करें, पर बाकी सब ऐरे-गैरे-नत्थू खेरे इस मंत्र का भरपूर इस्तेमाल करें और विश्वास करें कि वे भी कुक्कूरपना का स्वर्गतुल्य सुख यही से प्राप्त होगा और सभी बन्धु-बान्धव को कुत्ता बनने के लिए प्रेरित करें।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# फेसबुक



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

पति ने सुबह -सुबह ।
फेसबुक पर पोस्ट किया ।
आज की सुबह सुहानी है ।
लगता है कि अच्छा
गुज़रेगा ।
पत्नी ने लाइक के साथ
उत्तर दिया ।
चाइलेंज एक्सेप्टेड ।
तब से पति का दिमाग घूम
गया है ।
इतने दिनों से मेरी पत्नी
ही,
मेरी गर्लफ्रेंड बनी हुई
थी ।
ओह! पता नहीं क्या-
क्या?
बहुत दर्द होता है भाई ।
जिस पर आँख बंद कर ।
विश्वास करो ।
वही,
यह अहसास करा देता है ।
कि वाकई तुम अंधे हो ।।
पता नहीं और कितनों की,
गर्लफ्रेंड बनी हुई होगी ।
यह सोच कर ही,
कलेजा मुँह को आता है ।।
हर किसी की किस्मत,
सुनीता विलियम्स के,
पति जैसी नहीं होती है ।
कि सात दिन बोलकर
गईं।
और नौ महीनों बाद ।
लौट कर आईं।
न तो पति पूछ पाया क्यों?
और न पत्नी पूछ पाई ।
कैसे रहें ? इतने महीने ।
क्या -क्या किया ?
सोचता हूँ ,
यह नारी शक्ति भी ।
क्या चीज है ?
जैसे -जैसे उम्र बढ़ती है ।
इत्र की जगह ।
आयोडेक्स ही काम आता
है ।
तब से आयोडेक्स का ।
केमिकल ढूढ़ रहा हूँ ।
यह किस कम्पोनेंट्स से
बनता है ।
जिंदगी में सीधा होना
बहुत टेढ़ा काम है ।
अब अखबार में उपर
खबर थी
पिचहतर वर्ष के बूढ़े ने ।
तीस वर्ष की महिला से ।
शादी कर ली है ।।

उसी के नीचे एक और..?
खबर छपी थी ।
जब पूराने कर्मचारी ।
रिटायर्ड नहीं होंगे तो ।
नयों को ..??
कैसे रोजगार मिलेगा?
अब समझ में आया ।
कुछ लोग आपसे ।
सिर्फ इसीलिए ।
नफरत करते हैं ।
क्यों कि ?
बहुत सारे लोग ।
आपसे ।
बहुत प्यार करते हैं ।।
यह अलग बात है ।
कि आपको।
इसकी खबर नहीं
होती ।
क्यों कि,
आप अपनी दुनिया में,
बेखौफ, बिंदास,
मस्त रहते हैं ।।

# झूले पर झूलती लड़की



चारुमित्रा

महाकुंभ का मेला
रौनक अपार
मन्नत की थाल
नदी का
प्यार
लोगों
का
हुजूम
सभी
बराबर
न कोई छोटा ,न बड़ा
उसी भीड़ में था
नट का झूला
झूले पर झूलती लड़की
बालू में धंसी दो बांस
उसपर बंधी मोटी रस्सी
न कोई आम, न कोई
ख़ास
हाथ में डंडा
पैरों को थाली में डाल
जान हथेली में रख
चल रही चाल
झूले पर झूलती लड़की
नीचे खड़ी है माँ
हिम्मत बढ़ाने को
भीड़ जा रही संगम की
तरफ
झूले पर झूलती लड़की
भरी भीड़ में थी अकेली
न संगी न सहेली
झूले पर झूलती लड़की
बस झूलती रहती है
जीवन भर
रेले में ,मेले में।

# गुल्लक

गुल्लक का प्रचलन और हमारा बचपन एक दूसरे के पूरक हैं।गुल्लक मध्यमवर्गीय परिवार का एक सदस्य जैसा है जो न जाने हमारी कितनी पीढ़ीयों के सुख-दुख और उतार-चढ़ाव का साक्षी रहा है। गुल्लक का इतिहास मध्ययुग से जुड़ा है जब लोग पैसे रखने के लिए मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल करते थे ,जिसे पग कहा जाता था जो बाद में पिग्गी बैंक के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मध्यकाल में गुल्लक के बर्तन खास तरह की मिट्टी से बने होते थे जिन्हें पग या क्ले कहा जाता था। तब ना तो बैंक होते थे और ना ही तिजोरी। इस कारण लोग अपने पैसे इन्हीं मिट्टी के बर्तनों मे रखा करते थे,इन बर्तनों के मुंह चौड़े होते थे जिन्हें कपड़ों से बांध कर रखा जाता था। इन गुल्लकों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बचत सीखाना था, जिसकी व्यवहारिकता आज भी वही है। यह परिवार का एक पारंपरिक बैंक है जो बच्चों को ना सिर्फ पैसे बचाने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि वित्तीय समझ को भी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



कंचन सिंह

गुल्लक बच्चों के अंदर यह समझ पैदा करता है कि कभी-कभी छोटी बचत भी बड़ा रूप ले सकती है मैंनें कई अरबपति उद्योगपतियों की बायोग्राफी पढ़ी है जिन्होंने अपने बिजनेस की शुरुआत अपने गुल्लक में पड़े पैसों से की थी। गुल्लक सिर्फ हमारी बचत की आदत हीं विकसित नही करता बल्कि बच्चों को यह समझने में भी मदद करता है की छोटी बचत को कैसे बड़े राशि में बदल सकते हैं और पैसे को कैसे प्रतिबंधित कर सकते हैं। वित्तीय आत्मनिर्भरता का अनुभव भी बच्चों को सबसे पहले गुल्लक में जमा किए गए पैसे को खर्च करके ही प्राप्त होता है।गुल्लक बच्चों को आत्मनिर्भरता के साथ-साथ अनुशासन और संयमित होना भी सीखाता है।

बच्चों को बचत सिखाता ये गुल्लक हमारे बुरे समय का साथी भी होता है और बच्चे पूरे संयम के साथ इस गुल्लक के भरने का इंतजार करते हैं और जब यह गुल्लक टूटता है तो कई सपने पूरे होते हैं और एक सपना पूरे होने के बाद शुरुआत होती है नए सपने की। गुल्लक हमारे परिवार की उम्मीद होती है उम्मीदों वाली गुल्लक, खुशियों वाली गुल्लक,सपनों वाली गुल्लक तो होनी चाहिए ना हर एक घर में एक गुल्लक।

## आज का दोहा

हर 'कसाब' जो ख्वाब में, ढूंढ रहा है हूर।
आंख खुली, कहने लगा, 'फंदा' नहीं हुज़ूर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासारइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सिगरेट पीने से पुरुषों में कम हो सकती है पिता बनने की क्षमता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

धूम्रपान से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में सबसे ज्यादा बात कैंसर को लेकर होती है। लेकिन धूम्रपान से कैंसर होने के जोखिम के अलावा और भी कई नुकसान होते हैं। हाल ही में इस संबंध में कई स्टडी सामने आई हैं, जिसमें यह दावा किया गया है कि जो पुरुष धूम्रपान करते हैं, उनमें पिता बनने की क्षमता कम होती है। इसके अलावा, इससे उनके शुक्राणु पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।



यह जोखिम उन सभी युवाओं के लिए है जो लंबे समय से धूम्रपान के आदी हैं। इस विषय पर आईएएनएस ने सीके बिरला अस्पताल के डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर से खास बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धूम्रपान करने से पुरुषों के शुक्राणुओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिसका सीधा असर उनकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। सिगरेट से शुक्राणुओं की गतिशीलता और उनकी संख्या पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे हानिकारक तत्व इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। अगर लंबे समय तक सिगरेट पीना जारी है, तो निश्चित तौर पर स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है इसके अलावा, सिगरेट का सेवन शुक्राणुओं के डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है। यह भ्रूण के विकास को भी प्रभावित कर सकता है और गर्भपात का खतरा बढ़ा सकता है। सिगरेट के विषाक्त पदार्थ ऑक्सीडेटिव तनाव को बढ़ाते हैं, जो शुक्राणु कोशिकाओं को नष्ट करता है।डॉ. जैन ने पुरुषों से धूम्रपान छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा, "धूम्रपान न केवल आपके समग्र स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह आपकी प्रजनन क्षमता को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और धूम्रपान से दूरी बनाकर पुरुष अपनी प्रजनन क्षमता को बेहतर कर सकते हैं।

## धूम्रपान से पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य पर खतरा: इरेक्टाइल डिसफंक्शन और शुक्राणु गुणवत्ता पर गंभीर असर

फोर्टिस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. परेश जैन ने भी चेतावनी दी है कि सिगरेट पीने से पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन (ईडी) का एक कारण हो सकता है, बल्कि शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता को भी कम करता है। सिगरेट में मौजूद निकोटीन और हानिकारक रसायन रक्त वाहिकाओं को संकुचित करते हैं, जिससे लिंग में रक्त प्रवाह कम होता है। यह ईडी का प्रमुख कारण बन सकता है। धूम्रपान रक्त वाहिकाओं की आंतरिक परत को भी नुकसान पहुंचाता है और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को कम करता है, जिससे कामेच्छा और ईडी की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

**धूम्रपान और पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य : मुख्य बिंदु**

**डीएनए को नुकसान :** लंबे समय तक धूम्रपान करने से शुक्राणुओं के डीएनए को क्षति हो सकती है, जिससे भ्रूण विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है।

# युवती ने 21वें फ्लोर से लगाई छलांग, मौके पर हुई मौत

**एजेंसी। नोएडा**

नोएडा के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। शनिवार, 19 अप्रैल को सुबह एक 21 वर्षीय युवती ने 21वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान उन्नति के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली थी।

मृतका उन्नति, पुत्री गोपाल मोहन, लोटस बुलेवर्ड सोसायटी के टावर नंबर 12 के फ्लैट नंबर 2101 में रह रही थी। आज सुबह अचानक उसने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। 21वीं मंजिल से नीचे गिरने की वजह से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-39 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने मृतका के पिता को भी सूचना दे दी है। फिलहाल, पुलिस द्वारा मौके पर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर ली गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवती के कमरे की तलाशी भी ली जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके। लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में इस हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सोसायटी के निवासी इस घटना से स्तब्ध हैं और युवती के इस कदम पर हैरानी जता रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने जनता को किया सचेत

# धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी

**धोखाधड़ी का तरीका**

- फर्जी वेबसाइटें, सोशल मीडिया पेज, व्हाट्सएप अकाउंट और गूगल/फेसबुक पर पेड विज्ञापन के माध्यम से लोगों को ठगा जा रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने धार्मिक संस्थानों और पर्यटन सेवाओं के नाम पर हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जनता को सचेत करने के लिए शनिवार को चेतावनी जारी की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने जनता को ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी के बारे में सचेत किया है। विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया गया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। आई4सी ने एक बयान में कहा कि यह धोखाधड़ी फर्जी वेबसाइटों, भ्रामक सोशल मीडिया पेजों, फेसबुक पोस्ट और गूगल जैसे सर्च इंजनों पर पेड विज्ञापनों के जरिए की जा रही हैं। इन घोटालों में पेशेवर दिखने वाली लेकिन फर्जी वेबसाइटें, सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर केदारनाथ, चारधाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के लिए गेस्ट हाउस और होटल बुकिंग, ऑनलाइन कैब या टैक्सी सेवा बुकिंग और हॉलिडे पैकेज और धार्मिक यात्राएं जैसी सेवाएं देने का दावा करते हैं। इन प्लेटफार्मों के माध्यम से भुगतान करने पर लोगों को जब बुकिंग की कोई पुष्टि या सेवा प्राप्त नहीं होती और संपर्क के लिए दिए गए नंबर पहुंच से बाहर हो जाते हैं, तो उन्हें ठगे जाने का एहसास होता है।

इन घोटालों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र बहु-आयामी रणनीति अपना रहा है। आई4सी ने कहा कि घोटाले का पता लगाने के लिए गूगल, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसे आईटी मध्यस्थों के साथ नियमित रूप से स्कैम सिग्नल का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि साइबर अपराध के हॉटस्पॉट की पहचान की जा रही है तथा जिन राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों से अपराध की शुरुआत हो रही है, उन्हें सतर्क और संवेदनशील बनाया जा रहा है। नागरिकों की सुरक्षा के लिए फर्जी वेबसाइटों या विज्ञापनों और नकली सोशल मीडिया अकाउंट की पहुंच को बंद किया जा रहा है। इसके अलावा परेशानी मुक्त शिकायत की सुविधा के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर संदिग्धों की जांच और रिपोर्टिंग सुविधा विकसित की गई है।

## पर्यटन सेवाओं में धोखाधड़ी से बचाव के लिए आई4सी की सख्त चेतावनी

आई4सी ने लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी है। आई4सी के अनुसार, लोग कोई भी भुगतान करने से पहले हमेशा वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करें। गूगल, फेसबुक या व्हाटसएप पर प्रायोजित या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सत्यापन करें। केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से बुकिंग की क्रॉस-चेकिंग करें। ऐसी वेबसाइटों की शिकायत तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें या किसी भी धोखाधड़ी के मामले में 1930 पर कॉल करें। केदारनाथ हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए आधिकारिक बुकिंग केवल https://www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से की जा सकती है। वहीं सोमनाथ ट्रस्ट की सेवाओं और गेस्ट हाउस बुकिंग के लिए आधिकारिक वेबसाइट https:somnath.org है।



- आई4सी ने अत्यधिक सावधानी बरतने और सुरक्षा उपायों का पालन करने की दी सलाह

### उत्तराखंड बोर्ड दसवीं और बारहवीं का परिणाम जारी

# हाईस्कूल के 90.8 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के 86.7 फीसदी बच्चे पास

**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने हाई स्कूल (10वीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा 2025 के परिणाम 19 अप्रैल 2025 को घोषित कर दिया। इस साल हाई स्कूल में 90.87 फीसदी और इंटरमीडिएट में 86.20 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए। परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हाई स्कूल परीक्षा में 1,09,859 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 99,725 पास हुए। उत्तीर्ण प्रतिशत 90.87 फीसदी रहा, जिसमें छात्रों का पास प्रतिशत 88.20 फीसदी और छात्राओं का 93.25 फीसद रहा। बागेश्वर के जतिन जोशी ने 500 में से 496 अंक (99.20 फीसदी) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। टिहरी की कनकलता ने 495 अंक (99 फीसदी) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान उत्तरकाशी के दिव्यम और उधम सिंह नगर की दीपा जोशी ने साझा किया, दोनों ने 494 अंक (98.80 फीसदी) प्राप्त किए। इंटरमीडिएट परीक्षा में 1,06,345 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिनमें से 88,518 पास हुए। कुल पास प्रतिशत 86.20 फीसदी रहा। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.10 फीसदी और छात्राओं का 86.20 फीसदी रहा। देहरादून की अनुष्का राणा ने 493 अंक (98.60 फीसदी) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान देहरादून के केशव भट्ट और उत्तरकाशी की कोमल कुमारी ने साझा किया, दोनों ने 489 अंक (97.80 फीसदी) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर आयुष सिंह रावत रहे, जिन्होंने 484 अंक (96.80 फीसद) हासिल किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ये परिणाम छात्रों के लिए नई राहें खोलेंगे। परिणाम घोषणा के बाद छात्रों में उत्साह देखा गया।



## मध्य प्रदेश में प्रेम प्रसंग पर भड़की हिंसा

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक प्रेम प्रसंग के मामले ने हिंसा का रूप ले लिया। उपद्रवियों द्वारा दुकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई, तो वहीं पुलिस को हालात पर काबू पाने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। मामला सागर जिले के सानौधा थाना क्षेत्र का है। यहां दो अलग-अलग समुदायों के लड़का-लड़की में प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह शुक्रवार की रात को अपने घरों से भाग गए। यह मामला सामने आने पर शनिवार को एक समुदाय के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों के घरों में जमकर तोड़फोड़ की और कुछ घरों में आग तक लगा दी।

## संविधान ही सर्वोपरि, मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा : अखिलेश यादव

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की और दावा किया कि रामजी लाल के घर पर हमला भी साजिश के तहत किया गया। अखिलेश यादव ने देश के संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि बाबासाहेब के संविधान और जो लोकतंत्र में हमें जो अधिकार मिले हैं, उनके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। हमें संविधान और कानून पर पूरा भरोसा है। जिन्होंने तलवार लहराई, जो बहुत सी तैयारियों के साथ आए, जिन्होंने गलियां दी हैं, वे आज भी सोशल मीडिया पर हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम लोग कानून मानने वाले हैं। भाजपा कानून को नहीं मानती। वह अधिकार को छीनने वाली है। सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि पीडीए की ताकत सपा के साथ खड़ी है। आज सामंतवादी और प्रभुत्ववादी लोगों को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि 'जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे', आखिरकार कौन हैं इनके पीछे।

## तेजस्वी ने भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरा हर टेंडर में मंत्री का 30 फीसदी कमीशन तय

**पटना।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जोरदार सियासी हमला बोला। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि भ्रष्टाचार का आलम है कि सभी विभागों में ताबड़तोड़ टेंडर निकाला जा रहा है, जिसमें सभी विभागीय मंत्रियों का 30 प्रतिशत कमीशन तय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे उन्हें चुनाव का खर्च भी निकालना है। पटना में एक प्रेस वार्ता में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अब कितना भी दम लगा लें, उनकी सरकार नहीं बनने वाली है। इसलिए आनन-फानन में टेंडर निकाला जा रहा है। मात्र तीन महीने की कैबिनेट की बैठक में 76 हजार करोड़ रुपए की ही स्वीकृति मिली है। इसमें अधिकतर योजनाएं निर्माण से जुड़ी हुई हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार वार्षिक रूप से हर साल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए लोन की राशि चुकाती है। ब्याज का तो छोड़ दीजिए। बिहार सरकार सरकारी खजाने से चुनाव को लेकर यात्रा और राजनीतिक प्रचार कर रही है। जनता इसका जवाब मांग रही है।

## डबल इंजन की सरकार से बिहार को लाभ हो रहा है, लोग इसे नहीं बदलेंगे : संजय झा

**पटना।** राज्यसभा सांसद एवं जदयू पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने शनिवार को यहां कहा कि डबल इंजन की सरकार से बिहार को लाभ हो रहा है और लोग नहीं चाहते हैं कि इसमें कोई बदलाव आए। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इंडी एलायंस की बैठक और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार आगमन पर संजय झा ने कहा कि बिहार में यह चुनावी साल है। इस साल बहुत लोग यहां दिखाई देंगे लेकिन बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है और 2025 में भी उनके नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी। बिहार में कांग्रेस का कुछ नहीं बचा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा एनडीए की सरकार पर भ्रष्टाचार में सरकारी राशि की लूट को लेकर राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि तेजस्वी यादव को पहले उस विषय पर बोलना चाहिए जिसके ऊपर जांच चल रही है। नौकरी के बदले जमीन के मामले पर उन्हें पहले बोलना चाहिए। नीतीश कुमार के राज्य में बहुत बड़े-बड़े काम हुए हैं। जबकि तेजस्वी यादव को कोर्ट लगातार बुला रहा है, इस पर कभी उन्होंने बयान नहीं दिया है।

## जेईई मेन में हर्ष झा का शानदार प्रदर्शन, 100 पर्सेंटाइल हासिल करने का खोला राज

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन सेशन 2 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले 24 छात्रों में से एक दिल्ली के हर्ष झा भी हैं। हर्ष ने आईएएनएस से बातचीत में अपनी सफलता का राज बताया। 100 पर्सेंटाइल हासिल करने वाले हर्ष झा ने बताया कि मैंने ऑल इंडिया रैंक 23 हासिल की और मुझे 100 पर्सेंटाइल प्राप्त हुआ है और मैं दिल्ली से हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, परिणाम बेहद शानदार है। परीक्षा देने के बाद मुझे उम्मीद थी कि अच्छा परिणाम आएगा, लेकिन इतना शानदार रिजल्ट मिलेगा, यह नहीं सोचा था। एग्जाम के लिए अपनी तैयारी के बारे में हर्ष ने कहा, " मेरी तैयारी बहुत अच्छी थी। मैंने घंटों के हिसाब से पढ़ाई नहीं की, बल्कि जब मन करता था, तब पढ़ता था। मेरा डेली रूटीन यह था कि सुबह मैं मुश्किल और चैलेंजिंग टॉपिक्स पढ़ता था, फिर धीरे-धीरे आसान चीजों पर जाता था।"अपनी इस उपलब्धि का श्रेय हर्ष पूरे परिवार को देते हैं। उन्होंने कहा, " परिवार से मुझे बहुत सपोर्ट मिला, मेरे पापा मैथ्स के टीचर हैं, उन्होंने मुझे खूब सपोर्ट किया और मम्मी ने भी उनका साथ दिया।" हर्ष खुलासा किया कि कैसे उन्होंने खुद को मांझा और अपने लक्ष्य के करीब पहुंचे।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बेटी के ससुर से प्यार तो समधन फरार, सिलेंडर तक ले गई

**एजेंसी। बदायूं**

अपने दौर के मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब ने कभी लिखा था, 'इश्क ने 'ग़ालिब' निकम्मा कर दिया वर्ना हम भी आदमी थे काम के '। बॉलीवुड ने भी इसे खूब भुनाया और 'निकम्मा किया इस दिल ने' पर युवाओं को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। कहने का मतलब है कि दौर बदलते रहे और मोहब्बत का मुकाम भी बदलता चला गया। कितना खूबसूरत अहसास होती है मोहब्बत, जिसे चाहो, उसे चुपके-चुपके याद करो और मुस्कुराते रहो। आज के दौर में मोहब्बत 'लाल इश्क' से आगे बढ़कर 'फरार इश्क' हो चुकी है। मतलब, मोहब्बत के नाम पर तमाम ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन्हें जानकर न सिर्फ आप सिर पीट लेंगे, हर गुजरते दिन के साथ ढहती सामाजिक मर्यादाओं पर शर्मिंदा हो जाएंगे।

पिछले दिनों अलीगढ़, मेरठ और बरेली से सामने आई घटनाएं हमारे सामने सवाल उठाती हैं कि क्या बड़े होने के नाते हमारा ऐसा फर्ज़ बनता है कि अपने आने वाले भविष्य को इस तरह से कलंकित करें। दरअसल, बदायूं के दातागंज से एक ऐसी ही खबर सामने आई है, जिस पर मोहब्बत का स्टीकर चिपकाया जा रहा है। लेकिन, स्थिति उतनी सीधी नहीं है, जितनी बताई जा रही है। बदायूं में एक महिला अपनी बेटी के ससुर के साथ फरार हो गई। हैरानी की बात यह है कि महिला के चार बच्चे हैं। एक लड़की की शादी 2022 में हुई थी। उसी बेटी के ससुर के साथ महिला को प्यार हो गया और उसने जीवन गुजारने का फैसला कर लिया। इस पूरी घटना पर महिला के पति सुनील कुमार का कहना है कि वह ट्रक ड्राइवर है। इस कारण घर पर कम ही रहता है। पत्नी को जब भी जरूरत होती थी, पैसे भेज दिया करता था। मेरे पीठ पीछे पत्नी समधी शैलेंद्र उर्फ विल्लू को बुलाती थी। आरोपी रोडवेज बस का सरकारी ड्राइवर है। इस बार भी पत्नी ने समधी को बुलाया और उसके साथ फरार हो गई। पति का कहना है कि उनकी पत्नी पहले भी तीन बार समधी के साथ भाग चुकी है। इसके बाद भी पत्नी को घर में रखा, लेकिन, उसमें कोई सुधार नहीं हुआ।

### पीएम के प्रधान सचिव ने प्रबंधन के विद्यार्थियों को संबोधित किया

# सुधार प्रदर्शन और परिवर्तन से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा : डॉ मिश्रा

**एजेंसी। संबलपुर**

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी के मिश्रा ने कहा है कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था केवल जीडीपी का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह लाखों लोगों को गरीबी से उबारने, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, सुरक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत काल के दृष्टिकोण से ''सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन'' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर तक ले जाने का प्रयास है । डॉ मिश्रा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, संबलपुर, ओडिशा के 9 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातक छात्रों को ''वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में अवसर और चुनौतियां'' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप 'संपूर्ण विश्‍व एक परिवार है', डॉ. मिश्रा छात्रों को ऐसे प्रबंधक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो न केवल व्यवसायों का प्रबंधन कर सकते हैं बल्कि मूल्यों, विविधता और परिवर्तन का भी प्रबंधन कर सकते हैं।

उन्होने दोहराया कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हम सभी 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर पर ले जाएं। इस प्रयास में हम सभी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बन जाए।''वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक संदर्भ में अवसर और चुनौतियां'' विषय पर संबोधित करते हुए, डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण समय में रह रहे हैं क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, संरक्षणवादी नीतियों, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और बदलते वैश्विक व्यापार पैटर्न सहित जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जहां हम अभूतपूर्व गति से तकनीकी सफलताएं देख रहे हैं; वहीं आपूर्ति श्रृंखलाओं की फिर से कल्पना की जा रही है और व्यापार संबंधों को फिर से परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु और स्थिरता हर बातचीत के केंद्र में हैं और इस मंथन के बीच, एक बात स्पष्ट है भविष्य सिर्फ विरासत में नहीं मिलेगा, बल्कि इसे बनाया जाएगा।डॉ. मिश्रा ने भारत की सुदृढ़ता पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक स्थिति सकारात्मक है क्योंकि यह आंतरिक परिवर्तन के साथ-साथ वैश्विक गतिशीलता में भी बदलाव ला रहा है। प्रधान सचिव डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक तरफ आंतरिक रूप से, बढ़ती अर्थव्यवस्था, युवा आबादी, बुनियादी ढांचे का विस्तार और तकनीकी प्रगति हमारी ताकत है, वहीं वैश्विक स्तर पर भारत का भू-राजनीतिक प्रभाव, रणनीतिक साझेदारी, प्रवासी समुदाय, वैश्विक प्रभाव के मामले में सॉफ्ट पावर हमारे देश के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।डॉ. मिश्रा ने वैश्विक नवाचार पावरहाउस बनने में भारत के कौशल का उदाहरण दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ, हम दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम हैं।इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और सौर जैसे क्षेत्रों में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के बारे में बात करते हुए विनिर्माण पुनरुत्थान को बढ़ावा दे रहे हैं, डॉ मिश्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह संचालन, रसद, आपूर्ति श्रृंखला रणनीति और विनिर्माण उत्कृष्टता में रोमांचक भूमिकाएं खुलती हैं।



- 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' की प्रक्रिया के माध्यम से देश को अगले स्तर पर ले जाएं

## एक नजर

### एशियाई क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए 15 टीमें भिड़ेंगी

**भुवनेश्वर।** कलिंगा सुपर कप का पांचवां संस्करण रविवार को शुरू होगा, जिसमें 15 टीमें ट्रॉफी और अगले सीजन के एएफसी चैंपियंस लीग टू में जगह बनाने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। पिछले दो सालों से अलग, जहां टूनार्मेंट में ग्रुप स्टेज के बाद सेमीफाइनल खेले गए, इस सीजन में 2018 और 2019 की तरह पूरी तरह से नॉकआउट प्रारूप होगा, जिसका मतलब है कि हर मैच 'करो या मरो' वाला होगा। भुवनेश्वर के साथ कलिंगा सुपर कप का खास रिश्ता है। 2018 में पहले संस्करण के बाद से चार संस्करणों में से तीन का आयोजन कलिंगा स्टेडियम में किया गया था, और टूनार्मेंट का एकमात्र आयोजन ओडिशा के बाहर कोझिकोड में 2023 में हुआ था, जिसमें ओडिशा एफसी ने ट्रॉफी जीती थी और उसे भुवनेश्वर लाया गया था। पिछले साल, ईस्ट बंगाल एफसी ने फाइनल में अतिरिक्त समय के रोमांचक दौर के बाद जुगरनॉट्स को 3-2 से हराकर खिताब छीन लिया था। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने राष्ट्रीय ट्रॉफी के लिए अपने 12 साल के इंतजार को खत्म किया, और उसी मैदान पर अपने ताज का बचाव करने के लिए तैयार है। ईस्ट बंगाल के लिए खिताब का बचाव करना कोई नई बात नहीं है, उन्होंने 2009-10 और 2010 में लगातार फेडरेशन कप जीते हैं।

### एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 11 पदकों के साथ किया अभियान का समापन



**नई दिल्ली।** हिमांशु जाखड़ ने शनिवार को सऊदी अरब के दम्मम में एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 67.57 मीटर की दूरी दर्ज करके भारत को पहला भाला फेंक स्वर्ण पदक दिलाया। यह स्वर्ण पदक महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी है। हरियाणा के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने चीन के लू हाओ (63.45 मीटर) और उज्बेकिस्तान के रुसलान सादुल्लाव (61.96 मीटर) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हिमांशु का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 74.56 मीटर (700 ग्राम) है, जो उन्होंने दिसंबर, 2024 में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### डेविड वार्नर एमएलसी 2025 में सिएटल ऑर्कास के लिए खेलते नजर आएंगे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाज डेविड वार्नर अब अपने क्रिकेट करियर की एक नई शुरूआत करने जा रहे हैं। 37 साल के वॉर्नर ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के तीसरे सीजन के लिए सिएटल ऑर्कास टीम से करार किया है। यह टूनार्मेंट 12 जून से 13 जुलाई 2025 तक अमेरिका में खेला जाएगा। यह वार्नर का एमएलसी में पहला मुकाबला होगा। यह लीग साल 2023 में शुरू हुई थी और धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। टी20 क्रिकेट के सबसे शानदार बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले वार्नर अब तक 401 टी20 मैच खेल चुके हैं और 12,956 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 140.27 है। वॉर्नर की खासियत है कि वह शुरूआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और बड़े-बड़े शॉट्स खेलने से नहीं डरते।

## 2036 के ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में कराने के प्रयास : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऐतिहासिक केडी. सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को आयोजित 'सांसद खेल महाकुंभ' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कई बातों का जिक्र किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की पहल का स्वागत किया। वहीं, इसे भारत के लिए मील का पत्थर भी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से भारत के कई सांसदों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करके समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। आज लखनऊ का नाम भी उस कड़ी में जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि समाज में खेल और खिलाड़ियों के न केवल महत्व को समझा जाए, बल्कि उन्हें फलने-फूलने का पूरा अवसर भी दिया जाए।



■ आज 'खेलो इंडिया' के तहत तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों को प्रति माह 50 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है, जो उन्हें प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, आवश्यक उपकरण और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

आज पूरा देश, नेशन फर्स्ट को पहले रखकर खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है। उन्होंने कहा, "हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में हर प्रदेश और देश के हर जिले के प्रत्येक नागरिक की भूमिका है। विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित लखनऊ का विचार भी सीधा जुड़ा हुआ है। इसलिए, भारत के हर नागरिक को एक लक्ष्य और एक संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।" रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ शहर अपनी स्पोर्टिंग कल्चर के लिए केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश-विदेश में जाना जाता था। जिन महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडियम जाना जाता है, उन्होंने यहां काफी लंबा समय बिताया। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले ध्यानचंद ने भी लखनऊ की खेल संस्कृति को संवारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और विख्यात ओलंपियन जमन लाल शर्मा की यह कर्म भूमि रही है। भारत का पहला एस्ट्रो टर्फ भी इसी लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में अस्सी के दशक में लगाया गया। लखनऊ में आजकल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले हो रहे हैं, मगर एक समय था, जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शीशमहल ट्रॉफी नाम से एक क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होता था और टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ी लखनऊ में खेलते नजर आते थे। उन्होंने कहा कि लखनऊ अपनी स्पोर्टिंग कल्चर के लिए कितना विख्यात रहा है, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि आजादी के बाद जब पहली बार नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया तो हमारे-आपके इसी शहर में किया गया। उसके बाद भी समय-समय पर यहां नेशनल और इंटरनेशनल स्पोर्टिंग इवेंट्स आयोजित होते रहे हैं और आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर में जुड़ गया है।



जोस बटलर शतक से चूके

## गुजरात की दिल्ली पर सात विकेट से बड़ी जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जोस बटलर शतक से चूक गए लेकिन गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल कर ली। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। दिल्ली ने 8 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 203 रन बनाए। इस दौरान आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर 37 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी गुजरात की ओर से जोस बटलर ने 54 गेंदों पर 97 तो रुदरफोर्ड ने 34 गेंदों पर 43 रन बनाकर जीत की राह खोल दी। आखिरी ओवरों में बटलर के पास शतक बनाने का मौका था लेकिन राहुल तेवतिया ने एक छक्का और एक चौका मारकर मैच खत्म कर दिया। उन्होंने बटलर को स्ट्राइक ही नहीं दी। अगर बटलर शतक बनाते तो उनके आईपीएल में आठ शतक हो जाते और वह विराट कोहली की बराबरी पर आ जाते।

दिल्ली को अभिषेक पोरेल ने 9 गेंदों पर 18 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। केएल राहुल ने 14 गेंदों पर 28 रन बनाए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 200 छक्के लगाने के मामले में संजू सैमसन से ऊपर हो गए हैं। करुण नायर ने 18 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। कप्तान अक्षर पटेल ने 32 गेंदों पर 1 चौके और 2 छक्कों की मदद से 39 रन बनाए। जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 गेंदों पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने 41 रन देकर 4 विकेट लिए।

## नेमार को पैर में नई चोट लगी है: सैंटोस

**एजेंसी**

**रियो डी जेनेरो।** सैंटोस फॉरवर्ड नेमार को पैर की मांसपेशियों में नई चोट का पता चला है, क्लब ने शुक्रवार को पुष्टि की, जो पूरी तरह से फिट होने के उनके लंबे संघर्ष में नवीनतम झटका है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 33 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को एटलेटिको मिनेरो पर सैंटोस की 2-0 की जीत के 34वें मिनट में मैदान से बाहर होना पड़ा और बाद के परीक्षणों में हैमस्ट्रिंग मांसपेशियों में से एक, सेमीमेम्ब्रानोसस को नुकसान की पहचान की गई,। अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में, सैंटोस ने कहा, अभी भी कोई निश्चित उत्तर देना जल्दबाजी होगी, हमारे पास अभी तक कोई निदान नहीं है,अब हमें वास्तव में प्रार्थना करनी होगी कि यह ऐसी चीज न हो जो उसे लंबे समय तक बाहर रखे। सैंटोस के कोच सीजर सैम्पाइओ ने कहा कि नवीनतम चोट पिछली समस्या की पुनरावृत्ति नहीं थी। सैंटोस ने कहा, नंबर 10 ने पहले ही उपचार शुरू कर दिया है और ... मांसपेशियों को मजबूत करने का काम जारी रखेगा।

हालांकि, उन्होंने ठीक होने की अनुमानित समयसीमा नहीं बताई। नेमार पिछले साल अक्टूबर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद से लगातार सॉफ्ट-टिशू चोटों से जूझ रहे हैं। फॉर्म में वापसी के बाद बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार को मार्च में विश्व कप क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें एक और मांसपेशियों की चोट के कारण वापस ले लिया गया।

33 वर्षीय खिलाड़ी, जो घुटने की चोट के कारण अक्टूबर 2023 से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, उनकी जगह रियल मैड्रिड के किशोर फॉरवर्ड एंड्रिक को शामिल किया गया है।



सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल से क्लब में लौटने के बाद से नेमार ने सैंटोस के लिए आठ मैच खेले हैं और तीन गोल किए हैं।

## आज आरसीबी के खिलाफ पंजाब किंग्स की नजरें सीजन डबल पर होंगी

**एजेंसी। चंडीगढ़**

शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उनके घरेलू मैदान पर हराने के बाद, पंजाब किंग्स की टीम रविवार को आईपीएल 2025 के 37वें मैच में सीजन डबल पूरा करने की कोशिश करेगी। आरसीबी के लिए यह एक तेज बदलाव रहा है, जिसे घर पर मिली करारी हार से उबरने का समय ही नहीं मिला। शुक्रवार को बेंगलुरु में बारिश से बाधित मुकाबले में उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप हास्यास्पद रूप से बिखर गई। 14-ओवर प्रति टीम के मैच में



सिमटकर, आरसीबी 9 विकेट पर 95 रन ही बना सकी - जिसमें टिम डेविड की नाबाद 50 रन की पारी ही एकमात्र उज्ज्वल स्थान रही। विराट कोहली, फिल साल्ट, रजत पाटीदार और लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी दो-तरफा पिच के अनुकूल ढलने में विफल रहे। मैच के बाद कप्तान पाटीदार ने माना कि जल्दी विकेट गिरने और साझेदारी की कमी ने उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। सात मैचों में आठ अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज आरसीबी को जल्दी से फिर से संगठित होने की जरूरत है। साल्ट और कोहली को मजबूत शुरूआत की जिम्मेदारी उठानी होगी, जबकि पाटीदार, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या से मध्यक्रम को स्थिर करने की उम्मीद की जाएगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे हफ्ते बढ़ा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में 1.57 बिलियन डॉलर बढ़कर 677.84 बिलियन डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों में दी गई। यह लगातार छठवां हफ्ता है, जब विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड बढ़त देखी गई है। इससे पहले 4 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 10.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 676.3 बिलियन डॉलर हो गया है। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटकों में से एक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 892 मिलियन डॉलर बढ़कर 574.98 बिलियन डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के साथ यूरो, पाउंड और येन को भी शामिल किया जाता है। विदेशी मुद्रा भंडार के एक अन्य अहम घटक गोल्ड की वैल्यू 638 मिलियन डॉलर बढ़कर 79.99 बिलियन डॉलर हो गई है। हफ्ते के दौरान, वैश्विक अनिश्चितता के चलते गोल्ड को बड़ी मात्रा में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों की ओर से खरीदा गया है।

### येस बैंक का चौथी तिमाही का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़कर 738 करोड़ रुपये हुआ

**मुंबई।** येस बैंक ने शनिवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में मजबूत प्रदर्शन की जानकारी दी, जिसमें बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 63.7 प्रतिशत बढ़कर 738.12 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में बैंक ने 451.9 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। मुनाफे में वृद्धि उच्च ब्याज आय, कम प्रावधानों और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता की वजह से दर्ज की गई। बैंक की कुल आय पिछले साल की समान अवधि के 9,015.8 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 9,355.4 करोड़ रुपये हो गई। मार्च 2024 तिमाही में 7,447.2 करोड़ रुपये की तुलना में ब्याज आय बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 7,616.1 करोड़ रुपये हो गई। दूसरी आय में भी वृद्धि देखी गई।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया हेक्टर मिडनाइट कार्निवल

#### ग्राहकों को मिलेगा लंदन जाने का मौका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 'मिडनाइट कार्निवल' शुरू किया है। सीमित समय के लिए शुरू किए गए इस खास अभियान में ग्राहकों को प्रत्येक वीकेंड आधी रात तक खुले रहने वाले शोरूम में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस ऑफर अवधि में, 20 भाग्यशाली एमजी हेक्टर खरीदारों को लंदन की ड्रीम ट्रिप जीतने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही ग्राहक इस ऑफर के तहत 4 लाख रुपये तक के खास फायदे भी पा सकते हैं। ऑफर प्रोग्राम के दौरान, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कार खरीदने के अनुभव को और भी बेहतर बनाने लिए कई तरह के वैल्यू-ड्रिवन ऑफर भी पेश कर रही है। नई हेक्टर के खरीदार इस ऑफर के तहत स्टैंडर्ड 3 साल की वारंटी के साथ ही 2 साल /1 लाख किमी की एक्सटेंडेड वारंटी का लाभ उठा सकते हैं। इसी के साथ ही



2 अतिरिक्त साल के लिए रोडसाइड असिस्टेंस भी पा सकते हैं। इस ऑफर के साथ ग्राहक 5 साल तक बिना चिंता हेक्टर का मजा उठा सकते हैं। इस अभियान के तहत वर्तमान में रजिस्टर होने वाली हेक्टर पर आरटीओ खर्च पर 50% की छूट और एमजी एक्सेसरीज तक की पहुंच का लाभ भी मिलेगा। इस तरह की पहल रवश के शौकीन लोगों को एक बेहतरीन कार पेश करने की एमजी मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करती है। मौके पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, भारत में एसयूवी के शौकीनों के लिए एमजी हेक्टर हमेशा से ही सबसे पसंदीदा मॉडल रहा है। हमारा मिडनाइट कार्निवल लोगों के इसी विश्वास का एक अनूठा उत्सव है।

### पीएम मोदी से बात करना सम्मानजनक

## इस साल भारत आने का बेसब्री से इंतजार : मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से बात करना उनके लिए सम्मानजनक है और वह इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अरबपति बिजनेसमैन और पीएम मोदी ने इससे पहले कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं शामिल हैं। एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, पीएम मोदी से बात करना सम्मानजनक है। मैं इस साल के अंत में भारत आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ से कई मुद्दों पर बातचीत की।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मस्क से अलग-अलग मुद्दों पर बात की, जिसमें इस साल की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। इन क्षेत्रों में भारत, अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले पीएम मोदी ने इस साल फरवरी में अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वाशिंगटन में मस्क से मुलाकात की थी। बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था, वाशिंगटन डीसी में एलन मस्क के साथ बैठक अच्छी रही। हमने स्पेस, मोबिलिटी, टेक्नोलॉजी



और इनोवेशन जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें वे मुद्दे भी शामिल हैं, जिन्हें लेकर वे बेहद उत्साही हैं। मैंने सुधार और 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात की।

## 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का कोई विचार नहीं: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह दावा कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल कर की जाने वाली पेमेंट से जुड़े मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पीटूएम) यूपीआई ट्रांजैक्शन से 30 दिसंबर, 2019 की गैजेट नोटिफिकेशन के जरिए एमडीआर को हटा दिया है। सीबीडीटी का यह निर्णय जनवरी 2020 से प्रभावी है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वर्तमान में यूपीआई ट्रांजैक्शन पर एमडीआर नहीं लगाया जाता है इसलिए इन ट्रांजैक्शन पर किसी तरह जीएसटी लागू नहीं है। सरकार यूपीआई के जरिए डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यूपीआई के विकास को समर्थन देने और बनाए रखने के लिए, वित्त वर्ष 2021-22 से एक प्रोत्साहन योजना चालू की गई है। आधिकारिक बयान में बताया गया है कि यह योजना विशेष रूप से कम मूल्य वाले यूपीआई (पीटूएम) ट्रांजैक्शन को टारगेट करती है। योजना के तहत ट्रांजैक्शन लागत को कम करने के साथ डिजिटल पेमेंट में भागीदारी और इनोवेशन को बढ़ावा देकर छोटे व्यापारियों को लाभ होता है। पिछले कुछ वर्षों में इस योजना के तहत आवंटन में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 1,389 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 2,210 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3,631 करोड़ रुपये शामिल हैं। एसीआई वर्ल्डवाइड रिपोर्ट 2024 के अनुसार,2023 में ग्लोबल रियल-टाइम ट्रांजैक्शन में भारत की भागीदारी 49 प्रतिशत थी, जो डिजिटल पेमेंट इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में देश की मजबूत स्थिति को दिखाता है। यूपीआई ट्रांजैक्शन वैल्यू में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो वित्त वर्ष 2019-20 में 21.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2025 तक 260.56 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के फरार एनडीपीएस के अभियुक्त के घर पुलिस ने शनिवार को गाजे बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाया। फरार अभियुक्त पत्थलगड्डा थाना के मनोज गिरी के पुत्र शक्ति गिरी बताया जा रहा है। पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिद्धौर थाना में युक्त अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज है। गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी अभियान चलाया गया, परंतु अभियुक्त फरार है। शनिवार को पत्थलगड्डा थाना के मदद से फरार अभियुक्त के घर में इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तिहार के माध्यम से अभियुक्त को जल्द न्यायालय या थाना में उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है। निर्धारित समय तक अभियुक्त न्यायालय या थाना में आत्म समर्पण नहीं करता है, तो वैसी स्थिति में घर की कुर्की जब्ती किया जाएगा। मौके पर पत्थलगड्डा थाना के अवर सहायक निरीक्ष अरविंद कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस के जवान व ग्रामीण मौजूद थे।

## फरार आरोपी रांची से गिरफ्तार, भेजा जेल

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनगांव निवासी यशवंत कुमार पिता अशोक साव लंबे समय से फरार था। शनिवार को थाना प्रभारी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली की जसवंत रांची में रह रहा है। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार ने एक टीम गठित कर पुलिस बल के साथ रांची से यशवंत कुमार को गिरफ्तार थाना ले आई। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि ग्राम नोनगांव निवासी आरोपी यशवंत कुमार पिता अशोक साव ग्राम पर पत्थलगड़ा थाना में मामला दर्ज था। उसे रांची से गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार चौकीदार मुकेश रजक, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# हाथी के हमले से महिला घायल रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में मौत

### सड़क पर शव रखकर विरोध में बालूमाथ-खलारी मुख्य मार्ग ग्रामीणों ने किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र अंतर्गत मारांगलोइया ग्राम में हाथी ने एक महिला को पटक कर घायल करने के बाद उसे ईलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने के दौरान महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार अहले सुबह महिला सुनीता देवी (38 वर्ष) पति धर्मदेव उरांव गांव से सटे जंगल में दातुन पत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई थी। वहां महिला को हाथी ने उठाकर पटक कर घायल कर दिया। महिला का पेट फट गया था। साथ में कुछ और भी लोग थे। उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई और शोरगुल करने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर किसी तरह हाथियों को भगाया। घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने



प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स जाने के क्रम में महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीण व परिजनों ने आक्रोश में आकर बालूमाथ-खलारी मुख्य मार्ग मरंगलोईया ग्राम के पास जाम कर दिया। इससे सड़क की दोनों और गाड़ियों की लंबे कतारें लग गई। परिजन और ग्रामीण हाथियों से हमेशा के लिए निजात की मांग कर रहे थे और मृतक के बच्चे को शिक्षा व्यवस्था के साथ मुआवजा और पति के लिए नौकरी की मांग की जा रहे थे। जाम स्थल पर वन विभाग और स्थानीय थाना पुलिस के साथ जनप्रतिनिधि पहुंच जाम हटाने की कोशिश की। ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए थे। समाचार लिखे जाने तक जाम लगा था। रेंजर नंदकुमार महतो ने महिला के मौत के बाद परिजनों को 40 हजार रुपए नकद दिया है। शेष बचे पैसे विधिवत देने की बात कही। बता दें कि मृत महिला अत्यंत गरीब परिवार से है। वह अपने पीछे चार बच्चे को छोड़ गई है। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लहर बंजारी में बनेगा एफओबी विद रैंप, रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति

■ **सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से मिली मंजूरी, जल्द होगी निविदा प्रकाशित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत ग्राम लहर बंजारी में एफओबी विद रैंप (लाइट आरओबी) निर्माण की स्वीकृति रेलवे बोर्ड ने दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 16 अप्रैल 2025 को पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी है।

बताया गया कि सांसद कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र (पत्रांक 86/DLI, दिनांक 10 फरवरी 2025) के आलोक में यह स्वीकृति प्राप्त हुई है।

ग्राम लहर बंजारी, उंटारी रोड और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को रेलवे लाइन पार करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसको देखते हुए सांसद ने यह मुद्दा 'लोकसभा में नियम 377 के तहत', धनबाद मंडल की बैठकों में, पत्राचार और रेल मंत्री से व्यक्तिगत भेंट के दौरान लगातार उठाया था।

अब रेलवे बोर्ड द्वारा एफओबी विद रैंप निर्माण की मंजूरी के बाद जल्द ही इसकी निविदा प्रकाशित की जाएगी और निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

सांसद विष्णु दयाल राम ने स्वीकृति के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति व्यक्तिगत रूप से एवं पलामू की जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

# ताश में हार व पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

● **छत्तरपुर के रुद गांव में हुई हत्या का हुआ खुलासा, वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी कड़ियां**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुद गांव में पारिवारिक रंजिश और ताश में हार की वजह से एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कृष्ण भुइयां उर्फ कईला (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई नरेश भुइयां ने 18 अप्रैल 2025 को थाना छत्तरपुर में इस संबंध में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम गठित की गई। वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी सहायता के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मुख्य अभियुक्त दिलीप भुइयां (19 वर्ष, ग्राम बारा) और उसका नाना नंदेव भुइयां (65 वर्ष, ग्राम रुद) शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में दिलीप भुइयां ने स्वीकार किया कि उसने मृतक को अपनी ममेरी बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा था और पूर्व में उसे चेतावनी भी दी थी। घटना वाले दिन यानी 17 अप्रैल को मृतक और आरोपी ताश खेल रहे थे, जिसमें मृतक ने ?3300 जीत लिए। इसी बात को लेकर दिलीप नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगा और अचानक टांगी से मृतक के सिर पर तीन बार वार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को छिपाने में उसने अपने नाना की मदद ली।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सनी टांगी और खून लगे कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। छापामारी टीम में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि राहुल कुमार, अनुसंधानकर्ता पुअनि सुशील उरांव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** शनिवार को जिला स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन डीआरडीए सभागार में किया गया जिसमें परियोजना की चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहायिका के द्वारा तैयार किए गए व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से मडुवा (रागी) के आटे का लड्डू, पुआ, महुआ का रोटी, हलुआ, लेटो, रेडी टू ईट पैकेट का नीमकी, लड्डू, ठेकुआ, कचरी, छिलका, सखुआ फूल का ठेकुआ,ड्राई फ्राई, सहजन का पकोड़ा, मूचरी साग का पकोड़ा, सुनसुनिया साग का नमकीन पुआ इत्यादि सैकड़ों व्यंजन प्रदर्शित किए गए। व्यंजन प्रतियोगिता की निर्णायक टीम में प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, बल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा ग्रामीण अनीता,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, शंभू बड़ाइक क्षेत्रीय प्रबंधक चतरा समर कार्यक्रम ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं सहायिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय अनाज,फल एवं सब्जियों का उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

# आठ कराटे खिलाड़ी साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में होंगे शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के आठ कराटे खिलाड़ी झारखंड के गिरिडीह में आयोजित प्रथम साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फुनाकोशी शोतो-कॉन कराटे ऑर्गनाइजेशन इंडिया के तत्वावधान में 18, 19 एवं 20 अप्रैल को गिरिडीह टाउन हॉल में आयोजित हो रही है।

प्रतियोगिता में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, वर्मा, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों के कराटे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पलामू से चयनित खिलाड़ियों में संत मरियम विद्यालय के रौनक कुमार, अनिकेत कुमार और युवराज कोरवा शामिल हैं। इसके अलावा मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स टाइगर्स एकेडमी, पलामू की आकांक्षा कुमारी, मिरा मखारिया, लाडली कुमारी, संध्या कुमारी और डोली कुमारी भी प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगी। टीम का नेतृत्व मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार कर रहे हैं, जबकि दीपक कुमार और गोल्डी कुमारी को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। टीम गिरिडीह के लिए रवाना हो चुकी है।

## दाता पीर बख्श रहमतुल्लाह के सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली 10 मई को

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला-हैदरनगर मुख्य पथ स्थित हजरत दाता पीर बख्श शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स पाक 10 मई को होगा। इस आशय की जानकारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां ने दी। उन्होंने बताया कि उर्स को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य इसमें जुट गए हैं। मजार शरीफ का रंग रोगन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उर्स के मौके पर कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। कव्वाली कार्यक्रम हैदरनगर के बल्डीहरी गांव निवासी सेठ इब्राहीम के सौजन्य से होगा। सेठ इब्राहिम मुंबई से हुसैनाबाद जल्द ही पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेठ इब्राहिम के हुसैनाबाद स्थित आवास पर कार्यक्रम को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई है। इसमें सुरक्षा समेत सभी कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मामले में प्रशिक्षु आइपीएस एस मोहम्मद याकूब ,एसडीओ गौरांग महतो व स्थानीय थाना प्रभारी को भी अवगत कराया जाएगा। कमेटी के सचिव आरजू खां ने बताया कि कार्यक्रम के लिए महशूर कव्वाला रौनक परवीन व मशहूर टीवी आर्टिस्ट कव्वाल बाबू गुलाम साबरी 10 मई को हुसैनाबाद पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि दोनो कलाकारों के साथ कमेटी ने एकरारनामा भी कर लिया है। कार्यक्रम को लेकर सदस्यों व आम लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने बताया की कार्यक्रम में कौन कौन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि होंगे, यह निर्णय कमेटी की अगली बैठक में लिया जाएगा।

## पीने का पानी नहीं लेने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ व बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**रंका।** प्रखंड के खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला के जल सहिया व उनके पति द्वारा पीने की पानी नहीं भरने देने पर ग्रामीण अनुमंडल व प्रखंड कार्यालय पर रोष व्यक्त किया। खरडीह पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण महिला प्रखंड कार्यालय व अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला के समाज सेवी इंद्रदेव राम ने बताया कि खरडीहा पंचायत के आंबेडकर टोला में पीने के पानी का गहरा समस्या है। सरकार द्वारा एक बोर व जलमीनार लगाया गया था। वह जलमीनार व पानी की आपूर्ति से पूरे आंबेडकर टोला के लोग लाभांवित होते थे। जल सहिया शोभा देवी वउनके पति मनोज राम द्वारा ग्रामीणों को पीने की पानी नहीं लेने दिया जा रहा है। इससे पिछले दिनों भी 14 अप्रैल को लड़ाई हुई थी। जिसमें शिवराम व उनके चाचा मारपीट में घायल हुए थे। उसके बावजूद भी दबंगई दिखाते हुए गांव के किसी ग्रामीण को पीने की पानी नल से नहीं लेने दिया जा रहा है। अनुमंडल व प्रखंड कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी व बीडीओ के उपस्थित नहीं रहने पर प्रखंड कार्यालय में बड़ा बाबू व अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल कर्मी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी बोर, सरकारी सोलर, सरकारी सबमर्सिबल जब सरकार की सारी संपत्ति लगी है तो एक ही व्यक्ति क्यों उसका लाभ ले रहे है। जांच उन दोनों पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाए। मौके पर इंद्रदेव राम, शिवराम, पंकज भारती, अरविंद कुमार, सीताराम, मुनीराम, रविंद्र कुमार, प्रेम राम, सीता राम, सरवन राम,अजय राम, पंकज कुमार, चंदन कुमार, राम प्रसाद राम, विनोद राम,पूजा कुमारी, संजू देवी, आरती कुमारी, शीतल कुमारी, उर्मिला देवी, सोनमती देवी, सीता देवी, कमला देवी, कविता देवी, अनीशा देवी, पुनीता कुमारी, चंद्रावती देवी, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, आदि सैकड़ो महिला एवं पुरुष इस न्याय के लेकर उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**मेराल।** अंचल अधिकारी जसवंत नायक ने गुप्त सूचना के आधार पर अकलवानी गांव से दो ट्रैक्टर जब्त कर मेराल थाना को सौंप दिया है। उनके द्वारा दोनों ट्रैक्टर पर एफआईआर दर्ज करा दिया गया है। थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार अकलवानी गांव के ग्रामीणों ने सूचना दिया कि सरस्वतीया नदी से अवैध रूप से बालू उठाकर डंप किया जा रहा है। सीओ ने सूचना पर पुलिस बल के साथ अकालवानी गांव पहुंचे। उन्होंने पाया कि अवैध रूप से श्रवण दुबे के घर सामने दो ट्रैक्टर से बालू का डंप किया जा रहा था।

# चचेरे साले की शादी में ससुराल गए युवक की फंदे पर लटका मिला शव

◀◀ **परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**



**चैनपुर।** चचेरे साले की शादी में ससुराल गए एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला। ससुराल से 500 मीटर दूर उसकी डेड बॉडी देखी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच डेड बॉडी को कब्जे में लेकर एमएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। शनिवार सुबह 9 बजे डेड बॉडी का दाह संस्कार किया गया। यह मामला पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाजार स्थित कुसुम टोला का है। युवक की पहचान वहां के रहने वाले 25 साल के मंटू भुइयां पिता रामवृक्ष भुइयां के रूप में हुई है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी, मां समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह लगातार बेहोश हो रही हैं। मंटू की मां हिरोइया देवी, भाई चंदन कुमार ने मृतक के सास और साले पर मारपीट कर फांसी के फंदे पर लटका देने का आरोप लगाया है। रामगढ़ के थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह का कहना है कि डेड बॉडी का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। रिर्पोट आने के बाद स्पष्ट होगा कि मौत का कारण क्या था? ऐसे परिजनों द्वारा लिखित आवेदन देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण ने पेंशन बढ़ाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** पंडवा प्रखंड के लोहड़ा पंचायत निवासी बलराम विश्वकर्मा ने पेंशन बढ़ाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार 25 सौ रुपये पेंशन दे रही है, लेकिन वह और अन्य पुराने पेंशनधारियों को केवल एक हजार रुपये पेंशन प्राप्त करते हैं। महंगाई के इस दौर में एक हजार रुपये से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। बलराम विश्वकर्मा ने कहा कि पेंशनधारियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए सरकार को एक टॉल-फ्री नंबर जारी करना चाहिए, जिससे पेंशनधारी चौबीस घंटे और सातों दिन सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने सरकार से पेंशन बढ़ाकर 25 सौ रुपये करने की मांग की ताकि पेंशनधारियों की जिंदगी में कुछ सुधार हो सके।

# महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों को लेकर गांधी पार्क में मातृत्व संघ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और शोषण के खिलाफ संघर्ष के मुद्दों को लेकर शनिवार को गांधी पार्क, मेदिनीनगर में मातृत्व संघ के बैनर तले एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व धनबाद से आई मातृत्व संघ की संस्थापक पूजा रत्नाकर और पलामू जिलाध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने किया।



अत्याचार, दुष्कर्म व शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से जुटीं महिलाएं

पूजा रत्नाकर ने अपने संबोधन में कहा कि हर महिला में शक्ति निहित है और उसे अपनी सुरक्षा के लिए केवल सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और साहसपूर्वक अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया।

शर्मिला वर्मा ने कहा कि मातृत्व संघ का गठन ही उन महिलाओं के लिए किया गया है जो संकट में हैं और जिन्हें मार्गदर्शन व सहयोग की जरूरत है। 'हर महिला शक्ति स्वरूपा है, उसे बस अपनी क्षमता पहचानने की जरूरत है,' उन्होंने कहा। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी स्नेहा ओझा ने महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग देने पर जोर दिया ताकि वे स्वयं की रक्षा कर सकें। वहीं, सचिव फराह नाज ने कहा कि समाज में कई महिलाएं सामाजिक दबाव के कारण अपनी पीड़ा नहीं साझा कर पातीं, लेकिन मातृत्व संघ उन्हें एक खुला मंच देता है।

बैठक में संध्या अग्रवाल, ज्योति सिन्हा, रेशमा प्रवीण, सुषमा देवी, अधिवक्ता वंदना कुमारी समेत कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में जिलाध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने कहा कि मातृत्व संघ का जिला स्तर पर विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं तक मदद पहुंच सके और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

**अनदेखी** | सिंचाई विभाग खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण का भेजा गया प्रस्ताव

# स्टेडियम निर्माण का सपना 4 साल बाद भी पूरा नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण का सपना 4 साल बाद भी पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। इसके निर्माण का प्रस्ताव उपायुक्त के स्तर से सरकार के संयुक्त सचिव पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद, युवा कार्य विभाग को भूमि विवरणी सहित 5 मार्च 2022 को पत्रांक के माध्यम से प्रसंगाधीन पत्रांक के आलोक में समर्पित किया गया है। ऐसी स्थिति में भी स्टेडियम निर्माण के प्रति नाउम्मीदी को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में निराशा व्याप्त हो गया है।

### 2.63 एकड़ में फैले मैदान में स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव

बताया जाता है कि सिंचाई विभाग के खेल मैदान (खाता 520 और प्लॉट संख्या 1286 में रकबा 2.63 एकड़) समतल रूप में फैला हुआ है। जिसका राज्य सरकार के पोटो हो खेल मैदान योजना के तहत भी रखरखाव किया गया है। वैसे, इस खेल मैदान की खेलकूद को लेकर सदा से अलग पहचान रही है। नदियों और जंगलों-पहाड़ों के मध्य स्थित यह खेल मैदान आबोहवा के लिहाज से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल बताया जाता है। यही वजह है कि खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास और सेना व पुलिस बहाली के लिए दौड़ लगाने को लेकर यह खेल मैदान सदैव गुलजार रहता है। इसके साथ ही क्रिकेट खासकर, फुटबॉल के बड़े टूनार्मेंट को लेकर आयोजकों, खिलाड़ियों और दर्शकों का पसंदीदा मैदान है। एक दशक से भी अधिक समय से इस मैदान पर सद्भावना कप फुटबॉल टूनार्मेंट होता रहा है। एक साल अंतर जिला महिला फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आयोजन किया गया था। लोग बताते हैं कि जिले के गिने-चुने खेल मैदानों में इसकी गिनती की जाती है। सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी उपयोग में लाया जाता है। हाल में इसके एक किनारे पर डीएमएफटी के तहत ओपेन जिम भी बनाया गया है। इसी मैदान के एक तरफ थाना और दूसरे तरफ प्रखंड मुख्यालय के अवस्थित होने की स्थिति में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी यह मैदान अनुकूल है। ऐसे में लोगों ने इस मैदान पर स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव को धरातल पर उतारना जरूरी बताया है।

## बिजली समस्या को लेकर विधायक ने की अधिकारियो के साथ बैठक

**हुसैनाबाद।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव व एसडीएम गौरांग महतो ने अधिक्षण अभियंता विधुत विभाग पलामू,संतोष कुमार,सहायक विद्युत अभियंता छतरपुर गुणवंत कुमार,सहायक विद्युत अभियंता हुसैनाबाद रामप्रसाद महतो के साथ बैठक किया,जिसमें क्षेत्र में बिजली वितरण से लेकर विद्युतीकरण योजना कार्यो की समीक्षा किया गया,जिसमे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जर्जर हालत में तार व पॉल को बदलने,लोड सीडिंग की बंटवारा, जर्जर ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदले ,विद्युतीकरण योजना द्वारा चल रही कार्यो की प्रगति रिपोर्ट आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक ने सख्त लहजे में अधिकारियों को निर्देश दिया कि काम मे तेजी लाइये टारगेट बनाकर काम कीजिये, खेती किसानी से पूर्व किसी भी हाल में ग्रामीण क्षेत्रों में काम दुरस्त चाहिए एवं शहरी क्षेत्रों दुर्घनाग्रस्त जर्जर तार पॉल को जल्द बदलें।

## पेज एक के शेष

### वायुसेना का कौशल...

आसमान में अलग-अलग आकृतियां बनाईं। इसके अलावा, विमान उलटी उड़ान भरते भी नजर आए। टीम के पायलट, भारतीय वायुसेना के बेहतरीन फाइटर पायलट हैं। टीम ने छह महीने कठिन परिश्रम कर अपनी तैयारी पूरी की हैं। नामकुम के आर्मी ग्राउंड में एयर शो को देखने के लिए लगभग एक लाख की संख्या में लोग पहुंचे थे। इनमें स्कूली बच्चे, युवा, परिवार सहित सेवानिवृत्त और मौजूदा सैन्यकर्मी भी शामिल थे। बुंडू प्रखंड के अमनबुरु गांव से पीवीटीजी परिवार भी भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज करतब को देखने के लिए पहुंचा था। रांची उपायुक्त के निर्देश पर उनके आवागमन की व्यवस्था की गई थी। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राएं भी एयर शो में भारतीय वायुसेना का कौशल देखा। एयर शो के पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस एयर शो में आम लोगों के लिए एंट्री फ्री थी। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर दर्शकों को खाने-पीने की चीजें, बैग्स या ड्रोन लाने की अनुमति नहीं थी। साथ ही, एयर शो के दौरान पूरे क्षेत्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# 'गगनयान' मिशन के लिहाज से शुभांशु शुक्ला की आईएसएस यात्रा महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अगले महीने एक निजी कंपनी के मिशन में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले हैं। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। इसरो 'गगनयान' मिशन पर तेजी से काम कर रहा है। लेकिन, यह भी एक सच्चाई है कि इस मिशन के लिए चुने गए सभी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में जाने का यह पहला अनुभव होगा। इसरो ने जिन अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया है, उनके प्रशिक्षण के तीन में से दो सत्र पूरे हो चुके हैं। साथ ही साथ, अंतरिक्षयान और विभिन्न मॉड्यूलों का परीक्षण भी प्रगति पर है। वायुसेना के विशेषज्ञ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी 'गगनयान' के लिए चुने गए संभावित अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हैं और अंतिम सूची में उनके स्थान पाने की प्रबल संभावना है। इस बीच, इसरो ने एक निजी कंपनी एग्जिऑम स्पेस के एएक्स-4 मिशन के लिए शुभांशु शुक्ला को भेजने का फैसला किया है। तय कार्यक्रम के अनुसार, यह मिशन मई 2025 में आईएसएस के लिए रवाना होगा। इसका रणनीतिक महत्व इसलिए है कि जब इसरो का मिशन गगनयान अंतरिक्ष की यात्रा पर रवाना होगा, उस समय टीम में कम से कम एक सदस्य ऐसा होगा, जिसे अंतरिक्ष यात्रा का और खासकर आईएसएस से धरती के वातावरण में आकर समुद्र में लैंडिंग का, पहले से अनुभव होगा। वह इस मिशन में पायलट की भूमिका में होंगे। मिशन के 14 दिन तक आईएसएस के साथ जुड़े रहने का कार्यक्रम है।



## राकेश शर्मा के बाद एक और भारतीय की ऐतिहासिक उड़ान

इसरो ने एएक्स-4 मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को शामिल करने के बदले निजी कंपनी के मिशन को आर्थिक मदद भी प्रदान की है। यह दिखाता है कि उनका अनुभव गगनयान मिशन के लिए कितना अहम है। वह अपने साथ स्पेसफ्लाइट ऑपरेशन, लॉन्च प्रोटोकॉल, बेहद कम या नगण्य गुरुत्वाकर्षण के साथ अनुकूलन और इमरजेंसी की तैयारी जैसे अनुभव लेकर लौटेंगे। शुभांशु शुक्ला आईएसएस पर जाने वाले पहले और 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे, जो तत्कालीन सोवियत संघ के सोयूज अंतरिक्ष यान में गए थे। हालांकि, इस बीच भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए आईएसएस की यात्रा कर चुकी हैं। इसरो ने बताया कि वह मई से जुलाई के दौरान टेस्ट व्हीकल-डी2 का परीक्षण करेगा। यह गगनयान क्रू के लिए इस्केप सिस्टम का परीक्षण है, जिसमें समुद्र से क्रू मॉड्यूल की रिकवरी भी शामिल है।

## यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 80



**सना (आईएएनएस)।** यमन के ईंधन बंदरगाह रास ईसा पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई। वहीं 150 अन्य लोग घायल हुए। यह जानकारी हूती संचालित स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को दी। ये हमले गुरुवार रात को हुए, जिनमें बंदरगाह और आयातित ईंधन के भंडारण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई कंक्रीट टैंकों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पीड़ित बंदरगाह के कर्मचारी हैं, जिनमें पांच पैरामेडिक्स भी शामिल हैं। रास ईसा बंदरगाह यमन के लाल सागर के पास होदेदाह शहर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यह हूती ग्रुप के कब्जे वाले क्षेत्रों में ईंधन के आयात का मुख्य स्रोत है। 2014 के अंत में सरकार के खिलाफ गृह युद्ध शुरू करने वाले हूती विद्रोहियों का उत्तरी यमन के बड़े हिस्सों पर नियंत्रण है।

# बांग्लादेश में हिन्दू नेता की पीट-पीट कर हत्या

**ढाका (हि.स.)**

बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या क्रम थम नहीं रहा है। अब हन्दू समुदाय के प्रमुख नेता और बांग्लादेश पूजा उडजापान परिषद के उपाध्यक्ष भाबेश चंद्र राय की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इसे लेकर बांग्लादेश के हिन्दू समुदाय में रोष और भय का माहौल है। उत्तरी बांग्लादेश के दिनाजपुर में प्रमुख हिन्दू नेता भाबेश चंद्र राय परिवार के साथ रहते थे। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार की करीब शाम पांच बजे का समय रहा होगा। तभी अपराधियों ने राय को फोन किया। उन्होंने घर पर ही होने के बारे में बताया। 30 मिनट बाद ही चार लोग दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए। भावेश को घर से उठा ले गए।

## हत्या की भारत ने की निंदा, कहा - अपनी जिम्मेदारी निभाए यूनुस सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने इसे देश की अंतरिम सरकार के तहत अल्पसंख्यकों के 'व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न' का हिस्सा बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ लक्षित हिंसा की खतरनाक ट्रेंड को दर्शाती है। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को व्यथित रूप से देखा। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न का अनुसरण करती है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

# करना था ऑपरेशन बाईं आंख का दाईं में पट्टी बांधकर घर भेज दिया

## आयुष्मान योजना में इस तरह होने की शिकायत पर जांच

- शिकायत दर्ज कराने पर अस्पताल के चिकित्सक ने ग्लूकोमा का हवाला देकर ऑपरेशन की बात कही थी
- अस्पताल के एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाते हैं

**संवाददाता**

**लखनऊ।** आयुष्मान योजना के नाम पर कई जगह गजब ही हो रहा है। बलिया में आयुष्मान कार्ड धारक ने शिकायत दर्ज कराई है कि बाईं आंख में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए वह आंखों के अस्पताल में भर्ती हुआ। लेकिन वहां दाईं आंख में पट्टी बांधकर घर भेज दिया गया । इस पर सीएमओ ने जांच के आदेश दिए हैं। आयुष्मान योजना के तहत मोतियाबिंद के ऑपरेशन में इस तरह की धोखाधड़ी की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच कर रही है। इसी तरह की अन्य शिकायतें आने पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के प्रबंधक से जवाब-तलब किया था। इसके बाद 4 अप्रैल को मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई थी।

बलिया जिले में 907631 आयुष्मान कार्ड धारक हैं। सितंबर 2018 से मार्च 2024 तक 46252 मरीजों का आयुष्मान योजना के तहत इलाज हुआ। संबंधित आंखों के अस्पताल में अकेले 26803 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन किए गए हैं। लालगंज निवासी तेजनारायण सिंह ने सीएमओ बलिया से मार्च के अंतिम सप्ताह में शिकायत की थी कि शहर के आंखों के एक अस्पताल में बायीं आंख में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए भर्ती हुआ था। आरोप है कि शाम को दूसरी आंख पर पट्टी बांधकर और अगली सुबह दवा डाल कर घर भेज दिया गया। इस तरह की शिकायत कई आयुष्मान कार्ड धारकों ने भी मौखिक रूप से दर्ज कराई है। दूसरे मरीजों के अनुसार, शिकायत दर्ज कराने पर अस्पताल के चिकित्सक ने ग्लूकोमा का हवाला देकर ऑपरेशन की बात कही थी। तेज नारायण सिंह व अन्य मरीजों ने आरोप लगाया कि इस अस्पताल के एजेंट ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाते हैं। आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क ऑपरेशन का झांसा देकर खुद के वाहन से अस्पताल लाते हैं। इस शिकायत पर तत्कालीन प्रभारी सीएमओ डॉ. विजय यादव ने अस्पताल के प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम में जिला आयुष्मान प्रभारी अनुपम सिंह व जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र कुमार शामिल हैं। इस बारे में संबंधित अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन, सीएमओ, कह रहे हैं कि मरीज की शिकायत पर गठित टीम मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच रिपोर्ट आने पर शासन को अवगत कराने के साथ ही दोषी मिलने पर अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई होगी।इसी तरह से झारखंड में आयुष्मान भारत योजना से बिना इलाज के फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान करवाने के मामले में चार अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 15 सदस्यीय तीन टीमों ने खेजुरी बाजार स्थित मकान और दुकान पर छापा मार कर पत्रावलियों को ले गई थी।



*इसी तरह झारखंड में आयुष्मान भारत योजना से बिना इलाज के फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान करवाने के मामले में चार अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 15 सदस्यीय तीन टीमों ने खेजुरी बाजार स्थित मकान और दुकान पर छापा मार कर पत्रावलियों को ले गई थी।*

# शिकागो व यूरोपीय शहरों की तर्ज पर बुलंदशहर व दादरी क्षेत्र के 80 गांवों को मिलाकर 'नया नोएडा' नाम से नया शहर बसाने की तैयारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे नोएडा से पूरब तरफ 80 गांवों को नोएडा' नाम से नया शहर बसाने की योजना बन गई है। अगले माह मई से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।इस परियोजना की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को सौंपी गई है। मुआवजे की दरें तय करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही लेआउट प्लान तैयार किया जाएगा। 'नया नोएडा' एनसीआर के बुलंदशहर व दादरी क्षेत्र के 80 गांवों की जमीन पर विकसित किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में शासन ने इस परियोजना के लिए मास्टर प्लान-2041 को मंजूरी दी थी। दस्तावेजों में इसे दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन नाम दिया गया है।

यह नया शहर 209.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला होगा। जो करीब 20,911.29 हेक्टेयर जमीन पर विकसित किया जाएगा। अधिग्रहण के लिए जिन 80 गांवों की जमीन चिन्हित की गई है। उन्हें पहले ही नोटिफाई किया जा चुका है। इस मास्टर प्लान को चार चरणों में लागू किया जाएगा। इसका खाका दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर ने तैयार किया है। 'नया नोएडा' पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का प्रमुख इंजन बनने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। नोएडा प्राधिकरण प्राधिकरण ने 'नया नोएडा' बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मास्टर प्लान-2041 को अंतिम रूप दे दिया है। यह मास्टर प्लान प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड बैठक में पेश किया गया था। सितंबर 2023 में इस पर सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। जिसके बाद 12 जनवरी 2024 को इसे शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस योजना को चार चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में साल 2027 तक 3165 हेक्टेयर भूमि का विकास किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में 2027 से 2032 के बीच 3798 हेक्टेयर, तीसरे चरण में 2032 से 2037 तक 5908 हेक्टेयर और अंतिम चरण में 2037 से 2041 तक 8230 हेक्टेयर भूमि विकसित की जाएगी।नए शहर के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी अलग-अलग मॉडल पर आधारित है। अधिकतर भूमि का अधिग्रहण धारा-4 और धारा-6 के तहत जिला प्रशासन के माध्यम से होगा। वहीं कुछ स्थानों पर किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन ली जाएगी। नोएडा प्राधिकरण यह भी विचार कर रहा है कि नया शहर बसाने में गुरुग्राम मॉडल अपनाया जाए। जिसमें डेवलपर्स को सीधा लाइसेंस देकर भूमि अधिग्रहण की अनुमति दी गई थी। इस मॉडल के तहत बाहरी विकास नोएडा प्राधिकरण द्वारा और आंतरिक विकास डेवलपर्स द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि अभी प्राथमिकता किसानों की सहमति से ही जमीन लेने की है।

नए नोएडा के लिए भूमि अधिग्रहण और बुनियादी ढांचे के आंतरिक विकास हेतु नोएडा प्राधिकरण ने 1000 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस राशि का उपयोग भूमि अधिग्रहण के दौरान किया जाएगा। बजट को हाल ही में हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि 29 अगस्त 2017 को शासन ने 'दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन' के रूप में एक विशेष निवेश क्षेत्र अधिसूचित किया था। शुरुआत में इसे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सौंपा गया था, लेकिन 29 जनवरी 2021 को इसे नोएडा प्राधिकरण को स्थानांतरित कर दिया गया।पूरे शहर को एक साथ बसाने की बजाय, इसे चार अलग-अलग जोन में बांटकर चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। मास्टर प्लान को दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर द्वारा तैयार किया गया है। जो शिकागो और यूरोपीय शहरों की तर्ज पर आधारित है। नया नोएडा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और शहरी विकास के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगा। इसके प्रथम चरण में 3165 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य साल 2027 तक पूरा किया जाना है। जबकि दूसरे चरण में साल 2032 तक 3798 हेक्टेयर भूमि का विकास कार्य पूरा किया जाएगा। तीसरे चरण में साल 2037 तक 5908 हेक्टेयर भूमि के विकास के साथ चौथे और अंतिम चरण में साल 2041 तक 8230 हेक्टेयर भूमि का विकास करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मई से जमीन खरीद

- नया शहर 209.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला होगा
- भूमि अधिग्रहण के लिए 1000 करोड़ रु का बजट मंजूर
- यह शहर बसाने में गुरुग्राम मॉडल अपनाया जाएगा

**20,911.29** हेक्टेयर जमीन पर विकसित किया जाएगा

**3165** हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य साल 2027 तक पूरा किया जाना है

**जिसमें डेवलपर्स को सीधा लाइसेंस देकर भूमि अधिग्रहण की अनुमति दी गई थी, इस मॉडल के तहत बाहरी विकास नोएडा प्राधिकरण द्वारा , आंतरिक विकास डेवलपर्स द्वारा किया जाएगा**

## ईरान ने की यमन के तेल बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने यमन के तेल बंदरगाह रास ईसा पर अमेरिका के घातक हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। बाघेई ने गुरुवार को यमन के बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में यह टिप्पणी की।

# सरकार ने चीन के कम गुणवत्ता वाले सामान पर नया नियम लागू किया

**ब्यूरो**

- नुकसान होने लगा भारतीय कंपनियों को
- एल्युमीनियम, स्टील , तांबे , खास धातु व प्लास्टिक जैसी चीजें पर क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू किया है
- इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने सरकार को लिखा है - क्यूसीओ लागू होने से सामान मिलना बंद हो सकता है , उत्पादन रुक सकता है

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आ रहे कम गुणवत्ता वाले सामान व सस्ते आयात से ग्राहकों को बचाने के लिए कुछ नए नियम बनाए , लेकिन इससे उल्टे लाभ के बजाय भारतीय कंपनियों को ही नुकसान होने लगा है। सरकार के इस कदम से इलेक्ट्रॉनिक उद्योग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकार ने एल्युमीनियम, स्टील व तांबे जैसी चीजें पर क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू कर दिया है। इससे ऑटोमोबाइल और बिजली के उपकरण बनाने वाली कंपनियों को भी दिक्कत हो रही है। कुछ खास तरह की धातुओं और प्लास्टिक पर भी क्यूसीओ लागू हो गया है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में होता है। इससे कंपनियों की परेशानी बढ़ गई है। उनका कहना है कि इससे भारत दूसरे देशों के मुकाबले पिछड़ सकता है। इस बारे में एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के अधिकारी ने कहा कि सामान दुनिया भर से आता है, जिसमें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल हैं। जब तांबा या एल्यूमीनियम जैसी चीजों पर क्यूसीओ लागू होता है, तो इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को भी नुकसान होता है। इससे सामान मिलने में दिक्कत होती है। कंपनियों का कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक सामान पहले से ही अनिवार्य पंजीकरण आदेश स्कीम II के तहत आते हैं। उनकी जांच और सर्टिफिकेशन होता है। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान को क्यूसीओ से छूट मिलनी चाहिए। इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री का कहना है कि क्यूसीओ उन चीजों के लिए जरूरी है जिनका इस्तेमाल ज्यादा होता है और जिनमें ज्यादा रिफाइनमेंट की जरूरत नहीं होती। इनमें एल्यूमीनियम और स्टील शामिल है। इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने के लिए बहुत अच्छी क्वालिटी के कच्चे माल की जरूरत होती है। ये चीजें खास होती हैं और तकनीकी रूप से जटिल होती हैं। भारत में अभी ऐसी चीजों की भरोसेमंद सप्लाई नहीं है। दरअसल, क्यूसीओ भारत में इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि चीन व अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव चल रहा है। भारत को डर है कि कहीं चीन अपना सस्ता सामान भारत में न भेज दे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि क्यूसीओ के दायरे में आने वाली कई चीजें मोबाइल फोन व दूसरे गैजेट बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। ये गैजेट भारत में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चीजों को अच्छी क्वालिटी के लिए आयात करना पड़ता है। ये भारत में बनने वाले सामान की क्वालिटी बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। लेकिन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन ने सरकार को लिखा है कि क्यूसीओ लागू होने से सामान मिलना बंद हो सकता है और उत्पादन रुक सकता है। उसका कहना है कि सरकार के कदम से सप्लाई चेन बिगड़ जाएगी, उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा और भारत में बने सामान को ग्लोबल वैल्यू चेन में शामिल करने में दिक्कत होगी। आईसीईए ने इलेक्ट्रॉनिक सामान के लिए छूट मांगी है। इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि इन चीजों का आयात खास मकसद के लिए होता है और इनकी मात्रा उन चीजों के मुकाबले बहुत कम होती है, जिन पर क्यूसीओ लागू है।

